RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 278
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फड़णवीस महाराष्ट्र विधान परिषद में सदन के नेता नियुक्त
राष्ट्रीय-9


# भाजपा ने गडकरी, शिवराज को संसदीय बोर्ड से हटाया


- येदियुरप्पा, इकबाल सिंह लालपुरा समेत छह नए सदस्य नव गठित बोर्ड में शामिल
- केंद्रीय चुनाव समिति का भी पुनर्गठन, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मिली जगह


भूपेंद्र यादव


सर्बानंद सोनोवाल


बीएस येदियुरप्पा


शिवराज सिंह चौहान


नितिन गडकरी

**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने अपनी सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई संसदीय बोर्ड में बुधवार को बड़ा फेरबदल किया है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं पार्टी की ओर से सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान को संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया है। साथ ही कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रभावी लिंगायत नेता 79 वर्षीय बीएस येदियुरप्पा, पूर्व आईपीएस अधिकारी पंजाब के इकबाल सिंह लालपुरा समेत छह नए सदस्य नव गठित बोर्ड में शामिल किए गए हैं।

वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले गडकरी और चौहान का संसदीय बोर्ड से बाहर होना भाजपा में 2014 से लागू पीढ़ीगत परिवर्तन नीति को जारी रखने का संकेत देता है। हालांकि 79 वर्षीय येदियुरप्पा को इसमें शामिल किया जाना निश्चित रूप से इस नीति के उलट फैसला है। हो सकता है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक जरूरत को ध्यान में रखकर उन्हें लिया गया हो। मालूम हो कि भाजपा ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं को बोर्ड के सदस्य नहीं रहने के बाद समायोजित करने के लिए नई इकाई मार्गदर्शक मंडल का गठन किया है। पिछले दिनों 'कभी-कभी मैं राजनीति छोड़ने के बारे में सोचता हूं' और 'राजनीति अब केवल सत्ता के लिए रह गई है' जैसे गडकरी के बयानों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी। तीन बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव का सामना करेंगे। यह पहली बार है जब जेपी नड्डा के नेतृत्व में संसदीय बोर्ड में फेरबदल किया गया है। उन्होंने 2020 में पार्टी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। अपने सर्वोच्च नीति निर्धारक निकाय में भाजपा ने अधिक से अधिक क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। इसी के तहत पार्टी ने आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यकों का ख्याल रखा है।

असम के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल (आदिवासी), हरियाणा की पूर्व लोकसभा सांसद सुधा यादव (पिछड़ा वर्ग) और मध्य प्रदेश से पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया (एससी) एवं अल्पसंख्यक समुदाय से पंजाब के इकबाल सिंह लालपुरा को संसदीय बोर्ड में जगह दी गई है। लालपुरा को 2021 में दूसरी बार अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। लालपुरा ऐसे अधिकारी रहे हैं जो सिख चरमपंथी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले को गिरफ्तार करने के लिए चुनी गई टीम में शामिल थे। यही नहीं, उन्होंने हाल ही में पंजाब में प्रदर्शन कर रहे किसानों से भाजपा की ओर से बातचीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पार्टी के शीर्ष निकाय में उनका चयन आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आप शासित पंजाब में अपने आधार का विस्तार करने के प्रयासों को इंगित कर रहा है। संसदीय बोर्ड में एक और महत्वपूर्ण सदस्य हैदराबाद के रहने वाले राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण हैं। तेलंगाना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण वर्तमान में पार्टी के पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन हैं। उनका चयन भाजपा का तेलंगाना में पैर मजबूत करने के उद्देश्य से हुआ है, जहां दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी प्रकार येदियुरप्पा को भी कर्नाटक में पार्टी को मजबूत और एकजुट करने के लिए तरक्की दी गई है। यहां भी अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। वरिष्ठ नेता अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार की मौत होने एवं एम वेंकैया नायडू के उपराष्ट्रपति बनने तथा थावरचंद गहलौत के कर्नाटक के राज्यपाल बनाए जाने से पूर्व के संसदीय बोर्ड में पांच पद खाली हुए थे।

नवगठित संसदीय बोर्ड में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राजनाथ सिंह, अमित शाह, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, बीएल संतोष (सचिव) समेत कुल 11 सदस्य हैं। भाजपा संविधान के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष के अलावा 10 अन्य संसदीय बोर्ड के सदस्य हो सकते हैं। पार्टी का अध्यक्ष संसदीय बोर्ड का भी अध्यक्ष होता है। अन्य 10 सदस्यों में संसद में पार्टी के नेता को शामिल किया जाना जरूरी है। पार्टी के महासचिवों में से एक को बोर्ड का सचिव मनोनीत किया जाता है। पार्टी ने चुनावी टिकटों के बंटवारे के लिहाज से सबसे अहम केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) का भी पुनर्गठन किया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव ओम माथुर को इसमें जगह दी गई है। सीईसी में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों के अलावा आठ अन्य सदस्य होते हैं। चूंकि गडकरी (65) और चौहान (63) संसदीय बोर्ड का सदस्य होने के नाते सीईसी के सदस्य थे, इसलिए पार्टी की इस महत्वपूर्ण इकाई (शेष पेज 8)

# रोहिंग्या मुसलमानों का ठिकाना नहीं बदलेगा


नई दिल्ली के कालिंदी कुंज क्षेत्र के एक शिविर में बैठा रोहिंग्या मुसलमान


- केंद्रीय शहरी विकास मंत्री पुरी ने किया था फ्लैट आवंटित करने का ऐलान, बाद में गृह मंत्रालय ने किया इनकार
- गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार को दिया निर्देश, रोहिंग्या जहां रह रहे, उसे डिटेंशन सेंटर घोषित करे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आपसी** समन्वय के अभाव के स्पष्ट मामले में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रोहिंग्या मुसलमानों को शरणार्थी का दर्जा देने के साथ ही उन्हें दिल्ली में रहने के लिए 1100 फ्लैट आवंटन के ऐलान करने के कुछ ही घंटों बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या को उनके देश भेजा जाना है।

रोहिंग्या मुसलमानों को आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के फ्लैटों में स्थानांतरित करने के किसी भी कदम से इनकार करते हुए गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अवैध विदेशियों को उनके देश वापस भेजे जाने तक डिटेंशन सेंटर में ही रखा जाए। गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार से यह भी कहा कि जहां रोहिंग्या रह रहे हैं, उनके रहने के उसी स्थान को डिटेंशन सेंटर घोषित किया जाए। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण केंद्रीय (शेष पेज 8)

## अवकाश सूचना



**जन्माष्टमी** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 18 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 20 अगस्त 2022 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,260 | ↑ | 417 | |
| निफ्टी | 17,944 | ↑ | 119 | |
| सोना | 52,340 | ↓ | 53 | /10g |
| चांदी | 57,957 | ↓ | 256 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रेलवे एक बार फिर होगा फेरीवालों से गुलजार

**नई दिल्ली।** रेल यात्रा के दौरान फेरीवालो से स्थानीय सामान खरीदने और क्षेत्रीय व्यंजनों का लुत्फ उठाने की पुरानी यादों को ताजा करते हुए स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने के अपने प्रयास के तहत भारतीय रेलवे अब फेरीवालों को ट्रेन में अपना माल बेचने की अनुमति देगा। रेलवे उन्हे स्टेशन और ट्रेन मे अपना माल बेचने के लिए सजावटी गाड़ियां और गुमटियां भी उपलब्ध कराएगा। इस साल केंद्रीय बजट मे घोषित एक स्टेशन एक उत्पाद नीति के तहत रेलवे का लक्ष्य प्रत्येक स्टेशन पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। पहले फेरीवाले रेलवे स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार होकर स्थानीय उत्पाद बेचते थे, जिनमें ज्यादातर खाने-पीने का सामान होता था।

### बच्चों के लिए टिकट बुकिंग नियमों में बदलाव नहीं: रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि ट्रेन से यात्रा करने वाले बच्चों के लिए टिकट बुकिंग के नियम में कोई बदलाव नही किया गया है। कुछ खबरों में दावा किया गया था कि एक से चार साल तक के बच्चों से अब वयस्क किराया वसूला जाएगा जिसके बाद रेलवे ने इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। रेल मंत्रालय के छह मार्च, 2020 के एक जारी सर्कूलर में कहा गया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चे मुफ्त मे यात्रा करेंगे। हालांकि, उस स्थिति में बच्चे के लिए एक अलग बर्थ या सीट उपलब्ध नही कराई जाएगी। सर्कुलर मे यह भी कहा गया था कि अगर यात्री को अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अलग से सीट या बर्थ की जरूरत है, तो उनसे वयस्कों वाला किराया लिया जाएगा।

# नागरिकों के हित में रूस से खरीदा सस्ता तेल: जयशंकर

- विदेश मंत्री ने भारत के फैसले का किया बचाव, कहा-हमारे देशवासी महंगा तेल नहीं खरीद सकते



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बैंकाक

**यूक्रेन** पर फरवरी में सैन्य हमले के बाद रूस से तेल खरीदने के भारत के निर्णय का बचाव करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि यह मेरा दायित्व और नैतिक कर्तव्य है कि मैं देश के लिए कम कीमतों पर सौदा करूं, क्योंकि देश के नागरिक उच्च कीमतों पर तेल नहीं खरीद सकते।

इस मुद्दे पर देश के पक्ष स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने फैसले पर रक्षात्मक नहीं बल्कि दूसरे देशों को अपने लोगों के प्रति दायित्व समझा रहा है। बैंकॉक में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा जयशंकर ने कहा कि जब आप लोगों के समक्ष खुले तौर पर ईमानदारी से अपना पक्ष रखते हैं तो लोग इसे स्वीकार कर लेते हैं। यह जरूरी नहीं कि वे हमेशा इसकी सराहना करें, बल्कि ऐसा होने पर आप बहुत चालाक दिखने की कोशिश नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जब आप अपने हितों को सीधे तौर पर रखते हैं तो मेरी समझ से दुनिया काफी हद तक इसे वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लेती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को 9वीं भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने (शेष पेज 8)

# पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में

- पिछले साल दिल्ली में प्रति एक लाख आबादी पर 106 लोगों की मौत इसी प्रदूषक के कारण हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के 20 में से 18 शहरों में वर्ष 2010 से 2019 के दौरान घातक सूक्ष्म कण प्रदूषकों या पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5) में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में हैं। जबकि दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले शहरों में दिल्ली का पीएम 2.5 उच्चतम औसत स्तर है। अमेरिका स्थित शोध संगठन हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआई) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल दिल्ली और कोलकाता में प्रति एक लाख आबादी पर क्रमश: 106 और 99 लोगों की मौत घातक प्रदूषक के कारण हुई है। रिपोर्ट का विश्लेषण करने वालों ने वर्ष 2010 से 2019 के बीच दुनिया भर के 7000 से अधिक शहरों से लिए आंकड़ों के उपयोग में दो सबसे हानिकारक प्रदूषकों फाइन पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) पर अपना ध्यान केंद्रित किया। पीएम 2.5 उन सूक्ष्म कणों (2.5 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले) को संदर्भित करता है जो मानव शरीर में प्रवेश करत है और फेफड़ों और सांस नली में सूजन का कारण बना है। इससे मनुष्य में कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली सहित हृदय और सांस संबंधी समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया कि भारत और इंडोनेशिया में पीएम2.5 प्रदूषण में सबसे अधिक बढ़ोतरी देखी गई है, वहीं चीन में सबसे बड़ा सुधार देखा गया है। विश्लेषण कर्ता के अनुसार दुनिया भर में पीएम2.5 में बढ़ोतरी वाले 50 शहरों में से 41 भारत में हैं और 9 इंडोनेशिया में हैं। दूसरी ओर, 2010 से 2019 के बीच पीएम2.5 प्रदूषण में सबसे ज्यादा कमी वाले 20 शहरों में सभी शहर चीन में स्थित हैं। एचईआई और इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज प्रोजेक्ट के संयोजन में स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर इनिशिएटिव द्वारा एयर क्वालिटी एंड हेल्थ इन सिटीज (शहरों में वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य) पर एक रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में, दिल्ली में 110 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता (कंसनट्रेशन) दर्ज किया गया जो विश्व के सर्वाधिक आबादी वाले शहरों में सबसे अधिक है, इसके बाद कोलकाता (84 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर) है। बुधवार को जारी 7,000 से अधिक शहरों के वायु प्रदूषण और वैश्विक स्वास्थ्य प्रभावों के व्यापक और विस्तृत विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में दिल्ली में पीएम 2.5 का उच्चतम औसत स्तर है।

# मनी लांड्रिंग केस में ईडी ने जैकलीन को आरोपी बनाया

- सुकेश चंद्रशेखर व अन्य से जुड़े करोडों रुपये के धनशोधन मामले में दाखिल किया आरोप पत्र



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अन्य से जुड़े करोड़ों रुपए के धनशोधन मामले में बुधवार को दाखिल आरोपपत्र में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को बतौर आरोपी नामजद किया है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी।

सूत्रों के अनुसार, संघीय जांच एजेंसी द्वारा दिल्ली में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में बुधवार को इस मामले में एक पूरक आरोप-पत्र या अभियोजन की शिकायत दाखिल की गई और इसमें अभिनेत्री को आरोपी बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि हालिया आरोपपत्र में केवल फर्नांडीज का नाम शामिल किया गया है। अदालत 31 अगस्त को आरोपपत्र का संज्ञान लेगी। इस मामले में 37 वर्षीय अभिनेत्री से एजेंसी ने कई बार पूछताछ की है और आखिरी बार जून में पूछताछ की गई थी।

श्रीलंकाई नागरिक फर्नांडीज ने 2009 में हिंदी फिल्म उद्योग में अपने करियर की शुरुआत की थी। ईडी ने अप्रैल में पीएमएलए के तहत उनकी 7.27 करोड़ रुपए की निधि अस्थाई तौर पर (शेष पेज 8)

# नीतीश कुमार को अपने नए कानून मंत्री पर आपराधिक केस की जानकारी नहीं

**भाषा।** पटना, नई दिल्ली

**बिहार** में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के विस्तार के एक दिन बाद बुधवार को विधि मंत्री बनाए गए राजद नेता कार्तिक सिंह के खिलाफ वारंट लंबित होने की खबरों को लेकर राज्य में विवाद छिड़ गया है। सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लंबित होने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने बिहार की नवगठित मंत्रिपरिषद में कार्तिक सिंह को शामिल किए जाने को लेकर बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि एक अभियुक्त को कानून मंत्री बनाकर उन्होंने संविधान का गला घोंटने की कोशिश की है। मोदी ने सिलसिलेवार किए गए ट्वीट में कहा कि जिस (शेष पेज 8)

# आईएएस अफसर के विरुद्ध गृह मंत्रालय से कार्रवाई की सिफारिश

- भ्रष्टाचार में घिरे एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को अनुचित लाभ देने के लिए 50 लाख की रिश्वत मामले में एलजी ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से सिफारिश की है। आरोप है कि आईएएस अधिकारी ने दिल्ली एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीएस मीणा के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मामलों में सजा में छूट के एवज में 50 लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार वर्ष 2007 बैच अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम एंड यूनियन टेरिटरीज (एजीएमयूटी) कैडर के अफसर उदित प्रकाश राय वर्तमान में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं। दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राय ने आय से अधिक संपत्ति के दो मामलों में कार्यकारी अभियंता पीएस मीणा को एक तरह से छोड़ दिया।

इनमें से एक मामला मीणा के बेटे से जुड़ा था और दूसरा उनकी पत्नी से संबंधित था। आधिकारिक ड्यूटी के दौरान कदाचार के लिए उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय को यह सिफारिश केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा (शेष पेज 8)

# नित नए कीर्तिमान गढ़ रही नोएडा की एक्वा लाइन मेट्रो

- 44 हजार, 500 यात्रियों ने सफर कर बनाया रिकॉर्ड, अब 50 हजार की बारी-प्रतिदिन एक लाख का है लक्ष्य
- एफओबी से जुड़ेंगे ब्लू और एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन

**रिंकू यादव।** नोएडा


प्रतीकात्मक चित्र

**नोएडा-ग्रेनो** के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो लाइन में सवारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब एक बार फिर पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए राइडरशिप के मामले में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एनएमआरसी ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को 44,556 राइडरशिप रही। एनएमआरसी की प्रवक्ता ने बताया कि अभी करीब 9 दिन पहले ही 8 अगस्त को 40,295 राइडरशिप रही थी। इससे पहले 19 सितंबर 2019 को अधिकतम 39.451 सवारियों ने इस लाइन पर सफर किया था।

ऐसे में अब एक्वा लाइन में सवारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जल्द ही राइडरशिप 50 हजार पार करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस साल जुलाई महीने में 32,202, जून में 30,366, मई 29,089, अप्रैल में 26,162 व मार्च में 23,266 औसतन राइडरशिप रही। इससे नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन का प्रबंधन व कर्मचारी काफी उत्साहित हैं। इस लाइन के 29.7 किलोमीटर के रूट के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर में एक लाख यात्रियों के प्रतिदिन सफर का अनुमान लगाया गया था, जिस लक्ष्य की ओर से एनएमआरसी प्रबंधन धीरे-धीरे बढ़ रहा है। एनएमआरसी प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि यात्रियों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी देने को एनएमआरसी की ओर से प्रयास किया जा रहा है। अभी यात्रियों की संख्या उतनी नहीं है कि स्टेशनों पर व्यावसायिक गतिविधियां पूरी क्षमता से शुरू की जाएं। हालांकि जल्द ही इस तरह की गतिविधियां शुरू की जाएंगी। अभी क्षेत्र हो रहे विकसित एक्वा लाइन मेट्रो कारिडोर पर कुल 21 स्टेशन हैं।

यहां नोएडा में सेक्टर-51 से सेक्टर-135 तक ज्यादा बसावट है। इसके अलावा 142 पर भी बसावट शुरू हो चुकी है, लेकिन इसके आगे नालेज पार्क-2 तक मेट्रो खाली है। यहां से यात्री नहीं मिल रहे हैं। इसलिए सेक्टर-142, 143, 145, 148 में राइडरशिप कम है, लेकिन यहां पर मेट्रो स्टेशन का निर्माण भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया है। एनएमआरसी और डीएमआरसी के टिकट के लिए कॉमन कार्ड पर काम चल रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा नहीं होगी। यात्रियों (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022



# सीयूईटी: आसान प्रश्न पत्र से छात्रों के खिले चेहरे

## सेक्टर-64 स्थित केंद्र में दो पालियों में हुआ पेपर, 22 को होगी अगली परीक्षा

- नोएडा में कुल 5400 छात्रों ने परीक्षा दी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) बुधवार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। सेक्टर-64 स्थित एनटीए सेंटर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां दो पालियों में परीक्षा हुई। इस दौरान किसी भी विद्यार्थी को प्रश्न पत्र हल करते समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

परीक्षा संपन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकलने छात्रों के चेहरे खिले हुए थे। दोनों पालियों में केंद्र में करीब 5400 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। अब 22 अगस्त को परीक्षा होगी।

बुधवार को पहली पाली में परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक हुई और दूसरी पाली में दोपहर दो से पांच बजे के बीच संपन्न हुई। कुल 54 सौ छात्रों ने परीक्षा दी।

बिना परेशानी के पेपर पूरा होने पर छात्रों ने राहत की सांस ली। परीक्षा केंद्र पर छात्र और अभिभावकों की भीड़ को देखते हुए केंद्र पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मामूरा टी.प्वाइंट से अंदर को जाने वाली रोड के सभी यू.टर्न को बंद किया गया।

एनटीए सेंटर के दोनों तरफकी सड़कों पर भी आवाजाही बंद रही। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षा को लेकर छात्रों की मिलीजुली प्रक्रिया रही। काफी छात्रों ने प्रश्न पत्र आसान बताया। बता दें कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दाखिला पाने के लिए अब मेरिट प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया है। एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर छात्रों को कॉलेजों में सीट मिलेगी। परीक्षा के लिए नोएडा में सेक्टर.64 एनटीए को केंद्र बनाया हुआ है। लेकिन बीते लगातार तीन बार से तकनीकी खराबी के चलते यह परीक्षा रद्द हो रही थी।

परीक्षा न होने के विरोध में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों व जिलों के छात्र हंगामा करते थे। सबसे पहले परीक्षा चार व पांच अगस्त को रद्द हुई। इसके बाद 12 अगस्त को भी परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। सर्वर डाउन होने के बार परीक्षा रद्द करनी पड़ रही थी।

प्रबंधन छात्रों को परीक्षा के लिए प्रवेश दे रहा है, लेकिन बायोमेट्रिक और ऑनलाइन पेपर में दिक्कत आने के चलते परीक्षा को बीच में ही रोक दिया जात था। स्क्रीन बार-बार हैंग होने के कारण छात्र परेशान थे।

## स्कूलों की मनमानी: समिति गठित करेगा शिक्षा विभाग

**नोएडा।** आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा के अधिकार के तहत आरक्षित सीटों पर दाखिला देने में नोएडा के 20 नामी स्कूलों की मनमानी को देखते हुए शिक्षा विभाग उप-प्रभागीय न्यायाधीश (एसडीएम) की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय समिति गठित करेगा। गौतम बुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लेक्ष्मी ने बताया कि सूची में नाम आने के बाद भी 20 स्कूल दाखिला नहीं दे रहे हैं। इस वजह से यह जानकारी भी नहीं मिल पा रही है कि आरक्षित सीटों पर कितने छात्रों को दाखिला मिल पाया है। उन्होंने बताया कि करीब तीन से चार हजार दाखिले हुए हैं। इसकी जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय समिति गठित की जाएगी। समिति दाखिले पर नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग अब तक 75 से ज्यादा स्कूलों को नोटिस जारी कर चुका है। ऐसा आरोप है कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत सूची में नाम आने के बाद भी स्कूल विद्यार्थियों का दाखिला नहीं कर रहे हैं। यहां तक कि वे शिक्षा विभाग के नोटिस को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। आरटीई के तहत स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुछ स्कूलों ने ही दाखिले के संबंध में जानकारी दी है। बाकी के स्कूल आनाकानी कर रहे हैं।

# ट्विन टावर: फायर एनओसी देने वाले तीन तत्कालीन एफएसओ के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-93 स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में हाउसिग भूखंड पर बने अवैध टावर एपेक्स और सियान के निर्माण के दौरान हुई लापरवाही की आंच फायर ब्रिगेड तक पहुंच गई है।

सुपरटेक लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिग भूखंड पर बने दो अवैध टावर को फायर एनओसी देने के मामले में हुई जांच के बाद फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र एनओसी देने वाले तीन तत्कालीन मुख्य अग्निशमन अधिकारी सीएफ ओ के खिलाफ शासन के आदेश पर एफआइआर दर्ज की गई है। कोतवाली फेज-2 में तत्कालीन मुख्य अग्निशमन अधिकारी महावीर सिंह, राजपाल त्यागी व आइएस सोनी को नामजद किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिग भूखंड पर बने अवैध टावर संख्या टी-16 और टी-17 को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। जल्द ही टावर को गिराने का काम होना है।

वहीं पूरे प्रकरण में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आइआइडीसी संजीव मित्तल की अध्यक्षता में उत्तरदायित्व तय करने के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया था। जांच के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। कमेटी द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि हाउसिग भूखंड संख्या.जीएच.4ए सेक्टर-93ए नोएडा का आवंटन और मानचित्र स्वीकृति वर्ष.2004 से 2012 के मध्य की है। इस पर मानचित्र स्वीकृति वर्ष 2005, 2006, 2009 और 2012 में दी गई थी। अवैध रूप से स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर हुए निर्माण को अग्निशमन विभाग ने भी अपना अनापत्ति प्रमाणपत्र दे दिया था। बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी करने के बाद मामले में शासन के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। फेज-दो कोतवाली प्रभारी परमहंस ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ आइपीसी की धारा 217 लोक सेवक द्वारा सजा से व्यक्ति को बचाने के इरादे से कानून की एक दिशा की अवहेलना और उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण व अग्नि सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मोबाइल एप से लगेगी यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

स्मार्ट सिटी की दिशा में तेजी से बढ़ रही औद्योगिक नगरी में जल्द ही यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी एप के माध्यम से लगाई जाएगी। यातायात पुलिस इसके एप डेवलपिग कंपनी का सहारा लिया जा रहा है।

डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि बाडी वार्न कैमरे और स्पीड रडार गन से लैस यातायात पुलिस तेजी से नवीनतम संसाधनों से लैस हो रही है। जल्द ही यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी एप से लगाई जाएगी।

यातायात निरीक्षक, उपनिरीक्षक के साथ सिपाहियों के मोबाइल में ड्यूटी एप डाउनलोड कराया जाएगा। कौन कहां तैनात है, यह एप के जरिये ही पता चल जाएगा। एप में कर्मियों की ड्यूटी स्थल का रूट चार्ट दिखाई देगा। इससे अधिकारी आसानी से मानिटरिंग कर सकेंगे। ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मियों की जानकारी करने में एप कारगर होगा। एप की मदद से उनको भी पता चल जाएगा कि किस प्वाइंट पर और कब ड्यूटी करनी है।

# बकाया भुगतान न करने वाले आवंटियों पर कार्रवाई जल्द

- प्राधिकरण को करनी है 2500 करोड़ की वसूली



**पायनियर समाचारा सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण अतिरिक्त मुआवजा व अंतर राशि का भुगतान न करने वाले आवंटियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करेगा। प्राधिकरण की 24 अगस्त को होने जा रही बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। प्राधिकरण ने आवंटियों को 15 अगस्त तक अतिरिक्त मुआवजा राशि एवं अंतर राशि के भुगतान के लिए नोटिस जारी किया था, पर आवंटियों ने राशि का भुगतान नहीं किया।

सुप्रीम कोर्ट ने यमुना प्राधिकरण की विशेष याचिका पर फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेश को रद कर दिया था। आवंटियों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि वसूलने की स्वीकृति दी थी।

कोर्ट के फैसले के बाद यमुना प्राधिकरण ने जुलाई में आवंटियों को नोटिस जारी कर एक माह में अतिरिक्त मुआवजा राशि जमा कराने के निर्देश दिए थे। नोटिस की अवधि 15 अगस्त को समाप्त हो चुकी है, लेकिन आवंटियों ने अतिरिक्त मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया है। इससे प्राधिकरण के सामने किसानों को अतिरिक्त मुआवजा राशि के वितरण की समस्या आ रही है।

मुआवजा लिए बगैर किसान अपनी जमीन पर प्राधिकरण को कब्जा देने के लिए तैयार नहीं हैं। परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। प्राधिकरण को आवंटियों से करीब 2500 करोड़ रुपये वसूलने हैं। इसके अलावा अंतर राशि का भुगतान न करने पर संस्थागत श्रेणी के 13 आवंटियों पर भी कार्रवाई होगी। प्राधिकरण ने सेक्टर 17 में 13 भूखंड आवंटित किए थे।

यह भूखंड तय दर से 1041 रुपये प्रति वर्गमीटर कम पर आवंटित कर दिए गए थे। प्राधिकरण ने अंतर राशि जमा कराने के लिए नोटिस देकर 15 अगस्त तक का समय दिया था। सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड की स्वीकृति के बाद अतिरिक्त मुआवजा व अंतर राशि का भुगतान न करने वाले आवंटियों पर कार्रवाई होगी।

## संपत्ति कर के बड़े देनेदारों को नोटिस भेजने की तैयारी

**गाजियाबाद।** नगर निगम बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसेगा। इसके लिए जोनवार बकायेदारों की सूची तैयार कराई जा रही है, जो करदाता लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे जिन पर पांच लाख से ज्यादा का हाउस टैक्स है उन सभी को नोटिस जारी होंगे। इसके बाद सीवर-पानी के कनेक्शन काटे जाएंगे। कविनगर, मोहननगर, वसुंधरा, सिटी और विजयनगर जोन की तरफ से वसूली के लिए नए करदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने सभी जोनल प्रभारियों को राजस्व बढ़ाने के लिए कहा है। जोनल प्रभारी बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी कर रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा. संजीव सिन्हा ने बताया जो लोग कई साल से बकाया जमा नहीं कर रहे।

## गौतमबुद्ध नगर में डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि हुई है और उनकी स्थिति सामान्य है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति ने बताया कि जनपद के धूम मानिकपुर गांव में एक तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक मरीज की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों की जांच गाजियाबाद के एक अस्पताल में हुई है।

मलेरिया विभाग ने मरीजों के घर के आसपास 50 घरों का निरीक्षण कर दवा का छिड़काव कराया है। ऐसी खबर है कि निजी अस्पतालों में डेंगू के 12 से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा है। हालांकि, निजी अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी गई है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस मौसम के पहले दो डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। विभागीय टीम नियमित रूप से घरों में जाकर निरीक्षण कर रही है।

## बच्चों ने कैनवास पर भरे आजादी के रंग



**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चों ने कैनवास पर आजादी के रंग भर कर आजादी के अमृत महोत्सव को साकार किया। वसुंधरा स्थित बिभर्ते एनजीओ के स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदिरापुरम गुरुद्वारा प्रमुख व ऑक्सीजन मैन गुरप्रीत सिंह रम्मी ने बच्चों को पुरस्कृत का उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मोहन सिंह, अनुपम कुमारी, गौरव कुमार, प्रीति सिंह, बंदिता, सचिन कुमार, मीनू शर्मा, दीपांशु पटवाल, निशा, कृपा शंकर, ऋषभ श्रीवास्तव, पिंकी, हिमांशु शेखर, मुकेश वर्मा, शेर बहादुर सिंह, भूपिंदर, दीपिका का विशेष सहयोग रहा।

# 'जन शिकायतों का निपटारा गुणवत्ता के साथ करें'

- मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जा रहा, या फि र खानापूर्ति की जा रही है, यह जानने के लिए मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी निस्तारित शिकायतों में से 5 से 10 फीसदी शिकायतों का रैंडम परीक्षण करेंगे।

अगर किसी शिकायत का खानापूर्ति करने के लिए निस्तारित किया गया है तो उससे संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्राधिकरणों के साथ मिलकर भूमि संबंधित प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए। मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्राधिकरणों के साथ मिलकर भूमि से जुड़े प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत व मेरठ जिले के जिलाधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा के सभी मानकों को शीघ्र अपनाने की जरूरत है। अगर कहीं डिवाइडर सही से नहीं बने हैं तो उन्हें हटाकर मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं।

हाइवे पर खराब होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने की सुविधा होनी चाहिए। मंडलायुक्त ने सभी जिलों के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर बीमार बच्चों को नोएडा के चाइल्ड पीजीआई के लिए ही रेफ र करें। मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोविड.19 की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया।

### गोशाला के गोवंशों के लिए अलग कलर कोड अपनाया

गोवंशों के देखरेख कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि गोशाला के गोवंशों के लिए अलग कलर कोड अपनाया जाए, जिससे कि पता चल सके कि ये गोशाला की गायें हैं। चारे की व्यवस्था के लिए सरकारी चरागाह पर खेती कराने के निर्देश दिए। लावारिश मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

कोरोना के जांच पर फोकस करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न रहने वाले और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


**INDOSTAR HOME FINANCE PRIVATE LIMITED**

INDOSTAR

Registered Office : One World Center, Tower 2A, 20th Floor, Jupiter Mills Compound, S B Marg, Mumbai - 400013, India

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना**

मैं, अधोहस्ताक्षरी, इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (आईएचएफपीएल) का प्राधिकृत अधिकारी, एतद्द्वारा निम्नवर्णित कर्जदार(रों) को निम्नलिखित नोटिस जारी कर रहा हूं, जो जानबूझ कर अपनी कानूनी और संविदात्मक देयता(ओं) का निर्वहन करने में असफल रहे हैं अर्थात इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उनको अग्रिम दिए गए/स्वीकृत किए गए आवास ऋण के मूलधन और ब्याज तथा उस पर उद्भूत अन्य प्रभारों को चुकाने में चूक की है और उसके परिणामस्वरूप उनके ऋण लागू आरबीआई विनियमों के अनुसार आईएचएफपीएल की बहियों में अनार्जक आस्ति (एन.पी.ए'ज) हो चुके हैं। तदनुसार, उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) और उसके नियमों ("सरफासी ऐक्ट") के तहत सूचना (एं) उनके अंतिम ज्ञात पते पर भारतीय डाक के माध्यम से प्रेषित की गई थी और सरफासी ऐक्ट के लागू प्रावधानों के तहत बाहरी द्वार/उसके अन्य सुप्रकट भाग पर चस्पा भी की गई थी। अतएव उक्त कर्जदार (रों) को एतद्द्वारा इस प्रकाशन सूचना के माध्यम से उनको उनके द्वारा आईएचएफपीएल के पक्ष में सृजित प्रतिभूतियों के ऐवज में उनके द्वारा आईएचएफपीएल से प्राप्त की गई आवास ऋण सुविधाओं के तहत देय पूरी बकाया राशि चुकाने की मांग की जाती है। उनके द्वारा सृजित प्रतिभूतियों का विवरण नीचे दिया गया है :

| ऋण खाता संख्या | कर्जदार(रों) का विवरण | सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना का विवरण |
|---|---|---|---|
| LNGHAOHL-06180003291<br>LNGHAOHL-06180003292 | कर्जदार :–<br>आकाश सिंह<br>सह–कर्जदार :–<br>मीना सिंह | सम्पत्ति : द्वितीय तल, छत/टेरेस के अधिकार नहीं सम्पत्ति सं. सी–28 ए, खसरा नंबर 32/11 का भाग, ईस्ट उत्तम नगर, ग्राम पोशंगीपुर, ब्लॉक सी, भारत, दिल्ली वेस्ट दिल्ली – 110059<br>उत्तर : रोड, दक्षिण : गली, पूरब : सम्पत्ति का भाग, पश्चिम : प्लॉट नंबर सी–29 | 11–03–2022<br>रु. 29,61,296/–<br>(रुपए उन्तीस लाख इकसठ हजार दो सौ छियानवे मात्र) |
| LNGHAOHL-08180004581<br>LNGHAOHL-08180004582 | कर्जदार :–<br>नेहा मेहता<br>सह–कर्जदार :–<br>करन मेहता | सम्पत्ति : तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, सम्पत्ति सं. सी–28 ए, खसरा नंबर 32/11 का भाग, ईस्ट उत्तम नगर, ग्राम पोशंगीपुर, ब्लॉक सी, भारत, दिल्ली वेस्ट दिल्ली – 110059<br>उत्तर : रोड, दक्षिण : गली, पूरब : सम्पत्ति का भाग, पश्चिम : प्लॉट नंबर सी–29 | 11–03–2022<br>रु. 21,68,930/–<br>(रुपए इक्कीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ तीस मात्र) |
| LNDELOHL-09180005413<br>LNDELOHL-09180005414 | कर्जदार :–<br>सुमन कुमारी<br>सह–कर्जदार :–<br>कमलेश | सम्पत्ति : सम्पत्ति सं. सी–21, ब्लॉक–सी, द्वितीय तल, छत के अधिकार नहीं, खसरा नंबर 841/805/644, 806/644, 645, 650, 651, 652, 657, एवं 646, ग्राम–वजीरपुर सावन पार्क, भारत दिल्ली नॉर्थ वेस्ट दिल्ली–110052<br>उत्तर : उक्त सम्पत्ति का शेष भाग, दक्षिण : गली 15 फीट, पूरब : उक्त सम्पत्ति का शेष भाग, पश्चिम : सम्पत्ति सं. सी–22 | 11–03–2022<br>रु. 17,75,446/–<br>(रुपए सत्रह लाख पचहत्तर हजार चार सौ छियालीस मात्र) |
| LNDELLAP-01190008575<br>LNDELLAP-01190008576 | कर्जदार :–<br>मुंदर सिंह<br>सह–कर्जदार :–<br>कमलेश | सम्पत्ति : प्लॉट नंबर 390, खसरा नंबर 1133, गौतम बुद्ध नगर, ग्राम छपरौला, दादरी, उत्तर प्रदेश, भारत – 201301<br>उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : रोड | 18–06–2022<br>रु. 11,20,496/–<br>(रुपए ग्यारह लाख बीस हजार चार सौ छियानवे मात्र) |
| LNDELOHL-06190010759 | कर्जदार :–<br>रामजीलाल कश्यप<br>सह–कर्जदार :–<br>ममता कश्यप | सम्पत्ति : फ्लैट नंबर एसएफ–04, द्वितीय तल (एलएचएस–फ्रंट साइड), छत के अधिकार नहीं, लेवल–3, सम्पत्ति सं. ए–2 पर निर्मित, संत नगर कालोनी, खसरा नंबर 414, 415, 418, सादुल्लाबाद लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 201102<br>उत्तर : गली, दक्षिण : अन्य फ्लैट, पूरब : गली, पश्चिम : फ्लैट का प्रवेश | 18–06–2022<br>रु. 7,85,452/–<br>(रुपए सात लाख पिचासी हजार चार सौ बावन मात्र) |
| LNDELLAP-03190009924 | कर्जदार :–<br>दीपक धर्म पाल<br>सह–कर्जदार :–<br>धर्म पाल<br>गारंटर :– राखी | सम्पत्ति : खसरा नंबर 146, जिला गौतमबुद्ध नगर एवं खाता नंबर 146, ग्राम डाबरा, परगना, तहसील दादरी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201310<br>उत्तर : सुरेन्द्र का प्लॉट, दक्षिण : रोड 17 फीट, पूरब : हरीशचंद का प्लॉट, पश्चिम : सुरेन्द्र का प्लॉट | 23–06–2022<br>रु. 10,66,705/–<br>(रुपए दस लाख छियासठ हजार सात सौ पांच मात्र) |
| LNDELOHL-09210018963 | कर्जदार :–<br>कमल सिंह<br>सह–कर्जदार :–<br>उषा देवी | सम्पत्ति : सम्पत्ति सं. 100, खसरा नंबर 274, आकाश नगर, फेज–एस–बी, ग्राम रसूलपुर सिकोड, परगना डासना, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद – 201013<br>उत्तर : अन्य प्लॉट, दक्षिण : रोड 18 फीट, पूरब : खाली प्लॉट, पश्चिम : खाली प्लॉट | 23–06–2022<br>रु. 11,53,869/–<br>(रुपए ग्यारह लाख तिरेपन हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) |
| LNDELOHL-08180004831<br>LNDELOHL-08180004832 | कर्जदार :–<br>पूजा<br>सह–कर्जदार :–<br>मनोज कुमार<br>गारंटर :– भीम सिंह | सम्पत्ति : म्युनिसिपल नंबर 2369/8डी, द्वितीय तल, गली चौड़ी वाली, मंदिर वाली गली, ग्राम शादी खामपुर, दिल्ली, ईस्ट दिल्ली–110008<br>उत्तर : 2369/डी–3, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : रास्ता 10 फीट चौड़ा/जीना | 23–06–2022<br>रु. 9,99,625/–<br>(रुपए नौ लाख निन्यानवे हजार छह सौ पच्चीस मात्र) |
| LNDELOHL-01200013333 | कर्जदार :–<br>अरविंद कुमार<br>सह–कर्जदार :–<br>सुनीता | सम्पत्ति : प्लॉट नंबर 28, खसरा नंबर 114/5/1, 4, 7, 6/2, 14/1, 15, प्रतापगढ़ पार्ट–2, निकट सेक्टर–56, वाका मौजा गौची, तहसील गौची, फरीदाबाद, हरियाणा, भारत–121001<br>उत्तर : रोड 15 फीट चौड़ी, दक्षिण : खाली प्लॉट, पूरब : रोड 15 फीट चौड़ी, पश्चिम : अन्य | 23–06–2022<br>रु. 9,99,625/–<br>(रुपए नौ लाख निन्यानवे हजार छह सौ पच्चीस मात्र) |
| LNDELOHL-07180004038<br>LNDELOHL-07180004039 | कर्जदार :–<br>सतीश चंद<br>सह–कर्जदार :–<br>आशा देवी | सम्पत्ति : फ्लैट नंबर एफ–107, (जीएफ), खसरा नंबर 18 का भाग, गली नंबर 5, ईस्ट विनोद नगर, ग्राम खिचड़ीपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, भारत – 110091<br>उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : रोड | 23–06–2022<br>रु. 10,46,775/–<br>(रुपए दस लाख छियालीस हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) |
| LNDELOHL-04190010182 | कर्जदार :–<br>देवेन्द्र कुमार शर्मा<br>सह–कर्जदार :–<br>वंदना शर्मा | सम्पत्ति : प्रथम तल एवं (आरएचएस फ्लैट), लेवल 3, छत के अधिकार नहीं, सम्पत्ति सं. 3181 का भाग, स्कूल वाली गली, लाल दरवाजा, बाजार सीताराम, दिल्ली–110006<br>उत्तर : फ्लैट का प्रवेश/अन्य फ्लैट, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति | 18–06–2022<br>रु. 14,58,446/–<br>(रुपए चौदह लाख अठ्ठावन हजार चार सौ छियालीस मात्र) |
| LNDELOHL-07180004014<br>LNDELOHL-07180004015<br>LNDELLAP-02210016259 | कर्जदार :–<br>विशाल शर्मा<br>सह–कर्जदार :–<br>पुष्पा शर्मा | सम्पत्ति : सम्पत्ति सं. डी2/8, (पुराना प्लॉट नंबर 3आईए) भूतल (एलएचएस) ब्लॉक–डी, गली नंबर 2, ग्राम डाबरी वशिष्ट पार्क, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, भारत – 110046<br>उत्तर : गली 10 फीट, दक्षिण : रोड 20 फीट, पूरब : आरएसएच फ्लैट/प्लॉट नंबर डी–68, पश्चिम : अन्य प्लॉट | 18–06–2022<br>रु. 19,56,987/–<br>(रुपए उन्नीस लाख छप्पन हजार नौ सौ सतासी मात्र) |

मांग सूचना(ओं) की वैकल्पिक तामील/प्रकाशन सरफासी ऐक्ट के प्रावधानों के तहत किया जा रहा है। उपरिवर्णित कर्जदार(रों) को सलाह दी जाती है कि उपरिवर्णित सभी राशियों का भुगतान उस पर लागू ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर कर दें, जिसमें असफल रहने पर वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और उसकी नियमों के तहत (ऋण अनुबंध की शर्तों और लागू कानूनों के तहत आईएचएफपीएल के पास उपलब्ध किसी अन्य अधिकार उपाय को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, जिनमें अप्रतिबंधित रूप से ऊपर विनिर्दिष्ट आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का कब्जा लेना और बकाया राशियों की वसूली के लिए उनकी अनुवर्ती बिक्री/नीलामी शामिल है) आगे कार्यवाही आरंभ की जाएगी। उपरिवर्णित पार्टियों तथा/अथवा उनकी ओर से कार्यरत किसी भी अन्य व्यक्ति को उपरिवर्णित प्रतिभूत सम्पत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण, निपटान, अधिकार हस्तांतरण, भारग्रस्त तथा/अथवा किसी भी रूप में तृतीय पक्ष हित सृजित नहीं करने की भी सलाह दी जाती है, जो प्रथम अनन्य प्रभार आधार पर आईएचएफपीएल के पक्ष में बंधक हैं।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

"कोई भी व्यक्ति, जो सरफासी ऐक्ट के प्रावधान अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, सभी परिणामों के लिए जिम्मेदार होगा, जिनमें अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थदंड सम्मिलित हैं।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
इंडोस्टार होम फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड

स्थान : दिल्ली
तिथि : 17–08–2022


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सबके सहयोग से ही देश बनेगा महानः केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने की मेक इंडिया नंबर 1 मिशन की शुरुआत, कहा- यह एक राष्ट्रीय मिशन है, किसी पार्टी का नहीं है, सभी दलों के लोग साथ आएं


तालकटोरा में राष्ट्रीय मिशन मेक इंडिया नंबर-1 की शुरूआत करते केजरीवाल।


स्टेडियम में उपस्थित दर्शक। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश को नंबर एक बनाने के अभियान मेक इंडिया नंबर-1 की शुरुआत की। इससे पहले केंद्र की मोदी सरकार भारत को विश्वगुरू बनाने की बात कहती आई है। केजरीवाल के इस मुहिम को मोदी सरकार की मुहिम के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है।

वर्ष 2024 में लोक सभा चुनाव होना है और दो बार प्रचंड बहुमत से भाजपा केंद्र में सरकार बना रही है। आम चुनाव में अभी वक्त है लेकिन सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। केजरीवाल के मेक इंडिया नंबर वन अभियान को 2024 की चुनावी तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ताल कटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय मिशन मेक इंडिया नंबर-1 की शुरूआत करते हुए कहा कि भारत को दुनिया का सबसे मजबूत देश बनाना उनका मिशन है। आइए मिलकर भारत को नंबर-1 बनाते हैं।

इसके लिए देश में सबको अच्छी और मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, हर युवा को रोजगार, हर महिला को सम्मान व सुरक्षा और किसानों को फसल का पूरा दाम देना। यह पांच चीजें सुनिश्चित करनी पड़ेगी। वह देश के 130 करोड़ लोगों से अपील करते है कि इस राष्ट्रीय मिशन के साथ जुड़ें। यह किसी पार्टी का अभियान नहीं है। भाजपा और कांग्रेस समेत देश की सभी पार्टियां लोग साथ आएं। हमें लड़ाई-झगड़े नहीं करने हैं। करके 75 साल खराब कर दिए। केजरीवाल ने दावा किया कि भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है, लेकिन शर्त यह है कि देश के 130 करोड़ लोगों को मिलकर बागडोर संभालनी पड़ेगी। अगर इन पार्टियों और इन नेताओं के भरोसे देश को छोड़ दिया तो देश 75 साल और पीछे रह जाएगा। इनमें से किसी को अपना परिवार, दोस्त प्यारा है। किसी को भ्रष्टाचार करना है, तो किसी को देश लूटना है। वह देश के कोने-कोने में जाकर लोगों को जोड़ेंगे। जब इस मिशन से 130 करोड़ लोग जुड़ जाएंगे, तब भारत को सर्वश्रेष्ठ और शक्तिशाली राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान, जर्मनी बर्गाद हो गए थे हमसे आगे निकल गए आप संयोजक ने कहा कि आजादी के 75 सालों में भारत ने बहुत कुछ हासिल किया। लेकिन लोगों के अंदर एक गुस्सा, आक्रोश और प्रश्न है कि इन 75 सालों के अंदर कई ऐसे छोटे-छोटे देश हैं, जो हमारे बाद आजाद हुए और हमसे आगे निकल गए। सिंगापुर भारत से 15 साल बाद आजाद हुआ, आज हमसे आगे निकल गया। इसी तरह द्वितीय विश्व युद्ध में जापान और जर्मनी तहस-नहस हो गया था। हिरोशिमा और नागासाकी के उपर न्यूक्लीयर बम गिरे थे, लेकिन आज दोनों देश आगे निकल गया। हिटलर के बाद द्वितीय विश्व युद्व में जर्मनी तबाह हो गया था, वह भी आगे निकल गया। हम पीछे क्यों रह गए।

महिलाओं को बराबरी का अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए करना होगा काम आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें दूसरा काम यह करना पड़ेगा कि देश के हर एक व्यक्ति के लिए अच्छे से अच्छा और मुफ्त में इलाज का इंतजाम करना पड़ेगा।

अगर कोई बीमार हो जाए, तो उसका अच्छा और मुफ्त में इलाज होना चाहिए। चाहे उसकी दवा, टेस्ट, इलाज, ऑपरेशन में लाखों रुपए का खर्चा ही क्यों न आए।

### राजनीति चमकाने के लिए बोल रहे झूठ : भाजपा

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शिक्षा में सुधार के दावों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सारी दुनिया को नसीहतें दे रहे हैं लेकिन दिल्ली में ही अपने कहे पर अमल नहीं कर रहे। वह अपने कागजी फार्मूले से दिल्ली वालों के साथ-साथ पूरे देश की जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि पूरे देश में सरकारी स्कूल खोले जाएं जबकि पिछले आठ सालों में एक भी नया स्कूल नहीं खोला गया।

### मेक इंडिया मिशन का ऐलान आधारहीन : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मेक इंडिया नंबर-1 मिशन को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने निशाना साधा है। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि मेक इंडिया नंबर 1 मिशन का ऐलान करने वाले अरविन्द केजरीवाल पहले ध्वस्त होती राजधानी को व्यवस्थित और विकसित करने पर ध्यान दें। राष्ट्रीय राजधानी के दो करोड़ लोगों को छोड़ एक मुख्यमंत्री द्वारा 130 करोड़ देशवासियों को मिशन से जोड़ने की बात करना पूरी राजनीति से प्रेरित है। दिल्ली को बर्बाद करने वाले केजरीवाल द्वारा आजादी के 75 वर्ष का जिक्र करना बेमानी है क्योंकि केजरीवाल आज खड़े है वह कांग्रेस शासन द्वारा ही बनाई हुई है।

# दोहरा हत्याकांड : चार लाख रुपये उधार लेने वाला मित्र गिरफ्तार

- सुभाष पार्क में सास और बहू की चाकू घोंप कर दी थी हत्या



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के सुभाष पार्क में दोहरे हत्याकांड के संबंध में 21-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़ितों का पारिवारिक मित्र था।

सुभाष पार्क इलाके में दो महिलाओं विमला देवी (70) और उनकी बहू डॉली राय (45) की मंगलवार को उनके घर पर चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी हर्षित ने डॉली के बेटे शशांक से ब्याज पर करीब चार लाख रुपए उधार लिए थे। हर्षित पर जब पैसे वापस करने का दबाव आया तो उसने शशांक (25) और उसके भाई सार्थक (23) की अनुपस्थिति में दोनों महिलाओं की हत्या करने के बाद घर लूटने की योजना बनाई।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) संजय कुमार सैन ने कहा कि घटना 13 अगस्त को हुई थी, जबकि दोनों महिलाओं के शव 16 अगस्त को शशांक और सार्थक को मिले। अधिकारी ने बताया कि हर्षित पूछताछ के दौरान लगातार अपना बयान बदलकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि हमें पता चला कि हर्षित ने शशांक से ब्याज पर चार-पांच लाख रुपये उधार लिए थे और पैसे को किसी अन्य पार्टी को उच्च ब्याज दर पर उधार दिया था और वित्तीय संकट के कारण शशांक को पैसा वापस नहीं कर पा रहा था।

सैन ने बताया कि पूछताछ के दौरान, उसने कबूल किया कि अपराध को उसने ही अंजाम दिया था। उसने खुलासा किया कि वह बेरोजगार है और कर्ज में है। वह जानता था कि घर का मुख्य सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा है। पुलिस ने शाहदरा इलाके में स्थित आरोपी के घर से चाकू और स्कूटी, लूटी गई नकदी और आभूषण बरामद किए।

### यमुना का जल स्तर फिर खतरे के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी में जल स्तर खतरे के निशान 204.5 मीटर के पार चला गया। जब यमुना चेतावनी के स्तर के ऊपर बहती है तो बाढ़ की स्थिति या चेतावनी घोषित की जाती है।

इसी के साथ डूब क्षेत्र और बाढ़ संभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। इसी क्रम में एजेंसियों को निचले इलाकों में रह रहे करीब 7,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा। जल स्तर सोमवार को खतरे के निशान से नीचे चला गया था और मंगलवार को शाम छह बजे 203.96 मीटर पर था। बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पानी का स्तर फिर से बढ़ गया और मध्यरात्रि के आसपास यह खतरे के निशान को पार कर गया। बुधवार को सुबह सात बजे यह 204.89 मीटर पर था। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, नदी का जल स्तर रात नौ बजे तक 205.25 मीटर तक बढ़ने तथा उसके बाद स्थिर रहने की संभावना है।

# करोलबाग पीजी छेड़खानी मामले में एफआईआर दर्ज

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने लिया संज्ञान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एक महिला के साथ कथित रूप से छेड़खानी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में सामने आने के अगले दिन बुधवार को दिल्ली पुलिस ने मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली महिला आयोग ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था और उससे 18 अगस्त अपराह्न चार बजे तक कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा था। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा कि चूंकि शिकायतकर्ता बयान देने के पूरी तरह खिलाफ है, इसलिए कानूनी राय ली गई है। कानूनी राय और वीडियो फुटेज के आलोक में पुलिस ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। ट्विटर पर डाला गया यह वीडियो 13 अगस्त की घटना का है तथा पीसीआर कॉल आने के बाद जब पुलिस पीड़िता की मदद के लिए गई तब उसने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया।

### अग्निशमन सेवा की गाड़ी से कुचलकर महिला की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के राज पार्क इलाके में बुधवार सुबह दिल्ली अग्निशमन सेवा के ट्रक की चपेट में आने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। उसने बताया कि रामवती नामक यह महिला मंगोलपुरी में रहती थी और मुंडका में एक कारखाने में काम करती थी। रामवती जब काम के लिए मुंडका जा रही थी, तब हादसा हुआ।

पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि राज पार्क थाने में सुबह साढ़े नौ बजे सूचना आई कि रामवती ट्रक के नीचे आ गई है। संबंधित ट्रक मंगोलपुरी फेज टू के दमकल केंद्र का है और उसके चालक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। यह वाहन आग संबंधी एक घटना की सूचना पर प्रेम नगर इलाके में गया था।

# दिल्ली में रोंहिग्याओं को बसाने कोशिश: आप



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली में रोंहिग्याओं को बसाने की घोषणा की है। इसका विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में रोंहिग्याओं को बसने नहीं देंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार में मंत्री हरदीप पुरी ने ऐलान किया है कि मोदी सरकार, रोहिंग्याओं को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देकर बसाएगी और सभी सुविधाओं सहित 24 घंटे पुलिस सुरक्षा देगी। यह पूरे देश और दिल्ली वासियों की सुरक्षा के साथ खतरा है। हम दिल्लीवासी तो कम से कम इनको यहां पर नहीं बसने देंगे। सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ कहते हैं कि देश के लोगों की मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए पैसे नहीं हैं।

दूसरी तरफ करोड़ों रुपये रोहिंग्याओं पर खर्च करने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार के पास अपने देश के लोगों को सुरक्षा देने के लिए कुछ नहीं है।

### मुफ्त राशन, पानी, बिजली देते हैं केजरीवाल : आदेश

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या बांग्लादेशियों के मुद्दे पर भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने आ गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि रोहिंग्या-बांग्लादेशियों के साथ कौन रहता है और कौन उनको बचाने की अब तक बातें करता आ रहा है, वह पूरी दिल्ली देख चुकी है। जब अवैध तरीके से रह रहे रोहिंग्या-बांग्लादेशियों के अतिक्रमण पर जब बुल्डोजर चलाया गया तो आम आदमी पार्टी के विधायक उनके रहनुमा बनकर आ गए और बुल्डोजर के सामने लेटने से भी परहेज नहीं किया।

# राजधानी में अपने घर का सपना होगा पूरा

## डीडीए सितंबर में प्रतीक्षा सूची में शामिल आवदेकों के लिए निकालेगा मिनी ड्रॉ



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिसंबर, 2021 में जारी आवासीय योजना की प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए अच्छी खबर है।

डीडीए के अधिकारियों ने कहा कि सितंबर में द्वारका, नरेला, रोहिणी और जसोला में फ्लैटों के लिए अपनी विशेष आवासीय योजना 2021 के प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए मिनी ड्रॉ की योजना बना रहा है।

प्राधिकरण ने पिछले साल दिसंबर में 18,000 से अधिक फ्लैटों के साथ नई स्पेशल हाउसिंग स्कीम शुरू की थी। सभी यूनिट्स को पुरानी इन्वेंट्री से तैयार किया गया था दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जारी एक नोटिस में कहा कि प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदक पंजीकरण शुल्क जमा करा दें। ऑनलाइन माध्यम से इसका भुगतान किया जा सकता है तथा अन्य किसी माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीडीए ने 18 अप्रैल को आवेदकों के लिए अपनी विशेष आवासीय योजना 2021 के लिए ड्रॉ निकाले थे।

उसने शुरुआत में इस योजना के तहत 28 इलाकों में 18,335 फ्लैट आंवटन के लिए रखे थे। इसके जवाब में केवल 12,387 आवेदकों ने आवश्यक पंजीकरण शुल्क जमा कराया जबकि 22,100 लोगों ने पंजीकरण कराया था।

डीडीए ने शुरू में योजना के तहत 28 इलाकों में स्थित 18,335 फ्लैटों को रखा था। इसके मुकाबले केवल 12,387 आवेदकों ने जरूरी पंजीकरण शुल्क जमा किया था। हालांकि लगभग 22,100 ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

## संक्षिप्त समाचार


दीनबंधु इंटर कॉलेज के छात्र रैली निकालते हुए।

### दीनबंधु इंटर कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर दीनबंधु इंटर कॉलेज जे, ब्लॉक सीमापुरी के छात्रों ने रैली निकाल कर शिक्षा, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। रैली पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी, शहीद नगर, दिलशाद कॉलोनी, दिलशाद गार्डन और यूपी बॉर्डर से होकर गुजरी। रैली में बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक और चाइल्ड लाइन के स्टाफ ने भी भाग लिया।

### जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव में कलाकार लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव कथक नृत्यांगना शोवना नारायण, कवि अशोक चक्रधर और रामपुर की कव्वाली मंडली नियाजी ब्रदर्स सहित अन्य प्रख्यात कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बुधवार को यह घोषणा की। देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए हिंदुस्तानी कला, संस्कृति और साहित्य का दो दिवसीय भव्य समारोह 23 अगस्त से शुरू हो रहा है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यक्रम जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उर्दू कवि एवं जश्न-ए-अदब फाउंडेशन के संस्थापक कुंवर रंजीत चौहान ने एक बयान में कहा कि संस्कृति मंत्रालय हमारी कोशिशों का समर्थन कर रहा है और हमें अधिक मजबूती दे रहा है। जश्न-ए-अदब के आगामी सत्र में हिंदुस्तानी कला, संस्कृति और साहित्य के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिलेगी।

### मजदूर के सिर पर ईंट गिरने से मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के रंगपुरी इलाके में बुधवार को सुबह एक सड़क के किनारे दीवार निर्माण के दौरान सिर पर ईंटें गिरने से 40 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के औरैया के रहने वाले अंगद के रूप में की गई है। वह यहां दिल्ली में मजदूरी करता था। पुलिस के मुताबिक यह घटना सुबह करीब आठ बजे हुई जब अंगद और उसके तीन अन्य साथी दीवार के निर्माण कार्य में जुटे हुए थे। दीवार के निर्माण कार्य के दौरान अचानक अंगद के सिर पर ईंटें गिर गईं और उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसे एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंगद के सहकर्मी इस हादसे में बच गए और घायल नहीं हुए। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा कि सुबह करीब आठ बजे स्पाइनल इंजरी अस्पताल, वसंत कुंज से अंगद नामक एक मजदूर को भर्ती करने के संबंध में एक पीसीआर कॉल आई और प्रारंभिक उपचार के बाद मरीज को मृत घोषित कर दिया गया।

### टीकरी बॉर्डर पर प्रवेश द्वार 10 महीने में लग जाएगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने टीकरी कलां बॉर्डर प्रवेश मार्ग के सौंदईकरण की अपनी परियोजना को तेज कर दिया है और वहां एक विशाल द्वार का निर्माण किया जाएगा। वहीं पर्यटन विभाग ने 10 महीने के अंदर अंदर काम पूरा करने की समयसीमा रखी है। दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार, परियोजना का उद्देश्य दिल्ली की विरासत और सुंदरता को इस तरह से प्रदर्शित करना है कि लोग जब भी राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करें तो शहर की भव्यता को देख सकें।सड़कों के सौंदर्यीकरण दिल्ली के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और इसके विकास का चित्रण शामिल है। उन्होंने कहा कि काम प्रदान करने के लिए जल्द ही निविदा जारी की जाएगी और 10 महीने में पूरा काम पूरा किया जाएगा।


लैंडमार्क दि होम्ज 81

सैक्टर-81, गुरुग्राम (हरियाणा)

हरियाणा सरकार एफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 के अधीन स्वीकृत परियोजना

अधिसूचना नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 तथा इसमें संशोधन (विभाग वैबसाइट अर्थात् www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध विवरणों) के तहत टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित नीति के नियमों और शर्तों के अनुसार, मै. एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. द्वारा विकसित की जाने वाली प्रस्तावित ''लैंडमार्क दि होम्ज 81'' के नाम पर अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजैक्ट में 74 रिहायशी अपार्टमैंटों की बुकिंग तथा अलॉटमैंट के लिए आम जनता से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

परियोजना विवरण :

| | |
|---|---|
| 1. प्रोजैक्ट आईडी : | 113 |
| 2. कालोनाईजर्स / डिवैल्पर्ज : | मै. एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. |
| 3. प्रोजैक्ट अप्रूवल्स : | लाईसैंस नं. 4 ऑफ 2021 तिथि 02.03.2021<br>बिल्डिंग प्लान्स मंजूर तहत मीमो नं. ZP-1466/SD (DK)/2021/12887 तिथि 02.06.2021<br>रेरा रजिस्ट्रेशन नं. 36 ऑफ 2021, तिथि 16.07.2021 |
| 4. स्थान : | सैक्टर 81, गुरुग्राम, हरियाणा |
| 5. परियोजना क्षेत्र : | 5.0 एकड़ सम्मिलित कुल 694 अदद अपार्टमैंट्स जिसमें से शेष / परित्यागे 74 अदद अपार्टमैंट्स उपलब्ध हैं। 4 अदद अपार्टमैंट्स मैनेजमैंट कोटा के लिए आरक्षित हैं। कम्युनिटी सुविधाएं : एक कम्युनिटी हाल 2046.83 वर्ग फुट तथा एक आंगनबाड़ी एवं क्रैच 2023.63 वर्ग फुट। |
| 6. सुविधाएं : | गेटिड एण्ट्री, सिक्योरिटी पोस्ट, ड्रॉप ऑफ जोन, विशाल पार्किंग,किड्स प्ले एरिया, वाटर बॉडी, बैडमिंटन कोर्ट, लान टैनिस, कमर्शियल काम्पलैक्स। |

7. जनता के लिए अपार्टमैंट्स पेशकश के ब्यौरे :

| यूनिट किस्म | यूनिट कारपैट एरिया @4200 (वर्ग फुट) | यूनिट बॉलकोनी एरिया @1000 (वर्ग फुट) | यूनिट की कुल कीमत (रु.) | ऑनलाइन आवेदन के समय पर (रु.) | यूनिटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| यूनिट-3 (2 बीएचके) | 559.82 | 179.33 | 2451264 | 117562.20 | 22 |
| यूनिट-4 (2 बीएचके) - (एमक्यू के अधीन 3 यूनिट्स) | 566.61 | 124.16 | 2479746 | 118988.10 | 9 |
| यूनिट-6 (1 बीएचके) | 348.04 | 85.34 | 1547121 | 73088.40 | 37 |
| यूनिट-7 (1 बीएचके) | 398.86 | 85.34 | 1760552 | 83760.60 | 5 |
| यूनिट-2 (3 बीएचके) (एमक्यू) | 644.86 | 152.34 | 2808412 | 135420.60 | 1 |

8. लागू जीएसटी तथा सैसिज, लैविज और फीसें आदि यूनिट की उपरोक्त कथित कुल कीमत से अधिक वसूल की जाएगी।

9. अदायगी नियम :
I. ऑनलाइन आवेदन सहित : बुकिंग राशि अर्थात् यूनिट की कुल कीमत का 5%
II. अलॉटमैंट पर : यूनिट की कुल कीमत का 20%
III. फ्लैट लागत की 75% राशि बिक्री के लिए एग्रीमैंट में निर्धारित अनुसार निर्माण के चरणों के अनुसार वसूली जाएगी। पेमैंट की देय तिथि से पहले देय पर ब्याज नहीं लगेगा। अदायगी में किसी विफलता पर एचआरईआरए के नियम 15, रूल्ज 2017 में बशर्ते कि पीनल इंट्रस्ट वहन करना होगा।

10. पार्किंग : प्रत्येक अपार्टमैंट के साथ दोपहिया वाहन पार्किंग।

11. अपार्टमैंट की ब्रॉड स्पैसीफिकेशन :
फ्लोरिंग : विट्रीफाइड/सैरेमिक टाइल्स, वाल फिनिश : ऑयल बोंड डिस्टैम्पर, किचन विवरण : एसएस एकल बाऊल सिंक, ग्रेनाइट टॉप प्लेटफॉर्म, बालकनी फ्लोरिंग : एंटी स्किड टाइल्स, रेलिंग : एम.एस. स्टील, विंडो / बाहरी दरवाजा : यूपीवीसी / एमएस / एल्यूमीनियम या समकक्ष, डोर : फ्लश डोर्स, बाथरूम फिटिंग्स : चिनावड़े या समकक्ष, सी.पी. फिटिंग्स : मॉडर्न तथा एलिगैंट, इलैक्ट्रिकल : तारों, स्विचों तथा सर्किटों के लिए आईएसआई चिन्हित उत्पाद।

12. एप्लीकेशन टाइमलाइन्स : आवेदन 04 अगस्त 2022 से शुरू https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर रजिस्ट्रेशन द्वारा ऑनलाइन भरे जाएंगे और ऑनलाइन आवेदन फार्म की जमा की अन्तिम तिथि 27 अगस्त 2022 है।

13. योग्यता :
1. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है परन्तु एक निर्दिष्ट कालोनी में एक आवेदक केवल एक आवेदन देगा। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि पीएमएवाई लाभार्थी, जोकि ''प्रधानमंत्री आवास योजना - समूचे प्रोग्राम के लिए हाऊसिंग अलॉटमैंट में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी के अधीन शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए, उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे। प्रथम प्राथमिकता हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों को कथित टाऊन का अनुसरण करने वाले पहचाने गए लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद, शेष फ्लैटों के लिए, व्यक्तियों जो उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे जो हरियाणा, यू.टी. चंडीगढ़ में शहरी क्षेत्रों की किसी हुडा की डिवैल्पड कालोनी / सैक्टर या किसी लाइसैंसशुदा कालोनी में फ्लैट / प्लाट कोई खुद का नहीं है और एनसीटी दिल्ली को फ्लैटों की अलॉटमैंट में अगली प्राथमिकता दी जाएगी। इस नीति के अधीन कोई सफल आवेदक किसी दूसरी कालोनी में इस नीति के अधीन किसी अन्य फ्लैट की अलॉटमैंट के लिए योग्य नहीं होगा। यदि पुरुष/महिला एक कालोनी से अधिक में सफल रहता है, पुरुष/महिला को केवल एक फ्लैट रखने के लिए चयन करना पड़ेगा। ऐसे सभी आवेदक इस प्रभाव से एक हल्फिया बयान जमा कराएंगे। 3. पैन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य है।

14. अलॉटमैंट मापदण्ड :
1. अपार्टमैंटों की अलॉटमैंट कमेटी जिसमें डिप्टी कमिश्नर या उसके प्रतिनिधि (हरियाणा सिविल सर्विसिज के कैडर के कम से कम), सीनियर टाऊन प्लानर (सर्कल कार्यालय), जिला के सम्बन्धित डीपीटी और सम्बन्धित कालोनाइजर के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ऑनलाइन ड्रा के जरिए की जाएगी। 2. ऑनलाइन ड्रा के लिए तिथि की फिक्सेशन के बाद, एक विज्ञापन तिथि / समय तथा उक्त समाचार-पत्र में ऑनलाइन ड्रा के स्थान सम्बन्धी विवरणों बारे डिवैल्पर सूचनाकार आवेदक द्वारा जारी किया जाएगा जिस में मूल विज्ञापन जारी किया गया था। जांच और अलॉटमैंट के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मापदण्ड तथा समय फ्रेम के लिए आवेदक नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 (विभाग की वैबसाइट अर्थात्, www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा नोटिफाइड अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 में विवरणों का संदर्भ भी ले सकते हैं।
2. इवैंट में खरीदार (ों) किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या पुरुष / महिला मालिक से फ्लैट की खरीद की सुविधा के लिए ऋण सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक हो डिवैल्पर सुविधा प्रक्रिया देगा परन्तु खरीदार (ों) को ऋण प्रदान करने की इन्कारी या अदाएगी में किसी विलम्ब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

मैसर्ज एसआरवी ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईएन : U70100DL2005PTC134174
संयुक्त कार्यालय : लैंडमार्क हाऊस, प्लाट नं. 65, सैक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा - 122003
कृपया सम्पर्क करें - 8929887878

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त 2022



# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने पानी फैक्ट्री से भरे पानी के नमूने

### नप टीम ने 46 किलो 400 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग बरामद कर जुर्माना ठोका

### जेई ने बिजली कनेक्शन की जांच के बाद पांच किलोवाट अधिक लोड बताया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में सीएम उड़नदस्ते द्वारा पानी फैक्ट्री पर की गई छापामारी में पानी के नमूनों की रिपोर्ट तैयार करते डॉक्टर श्यामलाल। बरामद बीड़ियों के बंडल।

**गुरुग्राम** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने शहर के पलवल मार्ग पर पानी फैक्ट्री पर छापामारी करते हुए पानी से भरी बोतल, पानी से भरे प्लास्टिक पाउच और सोडा बातल के नमूने भरे। नगर परिषद की टीम ने प्रतिबंधित 46 किलो पॉलीथिन की पन्नी और अवैध से किए हुए बोरबैल को सील किया। फैक्ट्री पर घरेलू बिजली कनेक्शन को कॉमर्शियल में उपयोग किया जा रहा था।

बुधवार की सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम ने एसआई सुरेश के नेतृत्व में शहर के पलवल मार्ग पर बनी हंस इंक्लेब कॉलोनी में चल रही नवीन ट्रेडर्स पानी फैक्ट्री पर छापामारा। टीम के साथ नगर परिषद सोहना से एमई राजपाल, जेई ओमप्रकाश और बिजली निगम के जेई राजेश कुमार की टीम भी थी। टीम के साथ फूड सैम्पिलिंग विभाग के डॉक्टर श्याम लाल भी थे। सीएम उड़नदस्ता टीम में पानी फैक्ट्री में पानी से भरे भारी मात्रा में प्लास्टिक थैली और बोतलें बरामद की। जिनमें पानी से भरी बोतलें और पाउच के नमूने जुटाए गए। नगर परिषद की टीम ने 46 किलो 400 ग्राम प्रतिबंध प्लास्टिक बैग बरामद किया। परिषद टीम ने फैक्ट्री मालिक पर तुरन्त मौके पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया दिया।

> "पानी फैक्ट्री से जुटाएं गए सभी नमूनों को लैब में जांच के लिए भेज दिया है। उनके साथ सोहना नगर परिषद और बिजली निगम की टीम ने अपनी-अपनी छापामारी करते हुए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।"
>
> **डॉ. श्यामलाल**
> **खाद्य सैम्पिलिंग विभाग गुरुग्राम।**

फैक्ट्री के अंदर चल रहे अवैध पानी के बोर को परिषद की टीम ने तुरन्त ही सील कर दिया। वहीं बिजली निगम से गए जेई राजेश कुमार ने बिजली कनेक्शन की जांच करते हुए उसपर पांच किलोवाट अधिक लोड बताया। फैक्ट्री मालिक पर घरेलू बिजली कनेक्शन को कॉमर्शियल में उपयोग करने का आरोप भी लगाया है।

**पकड़ा बीड़ी का फर्जी कारोबार**

उड़नदस्ते को फैक्ट्री के अंदर एक कोने में प्लास्टिक के कट्टों से ढकी करीब पांच बोरी बीड़ी मिली। फैक्ट्री मालिक पानी के साथ-साथ बीड़ी के नकली कारोबार भी चला रहा था। सीएम उड़नदस्ते ने बीड़ी के नमूने भी लिए हैं। जिनकी असली व नकली होने की जांच कराई जाएगी।

**जीएसटी के बिना कारोबार :** सीएम उड़नदस्ते के मांगने पर पानी फैक्ट्री मालिक नवीन कारोबार से संबंधित जीएसटी के बिल नहीं दिखा सका। जिससे मालिक जीएसटी चोरी करने का आरोप भी लगा है। जिसकी जांच के लिए गुरुग्राम जीएसटी टीम को रिपोर्ट भेज दी गई।

## केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**सोहना।** बिजली निगम को विद्युत लाइन पर केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का होल्डिंग गिरने से आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। निगम अधिकारी ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करने की मांग की है। मालूम रहे कि मंगलवार सुबह गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड के साथ लगा केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का होल्डिंग 11 केवीए की लाइन पर गिर गया था। होल्डिंग गिरने से पांच फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। साथ ही बिजली निगम को करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। निगम के स्थानीय एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने होल्डिंग में लापरवाही बरती हुई थी।

## संक्षिप्त-समाचार

### श्रेय भारत फाउंडेशन मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



श्रेय भारत फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालते सदस्य और बच्चे।

**गुरुग्राम।** श्रेय भारत फाउंडेशन के स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाला और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। श्रेय भारत फाउंडेशन गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है। साथ ही साथ बच्चों को किताब, कॉपी, ड्रेस व स्टेशनरी भी मुफ्त प्रदान करती हैं। समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्य भी जैसे पौधारोपण, भोजन वितरण, खाद्यान्न वितरण, वस्त्र वितरण, कंबल व साल वितरण, स्वच्छता अभियान भी करती है। तिरंगा यात्रा में फाउंडेशन के चेयरमैन रेखा शर्मा, महामंत्री आरती राघव, प्रशासक चंद्र प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष गुलाब शर्मा, फाउंडेशन के अन्य सदस्य खुशी शर्मा, मोहन लाल मीणा, समाजसेवी अमित भड़ाना, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता पंडित, श्याम शंकर शर्मा, संदीप कुमार, नवीन झा, श्रेय शर्मा, जितेंद्र जायसवाल, दुष्यंत राजपूत, अवनीश, रजनीश, राजकुमार, स्कूल के अभिभावक व गणमान्य लोग शामिल हुए।

### स्वाभिमान फाउंडेशन स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण



गुरुग्राम में स्वाभिमान फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते संस्था के सदस्य व अतिथि।

**गुरुग्राम।** स्वाभिमान फाउंडेशन ने स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल गैलन फोर्ड, पार्षद वजीराबाद कुलदीप सिंह बोहरा, हरेंद्र सांगवान एवं अनेक समाज सेवी मौजूद थे। संस्था की संस्थापक अधिवक्ता मोनिका सिंह सांगवान एवं सह-संस्थापक शिल्पा गिल ने गरीब, अनाथ बच्चों को साक्षर बनाने का और जरूरतमंद लोगों को उचित कानूनी सहायता का जो बीड़ा उठाया है, उसकी सबने सराहना की। मोनिका सिंह सांगवान ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इस दिन के लिए हमारे देश के अनेक क्रांतिकारियों ने अपनी जान की बाजी लगाई थी। उन्होंने कहा कि आजादी का दिवस मनाने के साथ हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का सरकार ने जो निर्णय लिया, वह ऐतिहासिक है। देश के हर नागरिक में देशभक्ति का माहौल बना है।

# अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर पर सीएम ने शुरू कराया ट्रैफिक

### बाद में होगा उद्घाटन

### फ्लाईओवर का मुआयना करके जनता की सुविधा को देखते हुए दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने पुरानी दिल्ली रोड स्थित लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का निरीक्षण किया। इस चौक पर उन्होंने यहां 731 मीटर लंबे चार लेन के फ्लाईओवर के साथ सर्विस रोड को उन्होंने जनता की सुविधा को देखते हुए खुलवाया, ताकि लोगों को दिक्कत ना हो। इनका विधिवत उद्घाटन बाद में किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब से हमारी सरकार प्रदेश में आई है, हमने गुरुग्राम के विकास पर पूरा ध्यान दिया है। आखिरकार यह हमारी आइकन सिटी है, एक एक करके हमने यहां कई फ्लाइओवर व अंडरपास बनाए, कनेक्टिविटी में सुधार किया तथा अभी इस दिशा में और काम भी चल रहे हैं, जिससे काफी हद तक लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिली, राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को वह समय भी याद होगा जब गुरुग्राम में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में घंटों लगते थे।

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पुरानी दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में वाहनों का आगमन होता है। ऐसे में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने फ्लाइओवर का निर्माण करवाया है, जिसे अब जनता के लिए खोल दिया गया है। इससे कापसहेड़ा बॉर्डर के जरिए दिल्ली से गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी में सुधार सम्भव हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड भी अब सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिए गए हैं, ताकि फ्लाईओवर और सर्विस रोड दोनों से यातायात की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, गुरुग्राम उपायुक्त निशांत यादव और जीएमडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजदू रहे।

### शीतला माता मंदिर से एमडीआई चौक मार्ग का भी निरीक्षण

**दौरे** के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री ने शीतला माता मंदिर से एमडीआई चौक मार्ग पर बन रहे 1.094 किलोमीटर लम्बाई के चार लेन अंडरपास पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। एमडीआई चौक की ओर जाने का काम पूरा हो गया है, टनल के हिस्से में सड़क बनाई जा रही है और शीतला माता मंदिर की तरफ जाने वाले अंडरपास के हिस्से में निर्माण कार्य प्रगति पर है। मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन को अंडरपास से शीतला मंदिर की ओर सर्विस रोड वाले हिस्से में शिफ्ट करने के साथ अंडरपास की छत का स्लैब डालने और दीवार निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। सीएम मनोहर लाल ने दो अक्टूबर तक अंडरपास के बचे हुए सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## रेडक्रॉस में रक्तदान, कामकाजी महिला आवास में पौधारोपण



जिला रेडक्रॉस सोसायटी में रक्तदाता को सम्मानित करते सचिव विकास कुमार।

**गुरुग्राम।** बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान आवास में रहने वाली युवतियों, महिलाओं ने पौधारोपण किया। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया।

कामकाजी महिला आवास में पौधारोपण अभियान को लेकर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि यह अच्छा प्रयास है। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने कहा कि हम जहां रहते हैं या काम करते हैं, वहां की स्वच्छता और हरियाली की जिम्मेदारी हमें लेनी चाहिए। इन दोनों कार्यों को करके हम अपने लिए माहौल अच्छा तैयार करते हैं। उन्होंने कहा हर कोई सफाई और हरियाली के प्रति गंभीर हो। रेडक्रॉस सोसायटी से फर्स्ट एड कॉर्डिनेटर श्यामा राजपूत, मोनिका, प्रज्ञा कटियार, निशा, आरती ने पौधारोपण में भाग लिया। दूसरी ओर जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर में रक्तदान शिविर का सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में सचिव ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक रक्तदान करके जनसेवा का कार्य करें। सचिव विकास कुमार ने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी जतिन शर्मा ने भी खुद रक्तदान करके जागरुक किया। शिविर में नागरिक अस्पताल से टीम रक्त एकत्रित करने पहुंची। इस अवसर पर जतिन शर्मा, अतुल पराशर, रमेश लेक्चरर, आकांक्षा, श्यामा राजपूत, कविता सरकार, सरोज, कमला आदि मौजूद रहे।

## पंचायतों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर कल गुरुग्राम में सुनवाई

### तीन जिलों गुरुग्राम रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ के लिए होगी सुनवाई

**गुरुग्राम।** हरियाणा पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों के लिए 19 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे जन सुनवाई करेगा। यह जनसुनवाई गुरुग्राम के सिविल लाइंस एरिया में स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दर्शन सिंह हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हैं।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई रखी है। इस कड़ी में हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने एक पब्लिक नोटिस जारी करते हुए मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 अगस्त को शाम 3 बजे गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) में हरियाणा पिछड़ा वर्गआयोग जन सुनवाई करेगा। गुरुग्राम में गुरुग्राम मंडल ने पड़ने वाले तीनों जिलों गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों के लिए जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन, सामाजिक विचारक, प्रबुद्ध नागरिक या इस विषय में रुचि रखने वाला जनता में से कोई भी व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के पक्ष में या विरोध में अपने विचार आयोग के समक्ष रख सकता है।

## शहीद राजसिंह स्कूल को जमीन उपलब्धता के लिए जुटे ग्रामीण

**सोहना।** दमदमा के ग्रामीणों ने राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल को हरियाणा पर्यटन निगम से चार एकड़ जमीन तबादले के लिए कवायद शुरू कर दी है। ताकि स्कूल को जमीन जल्द से जल्द मिलने पर नये भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। मंगलवार को खंड के गांव दमदमा में पहुंचे प्रदेश शिक्षा मंत्री एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल गूर्जर ने ग्रामीणों की मांग पर राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लिए टूरिज्म निगम से चार एकड़ जमीन तबादला कराने का आश्वासन दिया था। शिक्षामंत्री ने ग्रामीणों का कहा कि जमीन तबादले का मामला दो विभागों के बीच का है। जिसमें ग्रामीण अपना प्रस्ताव करके भेजें। प्रस्ताव के आधार पर विभागों के नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया की जाएगी।

## शंकर चौक पर बनेगा अंडरपास, इफको चौक पर लगेगा ट्रैफिक सिग्नल

### पैदल यात्रियों को सुरक्षित क्रॉसिंग देने के लिए डीसी ने मौके पर लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के इफको चौक पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव को जानकारी देती एसडीएम अंकिता चौधरी।

**लोगों** को सुरक्षित रोड पार करने को लेकर बुधवार को शहर के तीन चौक का अधिकारियों के दल ने निरीक्षण किया। इस दौरान तय किया गया कि शंकर चौक पर अंडरपास बनाया जाए। इफको चौक पर अस्थायी ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा और हीरो होंडा चौक पर गलत दिशा में जाने वाले वाहनों का सर्वे किया जाएगा।

गुरुग्राम से दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 स्थित शंकर चौक, इफको चौक व हीरो होंडा चौक पर पैदल यात्रियों को सुरक्षित रोड पार करने के लिए किए जाने वाले उपायों का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। डीसी ने इस दौरान तीनों स्थानों पर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ उनकी सुरक्षित रोड क्रॉसिंग को लेकर किए जाने वाले उपायों की भी समीक्षा की। उपायुक्त के समीक्षा दौरे में जीएमडीए, पुलिस विभाग, एनएचएआई व डीएलएफ सहित राहगिरी फाउंडेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

राहगिरी फाउंडेशन की टीम ने उपायुक्त को बताया कि शंकर चौक के आसपास एमएनसी हब होने के चलते सुबह व शाम के समय काफी संख्या में पैदल यात्री रोड के दोनों तरफ से रोड क्रॉस करते हैं। जिससे यहां हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उपायुक्त ने बताया कि शंकर चौक पर साइबर पार्क की ओर से डीएलएफ फेज-3 की ओर जाने के लिए डीएलएफ फाउंडेशन से जिला प्रशासन को अंडरपास बनाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसको जीएमडीए की ओर से मंजूरी दी जा चुकी है। अगले दो महीनों में यहां अंडरपास बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। डीसी ने इस दौरान डीएलएफ फाउंडेशन द्वारा बनाए जाने वाले अंडरपास के उस नक्शे को भी देखा व उसके उपरान्त उसमे यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए। उपायुक्त ने डीएलएफ के अधिकारियों से कहा कि वे बताए गए सुझावों के तहत अंडरपास के नक्शे में बदलाव कर उसकी एक विस्तृत प्रेजेंटेशन जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिखाएं, ताकि उसमें कुछ और बेहतरी की गुंजाइश के अन्य बिंदुओं पर भी कार्य किया जा सके।

उन्होंने जीएमडीए के अधिकारियों को शंकर चौक पर ही एचएसआईआईडीसी कार्यालय से डीएलएफ फेज-2 की तरफ जाने वाले पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए एक हॉफ फुटओवर ब्रिज बनाने की सम्भावनाओं पर भी कार्य करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि शाम के समय गुरुग्राम से दिल्ली जाने वाले ट्रैफिक का यहां अधिक दबाव रहता है, ऐसे में यदि यहां फुटओवर ब्रिज बनाया जाता है तो यात्रियों को काफी सुविधा होगी। इफको चौक पर अस्थायी रेड लाइट्स और हीरो होंडा चौक पर गलत दिशा से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश जीएमडीए को दिए। गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी, डीसीपी

# डेरा प्रेमियों की सेवा भावना से सीखें सभी : डॉ. गोबिंद शरण

### डेरा सच्चा सौदा की संगत ने व्यापक पैमाने पर किया पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डेरा प्रेमियों के साथ पौधारोपण करते डा. गोबिंद शरण।

**संत** डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में व्यापक पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। गुरुग्राम ब्लॉक की संगत ने गुरुग्राम के साथ सोहना-नूंह क्षेत्र में जाकर भी पौधारोपण किया। संगत ने हजारों पौधे लगाए और उनकी देखरेख का जिम्मा भी लिया। नूंह अस्पताल से एसएमओ डा. गोबिंद शरण ने को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत करते हुए डा. गोबिंद शरण ने साध-संगत के सेवा कार्यों की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि नि:स्वार्थ सेवा की सच्ची मिसाल आप सब डेरा प्रेमी हैं। बीमारों, लाचारों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में डेरा प्रेमी लगे रहते हैं। उन्होंने गुरूजी डा. संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा को भी सजदा किया, जिनके दिखाए मार्ग पर सेवादार इतने मन से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को डेरा प्रेमियों की सेवा भावना का अनुसरण करना चाहिए।

ब्लॉक भंगीदास श्याम सुंदर इंसा, राजेंद्र सिरोही इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम सिंह जी ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग की ओर से पूज्य गुरूजी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लाखों पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्य में डेरा सच्चा सौदा के सेवादार सदा आगे रहते हैं। खून दान, गरीबों की सेवा, राशन वितरण, फ्रूट किट वितरण समेत अनेक कार्यों को संगत लगातार करती रहती है। इस अवसर पर सोहना ब्लॉक भंगीदास मुकेश इंसा मुरलीधर, मांगेराम, विजय, सुधीर, बलिंद्र, अरुण सैनी, प्रदीप गाबा, इंद्रजीत, कृष्ण यादव, इंद्र सिंह मेहरा, विनोद इंसा, महेंद्र मेहरा, देवेंद्र शर्मा, सुजान बहनें सुदेश, बबीता, बिमला समेत काफी संगत मौजूद रही।

## वार्ड-7 की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा

### पार्षद प्रमेन्द्र यादव ने बताया, सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराना होगी उनकी प्राथमिकता

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-7 की सरकारी जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त कराया जाएगा। इस मुद्दे पर नवनिर्वाचित सदन की प्राथमिक बैठक में पार्षद प्रमेन्द्र यादव द्वारा लाया जाएगा।

नगर परिषद के वार्ड-7 के गांव लाखूवास को वर्ष 2014 में तत्कालिन बनी नगर परिषद में शामिल किया गया था। लेकिन लाखूवास की सैकड़ों एकड़ जमीन पर पंचायतकाल के दौरान से ही ग्रामीण अवैध कब्जा करके रह रहे है। ग्रामीणों द्वारा इस कब्जा की गई जमीन पर पक्के मकान बनाकर रिहायश और खेती की जा रही है। वार्ड-7 के नवनिर्वाचित पार्षद प्रमेन्द्र यादव ने बताया कि सरकारी



पार्षद प्रमेन्द्र यादव।

जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जाधारियों ने पिछले करीब 50 वर्षों से कब्जाया हुआ है। जिसको मुक्त कराने के लिए ग्राम पंचायत काल में जनप्रतिनिधि बनकर आए सरपंचों ने कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं की।

नवनिर्वाचित पार्षद ने कहा कि परिषद कार्यालय में जब भी सदन की बैठक होगी। वह इस प्रस्ताव को सदन के बीच में रखेंगे। ताकि नगर परिषद प्रशासन अवैध कब्जों को हटाते हुए सरकारी जमीन को मुक्त करा सके। उन्होंने बताया कि सरकारी जमीन पर पूर्व में ग्राम पंचायत काल में पंच और सरपंच पद पर रहते हुए अवैध कब्जा करते रहे और अपने नजदीकियों को अवैध कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं।

# जन्माष्टमी पर इस्कॉन की ओर से होगा भव्य आयोजन

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा-महोत्सव-2022

### कृष्ण कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पत्रकारों से बात करते इस्कॉन बादशाहपुर के अध्यक्ष अच्युत हरि दास।

**इस्कॉन** सेक्टर-45 का श्री सर राधा गोपीनाथ मंदिर 19 अगस्त 2022 को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए तैयार है। कोविड-19 स्थिति के बाद त्योहारी सीजन एक धमाके के साथ लौटा है। इसलिए इस साल जन्माष्टमी का उत्सव एक बड़ी हिट होगी। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए इस्कॉन सेक्टर-45 मंदिर तीन दिवसीय उत्सव कार्यक्रम के साथ आया है।

इस्कॉन बादशाहपुर के अध्यक्ष अच्युत हरि दास का कहना है कि इस साल हम इस अवसर को तीन दिनों तक मनाएंगे। पहले दिन यानी 17 अगस्त को बड़े कीर्तन, कृष्ण कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 18 अगस्त को भी झूलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व कीर्तन होगा। हम 19 अगस्त को जन्माष्टमी मनाते हैं। समारोह की शुरुआत मध्यरात्रि में मंगल आरती, भोग आरती, कलश अभिषेक और महाभिषेक के साथ होगी। आरती करने के लिए कोई हमारी वेबसाइटपर लॉग इन कर सकता है और अपनी आरती और सिलाई बुक कर सकता है, अच्युत हरि दास, अध्यक्ष इस्कॉन सेक्टर-45 मंदिर गुरुग्राम ने कहा।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के बड़े इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालु भगवान के दर्शन आसानी से कर सकें। आधी रात को महाभिषेक समाप्त होने के बाद भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। उत्सव के लिए मुख्य मंदिर के साथ आसपास की सड़कों को भी कोलकाता लाइट से सजाया गया है। आधी रात को भगवान कृष्ण को कई वस्तुओं से स्नान कराया जाएगा। जन्माष्टमी के अगले दिन हम प्रभुपाद-इस्कॉन वर्ल्ड वाइड के संस्थापक का प्रकटन दिवस भी मनाएंगे।

# प्रसव के दौरान फर्श पर गिरी नवजात, नर्सरी में भर्ती

## मां ने लगाया प्रसव के दौरान कर्मचारी न होने का आरोप

**कविता।** फरीदाबाद


बीके अस्पताल में भर्ती जच्चा याशमीन।



बीके अस्पताल में मौजूद प्रसूति वार्ड।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक नवजात बच्ची जन्म के तुरंत बाद ही फर्श पर गिर गई। जिसके कारण उसके शरीर पर नीले निशान पड़ गए। बच्ची के फर्श पर गिरने के बाद रोने पर महिला की बहन अंदर पहुंची और उसने शोर मचाना शुरू किया। जिस पर नर्स ने तुरंत ग्लब्स पहनकर बच्ची को आनन फानन में बीके अस्पताल में मौजूद बच्चों की नर्सरी में भर्ती करवाया। जहां फिलहाल उसकी हालत के बारे में परिजनों को किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई है। वहीं जब इस विषय में अस्पताल की पीएमओ से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### ये है पूरा मामला

मुल्ला होटल के निकट आदर्श कॉलोनी निवासी नसीर की पत्नी याशमीन ने बताया कि वह पिछले दिनों गर्भवती थी। उसके घर में उसकी दो बेटियां हैं, पहले एक बेटा हुआ और उसकी मौत हो गई। एक बार फिर वह गर्भवती हुई, तो आशा वर्कर के जरिये वह गर्भावस्था की सारी जांच करवा रही थी। गत 16 अगस्त की शाम को उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर आशा वर्कर ने उसे बीके में भर्ती करवा दिया। लेकिन यहां किसी ने उसकी जांच ठीक से नहीं की और बिस्तर पर लिटा दिया। उस दौरान आशा वर्कर उसके साथ थी।

प्रसव पीड़ा होने पर वह चिल्ला रही थी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। उसी दौरान उसकी डिलीवरी हो गई और बच्ची फर्श पर दूर जाकर गिर गई और तेज रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर मैंने आवाज लगाई, तो मेरी बहन आई और बच्ची के रोने की आवाज फर्श से आते देख उसने शोर मचाया तो स्टाफ ने तुरंत दस्ताने डालकर बच्ची को उठाया। बच्ची के गिरने के कारण शरीर पर पीछे कमर और उसके निचले हिस्से में नीले निशान बन गए थे। आनन-फानन में बच्चों की नर्सरी में भर्ती कराया गया। फिलहाल जच्चा और उसकी बहन का कहना है कि नर्सरी में भर्ती बच्ची के बारे में उन्हें अभी तक कुछ भी नहीं बताया गया है।

## 19 को जारी होगी दूसरी मेरिट सूची

**फरीदाबाद।** पहली मेरिट सूची के बाद अब छात्रों को दूसरी मेरिट सूची जारी होने का इंतजार है, जो कि 19 अगस्त को जारी होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए नेहरू कालेज के प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता ने बताया कि पहली मेरिट सूची में दाखिले का मंगलवार को अंतिम दिन था। अब 19 को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसमें शामिल होने वाले छात्र 23 अगस्त तक फीस भुगतान कर अपनी सीट सुनिश्चित कर सकेंगे। इसके बाद कालेज स्तर पर काउंसिलिंग जरिये रिक्त सीटों को भरा जाएगा। यूपीआइ में कुछ परेशानी आ रही थी। अंतिम दिन को देखते हुए छात्रों को कॉलेज का अकाउंट नंबर दे दिया। छात्रों ने फीस भुगतान करने के बाद रसीद दिखाकर अपना दाखिला सुनिश्चित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली का करंट लगने से रोडवेज के परिचालक की मौत


बीके में कारवाई करते पुलिस अधिकारी। इंसेट में राकेश का फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** बिजली के खंबे के पास से गुजर रहे हरियाणा रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत राकेश की करंट लगने से मृत्यु हो गई। परिचालक को कुछ समय पहले ही विभाग में ड्यूटी पर लगाया हुआ था। राकेश के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से भिवानी का रहने वाला राकेश करीब 10 साल से रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत है। पहले राकेश की ड्यूटी बसों पर टिकट काटने पर लगाई हुई थी, लेकिन अब उनका तबादला बल्लभगढ़ डिपो के किसी विभाग में कर दिया गया था। 15 अगस्त की शाम को ड्यूटी करने के बाद जब वह अपने किराए के बल्लभगढ़ कमरे पर जा रहा था। तभी उसको कुछ दोस्त मिल गए। सभी शराब का सेवन करने के लिए बल्लभगढ़ सब्जी मंडी के पास स्थित शराब के ठेके पर चले गए। सभी दोस्तों ने वहां पर शराब का सेवन किया। उसके बाद राकेश नशे की हालत में कमरे पर जाने लगा तभी वहां पर बिजली के खंभे से टकराने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गया। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना आदर्श नगर एसएचओ कुलदीप ने बताया कि राकेश के परिवार में उसकी मां व उसका बड़ा भाई है। पिता की कई सालों पहले मृत्यु हो गई थी। उसका बड़ा भाई भी मानसिक रूप से बीमार था।

### 25 लाख रुपये तक के ड्यूल डेस्क खरीदने का मिला अधिकार


**फरीदाबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर सीएम मनोहर लाल ने सभी सरकारी स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) को किसी भी प्रकार के सिविल कार्य एवं 25 लाख रुपये तक के ड्यूल डेस्क क्रय करने का अधिकार दिया है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि इस अधिकार का ठीक प्रकार से सदुपयोग होना चाहिए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि देखा गया है कि एसएमसी का चयन नियमानुसार ठीक प्रकार से नहीं होता है। नियमानुसार एसएमसी में नगरपालिका या ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से एक सदस्य, शिक्षकों में से एक सदस्य, स्थानीय शिक्षाविद या एनजीओ, कंपनी या दानी ट्रस्ट में से अधिकतम तीन सदस्य शामिल किए जाने चाहिए। फीस भरने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को एसएमसी में शामिल करना अनिवार्य है। समिति सदस्यों में 50 फीसद सदस्य महिलाएं होनी चाहिए। सदस्यों में एक अनुसूचित जाति व एक पिछड़ा वर्ग से जरूर होना चाहिए। लेकिन एसएमसी का गठन पूरी ईमानदारी व पारदर्शी से नहीं होता है। एसएमसी का गठन कब और कैसे हुआ इसका किसी को पता ही नहीं चलता। एसएमसी में अपने चहेते लोगों को शामिल किया जाता है। एसएमसी की मीटिंग एक तो होती नहीं, सरकार को दिखाने के लिए अगर होती है तो अपनी मर्जी से लिए गए निर्णयों पर अध्यक्ष व चार पांच सदस्यों को बुलाकर उनके हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं।

### केडी कान्वेंट स्कूल में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी


केडी कान्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते निवर्तमान पार्षद चौधरी महेन्द्र सरपंच और स्कूल की टीचर।

**फरीदाबाद।** केडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के केडी कान्वेंट स्कूल नंगला एनक्लेव पार्ट-2 में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत श्री राधे राधे बाबूजी महाराज ने शिरकत की। वहीं विशेष रूप से वार्ड नंबर-9 के निवर्तमान पार्षद चौधरी महेंद्र सरपंच, समाजसेवी गुलाब ठाकुर, सचिन भाटी, बबलू भड़ाना और संस्था के प्रबंधक सुरेंद्र यादव, प्रिंसिपल विमला यादव, शिक्षाविद् अजय यादव उपस्थित थे। उपस्थित छात्रों, अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए राधे राधे बाबूजी महाराज ने कहा कि हर वर्ष भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार दो दिन मनाया जाएगा, कुछ लोग इसे 18 तो कुछ 19 अगस्त को मनाएंगे। शास्त्रों में इस दिन आर्थिक तंगी दूर करने के लिए कुछ उपाय बताए गए हैं। इन उपायों के करने से भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है। स्कूल के डायरेक्टर आदेश यादव ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व में खुशहाली एवं तरक्की प्रदान करने वाला है। इस दिन भगवान कृष्ण ने धरती पर जन्म लेकर अत्याचारी महाराज कंस से ब्रजवासियों को मुक्ति दिलाई थी। स्कूल के डायरेक्टर आदेश यादव ने सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

### चोरी के माल सहित चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितिन तथा विशाल का नाम शामिल है आरोपी नितिन गोछी के जीवन नगर तथा आरोपी विशाल फरीदाबाद के सेक्टर 55 का निवासी है। 15 अगस्त को पुलिस थाना मुजेसर में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने 14-15 अगस्त की रात गौंछी गांव के सरकारी स्कूल के पास एक जूस की दुकान से दो मोबाइल फोन तथा 13000 रुपए चोरी किए थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को संजय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दोनों मोबाइल फोन तथा ₹4500 नकद बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों की उम्र करीब 30 वर्ष है। आरोपी नितिन ऑटो चलाने का काम करता है वहीं आरोपी विशाल प्राइवेट नौकरी करता है। दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### सीआरएम स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर दिया जाएगा अनुदान

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन हेतु इन सीटू क्रोप रेजीड्यू मैनेजमेंट स्कीम के तहत 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि (व्यक्तिगत लाभार्थी किसान हेतु) व 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि (कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापना हेतु) स्कीम के निर्देशानुसार कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जा रहे हैं। डॉ. वीरेंद्र आर्य उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फरीदाबाद ने बताया की कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाईट www.agriharyana.gov.in पर 25 अगस्त तक इन कृषि यंत्रों पर आवेदन कर सकते हैं।

# मील का पत्थर साबित होगा मां अमृता आनंदमयी अस्पताल : मनोहर लाल

## सीएम ने मां अमृता आनंदमयी से लिया आशीर्वाद, हरियाणा में 2400 बेड का अस्पताल स्थापित करने के लिए धन्यवाद भी किया

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मां अमृता आनंदमयी अस्पताल में अवलोकन के बाद मां अमृता आनंदमयी से आशीर्वाद लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी द्वारा स्थापित किया गया 2400 बिस्तर का अस्पताल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल है। यह अस्पताल आने वाले समय में देश की बेहतरीन सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मां अमृता आनंदमयी को प्रदेश की जनता की तरफ से साधुवाद है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अमृता अस्पताल में मां अमृता आनंदमयी से आशीर्वाद लेने के बाद उनसे बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाले समय में अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज व उनके परिजन इलाज के लिए पहुंचेंगे। इससे यहां सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की ज्यादा जरूरत पड़ेगी। ऐसे में ग्रेटर फरीदाबाद सहित अमृता अस्पताल के लिए बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल मानवता की दिशा में बड़ा कदम है और उन्हें जिस भी मदद की जरूरत होगी प्रदेश सरकार हमेशा उसके लिए तैयार मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिटी बस सर्विस की सेवाओं को भी यहां तक पहले से ही विस्तार दे दिया गया है। इसके अलावा एफएमडीए द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद में एक अलग से बस डिपो भी स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

इस दौरान मां अमृता आनंदमयी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका सपना है कि कोई भी व्यक्ति अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ उन्होंने कोच्ची के बाद फरीदाबाद में यह दूसरा अस्पताल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं तो केरला में रहती हैं और यहां अस्पताल आप सभी लोगों को ही संभलना है। उन्होंने मदद के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। इस पर मुख्यमंत्री ने मां अमृता आनंदमयी का आभार जताया कि हरियाणा सरकार मानवता के लिए किए गए इस बेहतरीन कार्य के लिए हमेशा साथ खड़ी है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, तिगांव से विधायक राजेश नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, स्वामी अमृतास्वरूपानंद पुरी, स्वामी निजामृतानंदपुरी, अमृता अस्पताल के निदेशक डॉ. संजीव सिंह, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त यशपाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पुलिस की गाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल




## सीएम के साथ आए उच्चाधिकारी को पायलट देकर लौट रही थी गाड़ी

**फरीदाबाद।** गांव अटाली और छांयसा के बीच मौजपुर टोल प्लाजा से पहले तेज रफ्तार से दौड़ रही एक पुलिस की गाड़ी ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में सवार एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए फोर्टिज अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

सेक्टर 55 निवासी पवन अरोड़ा ने बताया कि उनकी बुआ विजय विरमानी पंजाब के लुधियाना में रहती हैं। तीन चार दिन पहले विजय विरमानी अपने बेटे हनी विरमानी और पुत्रवधू जशलीन के साथ उनके घर घूमने के लिए आई थी। बुधवार को तीनों अपनी कार पर सवार होकर वापस पंजाब लौट रहे थे। तभी गांव अटाली और छांयसा के बीच मौजपुर टोल से करीब 500 मीटर पहले तेज रफ्तार से दौड़ रही एक पुलिस की गाड़ी ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में विजय विरमानी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें छांयसा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें एस्कॉर्ट्स फोर्टिज अस्पताल में दाखिल करवा दिया। घायल महिला के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी सीएम के काफिले को छोड़ने के बाद लौट रही थी। ऐसे में चालक को तेज रफ्तार से चलाने की कोई जरूरत नहीं थी। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह का कहना है कि सीएम का काफिला तो घटना से करीब 45 मिनट पहले जा चुका था। पुलिस की यह गाड़ी एक उच्चाधिकारी की गाड़ी को पायलट देकर लौट रही थी। इस घटना में गाड़ी चला रहे पुलिस कर्मी को भी चोट लगी है।

# सरकार की गलत नीतियों पर आंदोलन छेड़ेगा हसला



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्ज एसोसिएशन (हसला) ने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए रेशनलाइजेशन नियमों को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए विभाग द्वारा इस रेशनलाइजेशन के आधार पर तबादला प्रक्रिया में तानाशाही अपनाने का आरोप लगाया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सिंधु की अध्यक्षता में आज सभी हसला जिला अध्यक्षों की बैठक में एक ओर जहां विभाग के निदेशक द्वारा दिए गए आश्वासनों पर कोई कार्रवाई अमल में न लाने पर रोष जाहिर किया गया, वहीं विभाग की इस कथित लालफीताशाही तथा तानाशाहीपूर्ण रवैया के विरोध में राज्य स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कल संगठन की राज्य कार्यकारिणी शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री से इस संदर्भ में संपर्क करेगी तथा वहां भी रेशनलाइजेशन की विसंगतियों को दूर नहीं किया तो फिर हसला राज्य स्तरीय आंदोलन छेड़ेगा।

हसला फरीदाबाद के जिला प्रधान संदीप चौहान ने बताया कि 16 अगस्त को संगठन तथा विभाग के निदेशक के बीच में संबंधित विषयों पर विचार विमर्श हुआ था तथा निदेशक ने आश्वासन दिया कि उपरोक्त सभी विसंगतियों को दूर कर दिया जाएगा, किंतु अभी तक रेशनलाइजेशन से जुड़ी विसंगतियों का निवारण नहीं किया है। गलत रेशनलाइजेशन मापदंडों के साथ तबादला प्रक्रिया का कोई औचित्य ही नहीं है। संदीप चौहान ने बताया कि उच्च विद्यालय से हिंदी तथा अंग्रेजी की प्राध्यापक पोस्ट हटा ली गई है।

# मिड डे मिल के दलिए में मिली छिपकली

## इंचार्ज और शिक्षकों ने खाने के बर्तन में छिपकली देखी

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़


स्कूल में खाने में निकाली छिपकली।

**मिड** डे मील के भोजन में कीड़े, छिपकली, सांप आदि मिलने की शिकायते कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। बुधवार को सुबह नौ बजे चंदावली स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए पहुंचे मिड डे मील के दलिये में छिपकली मिली। जब मिड डे मील की जांच के दौरान इंचार्ज और शिक्षकों ने खाने के बर्तन में छिपकली देखी, तो इसके बाद तुरंत मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। स्कूल की तरफ से बाकी स्कूल मुखियाओं को भी इस बारे में सूचित किया। इसके बाद खाना लौटा दिया गया और बच्चों को नहीं बांटा गया। ये सूचना मिलने के बाद जिले के कुछ दूसरे स्कूलों ने भी बच्चों को खाना नहीं बांटा। जबकि कई स्कूलों ने खाना बंटा है।

**ये था पूरा मामला :** चंदावली स्कूल में मिड डे मील का छठी से आठवीं कक्षा के करीब 80 बच्चों के लिए खाना आता है। सुबह संस्था की ओर से स्कूलों में मिड डे मील की सप्लाई की जाती है और करीब 11 बजे तक खाना बांटा जाता है। स्कूल की मिड डे मील इंचार्ज ने बताया कि सुबह बच्चों को बांटने से पहले ही मिड डे मील में छिपकली देख ली थी। इसके बाद इस बारे में संस्था को सूचना देकर खाना वापस कर दिया था। जबकि शिक्षा विभाग को भी मामले की जानकारी दी थी। किसी बच्चे को खाना नहीं दिया है। बल्लभगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी का कहना है कि स्कूल से शिकायत मिलने के बाद सेक्टर-7 में जाकर एक टीम बनाकर वहां पूरे किचन का दौरा किया है। हालांकि खामी कहीं नहीं मिली है। संस्था को सुझाव दिया है कि जहां मिड डे मील रखा जाता है वहां ऊपर जाली लगाकर कवर किया जाए। सप्ताह भर में ये काम कर लिया जाएगा। खामी कहां हुई है टीम इसका पता लगाने में जुटी है।

## कुएं में गिरने से व्यक्ति की मौत

**बल्लभगढ़।** शराब के नशे में दयालपुर गांव में रहने 35 साल के एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जिस पर थाना तिगांव पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना तिगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दयालपुर निवासी सनी गांव में ही खेती बाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। 16 अगस्त की शाम को अपने दोस्तों के साथ खेत पर शराब का सेवन कर रहे थे। पार्टी करने के बाद वह खेत में बने कुएं में कुछ देखने की कोशिश कर रहा था, तभी उसको संतुलन बिगड़ने की वजह से सनी कुएं के अंदर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्तों ने सनी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर से उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने झटके मेडल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जिला प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान अंतराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी अजय सांगवान।

**राज्य** खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया और जिला प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतराष्ट्रीय पदक विजेता एथलीट खिलाड़ी अजय सांगवान भारतीय रेलवे के द्वारा किया गया।

जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला लेवल प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी 20-21 अगस्त को राजीव गांधी स्टेडियम में एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संयोजक एन बी एम कान्वेंट सीनीयर सेकेण्डरी स्कूल मोहना रहा। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि 14 साल लड़का 60 मीटर में रितिक पहले, अर्श दूसरे और आर्य तीसरे स्थान पर, लड़की में दिक्षा ने पहला और दीपिका ने दूसरा। 600 मीटर में अर्पित पहले, हरिओम दूसरे और विवेक तीसरे स्थान पर रहा। लड़की में हनी मलिक पहले, दिक्षा भारद्वाज दूसरे और विधि ने तीसरे स्थान किया। लडका में लांग जंप में मोहम्मद अयान ने पहला, देवेश दूसरा और भूमिक ने तीसरा स्थान।

16 साल लड़का 100 मीटर में में सुशांत प्रथम, रितेश द्वितीय और वासिया ने तृतीय स्थान, 300 मीटर दौड़ में सुशांत पहले, अजय खान दूसरे और रितेश ने तीसरा स्थान, 800 मीटर में कृष्ण ने पहला, देवेंद्र दूसरा और दीपांशु ने तीसरा स्थान। 2000 मीटर दौड़ में प्रियांशु ने शोयब ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लाग जंप में विहान ने पहला, वास्तिव ने दूसरा और मानव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 16 साल लड़की वर्ग में 100 मीटर दौड़ में यशिका फौगाट पहले, मानवी दूसरे और निशा जाखड़ ने तीसरा स्थान पाया। 300 मीटर दौड़ में हिमांशी ने पहला, रेणु ने दूसरा और लक्षिता ने तीसरा स्थान पाया। 2000 किलोमीटर में रेणु ने पहला और प्रियांशी ने दूसरा जीता। लांग जंप में यशिका ने स्वर्ण पदक। 18 साल आयु लड़का में 100 मीटर में जय तंवर ने पहला, सागर ने दूसरा और करण ने तीसरा स्थान।

## पढ़ाई के डर से घर से भागे युवक को पुलिस ने तलाश किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 2 सप्ताह से लापता युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस थाना सेक्टर 58 में युवक के परिजनों ने दी अपनी शिकायत में बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा दो अगस्त से लापता है। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता है और वह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था परंतु अभी तक घर वापस नहीं आया है। उन्होंने अपने बेटे की तलाश करने की हर संभव कोशिश की परंतु उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। दोस्त रिश्तेदार हर जगह पता करने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लगा तो लड़के के परिजन पुलिस से मदद मांगने के लिए आए जिनकी शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके युवक की तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत करने के बाद क्राइम ब्रांच कैट टीम ने युवक को सुभाष कॉलोनी सब्जी मंडी से बरामद कर लिया।

## थैलासीमिक बच्चों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वास्थ चेकअप शिविर का आयोजन फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया द्वारा इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के सहयोग से किया गया।

अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली की डॉ. अमिता महाजन, डॉ. हिमानी, डॉ. स्वेतलाना व नेहा द्वारा बच्चों का निरीक्षण किया। जैसा की संस्था का हमेशा ही प्रयास रहा है बच्चों को स्वस्थ तो रखा जाये साथ ही साथ खुशिया दी जाय उसी कड़ी में आज उन बच्चों का जन्मदिन बड़े ही उत्साह से मनाया। जिनका जन्म अगस्त माह में हुआ है। बच्चों के लिए फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासिमिया द्वारा केक का प्रबंध किया गया था और बच्चों को उपहार इनर व्हील क्लब ऑफ़ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन द्वारा दिए गए जिन्हें पाकर बच्चे बहुत खुश थे। डॉ. अमिता महाजन ने बच्चों को विस्तार से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डॉ. अमिता ने बच्चों को बताया कि एक नयी दवा थैलामाइड जिसका परीक्षण चल रहा उम्मीद की जा रही है इस दवा से रक्त चढ़ाने की अवधि बढ़ जाएगी, वो सही समय पर रक्त चढ़वायें, सही समय पर दवाइयां ले और समय-समय पर टेस्ट कराते रहे। शीघ्र ही बच्चों के आवश्यक टेस्ट थैलासिमिक्स इंडिया द्वारा किये जाएंगे जिसके लिए थैलासिमिक्स इंडिया की महा सचिव शोभा तुली ने आश्वस्त किया है। गोल्डन लायनेस क्लब फरीदाबाद ओल्ड की प्रधान दुर्गेश अग्रवाल और सदस्य क्लब की सदस्य गीता गोयल, अनीता गुप्ता और दिव्या ने बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की। दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में बच्चों के लिए क्लब की तरफ से एक मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान हरीश रतरा, महा सचिव रविंदर डुडेजा ने बताया की संस्था जल्द की एक विशेष अभियान चलाने जा रही है जिसमें देश अभिनेता, भजन गायक व् खिलाड़ियों का सहयोग रहेगा।

पायनियर
नई दिल्ली , बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022



# भारत-विरोधी कार्रवाई

## श्रीलंका में चीन का जहाज

**श्रीलंका** के हंबनटोटा बंदरगाह में चीन के जासूसी व उपग्रह सहायक जहाज युवान वांग 5 के पहुंचने से किसी को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। भारत ने पहले ही ऐसे जहाज के अपने देश के निकट आने का विरोध किया था, लेकिन शायद ही किसी ने सोचा हो कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पर ऐसी आपत्तियों का कोई प्रभाव पड़ेगा और उसे हमारी चिन्ताओं की फिक्र है। ऐसा सोचना ही मूर्खतापूर्ण था। वैसे भी सरसरी तौर से देखने पर चीनी जासूसी जहाज की इस यात्रा में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यह चीनी स्वामित्व वाला बंदरगाह है और यह एक संप्रभु देश में स्थित है। तर्क दिया जा सकता है कि यदि श्रीलंका को इस यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं थी तो हम इसका विरोध नहीं कर सकते थे। लेकिन हम विरोध कर सकते हैं क्योंकि यह दुश्मन देश का जहाज है और इसमें ऐसी क्षमतायें मौजूद हैं जो हमारे हितों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले हंबनटोटा बंदरगाह में आने वाला जहाज युवान वांग 5 हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों में गंभीर बाधायें पैदा कर सकता है। इस प्रकार जहाज भेजने के पीछे संभवत: यही उद्देश्य है कि वह भारत को घेरने की रणनीति का हिस्सा है। यह कार्रवाई चीन की बहुआयामी कार्रवाई का हिस्सा है जिससे वह इस क्षेत्र में तथा इस प्रकार सारी दुनिया में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। चीन का विश्वास है कि दुनिया धीरे-धीरे इस उभरते यथार्थ या उसकी आक्रामकता की आदी हो जाएगी। इसी कारण उसने ताइवान जलडमरूमध्य में पैदा संकट की पृष्ठभूमि में शनिवार को भारत से 'एक चीन नीति' का समर्थन करने का अनुरोध किया है। यह संकट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से भड़का है। हालांकि, नई



दिल्ली को बीजिंग की आहत संवेदनाओं को शांत करने का प्रयास करना चाहिए, पर उसे इसके जवाब में किसी चीज की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार युवान वांग 5 का लंका आना महत्वपूर्ण मुद्दा है।

इस जहाज का वहां आना एक प्रकार से हमारे विदेश कार्यालय की अक्षमता भी रेखांकित करता है। यदि हम कोलंबो पर इस समय भी दबाव नहीं डाल सके और उसे हमारे उपयुक्त व्यवहार करने पर राजी नहीं कर सके जबकि हम इस संकटग्रस्त देश को अरबों डालर की सहायता दे रहे हैं तो ऐसा नहीं लगता कि भविष्य में हम यह करने में सक्षम होंगे। श्रीलंका के अनेक राजनेताओं ने युवान वांग 5 का भारी विरोध किया था, ऐसे में विदेश मंत्रालय की अक्षमता और उल्लेखनीय हो जाती है। श्रीलंका में तमिल प्रगतिशील गठबंधन नेता तथा कोलंबो में संसद सदस्य मानो गणेशन ने एक बयान में कहा था कि चीनी जासूसी जहाज का श्रीलंका के समुद्र में आना 'पूरी तरह गलत' है। उन्होंने भारत की चिन्ताओं को उजागर करते हुए कहा कि भारत वह देश है जिसने 'हमारे संकट के समय 4 बिलियन डालर की सहायता दी है।' वैसे ईमानदारी से देखा जाए तो श्रीलंका सरकार ने चीन से युवान वांग 5 का आगमन इस मामले पर 'और चर्चा होने तक' हंबनटोटा बंदरगाह भेजना टालने का अनुरोध किया था। खास राजनयिक अंदाज में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक अखबार से साक्षात्कार में कहा, 'हमें अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखने की आवश्यकता है, पर हम इस क्षेत्र में विशिष्टता का दावा नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार यह कहना गलत होगा कि चीनी जहाज के श्रीलंका के बंदरगाह में ठहरने की अनुमति भारत और चीन के बीच एक टकराव बिंदु है।' क्या विदेश मंत्री का यह कथन नेहरू के उस कुख्यात बयान की तरह नहीं है कि 'वहां घास का एक तिनका भी नहीं उगता है'?

# समग्र शिक्षा से ज्ञान की प्राप्ति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सफलता के लिए शिक्षक प्रशिक्षण का पुनर्गठन जरूरी है। इसके साथ ही सभी पक्षों का सहयोग भी जरूरी है जिसमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता भी शामिल हैं।



**बी.के.पी. सिन्हा**
(लेखक, पूर्व आईएफएस अधिकारी हैं)



नेलसन मंडेला ने ठीक ही कहा था कि 'शिक्षा एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियार है जिसका प्रयोग हम दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।' यह मानवजाति के विकास एवं वृद्धि की सीढ़ी है। शिक्षा का अधिकार सबके लिए होना चाहिए ताकि सभी लोग बेहतर भविष्य की संभावनायें तलाश सकें। लेकिन केवल शिक्षा के अधिकार से शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित नहीं होती है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के जटिल व तेजी से बदलते परिवेश में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे ज्यादा न्यायोचित व ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल एवं मूल्य प्राप्त होते हैं। 'एजुकेशन इंटरनेशनल एंड द असोसियेशन फार सुपरविज़न एंड क्यूरीकुलम डेवलपमेंट' के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा 'बच्चे के समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है जिसमें सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक व संज्ञानात्मक विकास शामिल हैं, भले ही उसका जेंडर, नस्ल, वंश, सामाजिक-आर्थिक स्तर या भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो।' इसका उद्देश्य छात्रों को उन स्थितियों के लिए तैयार करना है जिनका सामना उनको अपने भावी जीवन में करना पड़ सकता है। अब हमें समझ लेना चाहिए कि केवल शिक्षा ही टिकाऊ भविष्य तक नहीं ले जा सकती है, इसलिए टिकाऊ विकास-एसडी के लिए सीखना भी जरूरी है। 2030 एसडी एजेंडे के लक्ष्य 4.7 में परिवर्तनकारी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है जो वैश्विक नागरिकता, टिकाऊ विकास, मानवाधिकार, जेंडर समानता, शांति व सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा दे। 'टिकाऊ विकास' शब्द देने वाली ब्रंडलैंड रिपोर्ट ने इसे परिभाषित करते हुए कहा है 'वह विकास जो वर्तमान की आवश्यकतायें पूरी करे, पर भावी पीढ़ियों की क्षमताओं को प्रभावित न करते हुए उनकी आवश्यकतायें भी पूरी करे।'

यही समग्र दृष्टिकोण है जिसमें आमतौर से तीन क्षेत्र-परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक शामिल होते हैं। इससे जीवन के सभी क्षेत्रों का परस्पर संपर्क प्रदर्शित होता है तथा यह टिकाऊ समृद्धि की आवश्यकता पर समान रूप से जोर दिया जाता है। लेकिन आमतौर से हम टिकाऊपन के प्रति एकपक्षीय दृष्टिकोण अपनाते हैं जो हमारी सोच पर आधारित होता है। उदाहरणार्थ, परिस्थितिकी, आर्थिक या सामाजिक दृष्टिकाण पर जोर दिया जाता है जिससे विकृति पैदा हो सकती है। दुनिया आज जिन चुनौतियों का सामना कर रही है वे एक दूसरे से जुड़ी हैं और उनको अलग-थलग कर नहीं समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, हर साल मौसम की आत्यन्तिक घटनायें सामने आती हैं तथा समुद्र के बढ़ते स्तर से लाखों लोगों को अपने घरों से भागना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप जलवायु शरणार्थी पैदा होते हैं तथा गरीबी बढ़ती है। जलवायु परिवर्तन व गरीबी के अनिवार्य रूप से एक दूसरे से जुड़े होने के कारण एक समस्या को संबोधित किए बिना दूसरी का समाधान नहीं किया जा सकता है। परिस्थितिकी के मूल सिद्धान्तों को समझने के लिए हमें संबंधों, परस्पर जुड़ाव तथा संदर्भों पर गौर करना होगा ताकि परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं की परस्पर निर्भरता व अक्सर अनुमान से परे गत्यात्मकताओं को समझा जा सके। विश्लेषणात्मक या आंशिक सोच के बजाय संदर्भात्मक या समग्र सोच में परिवर्तन ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने, व्यवस्थित निर्णय लेने तथा नीति निर्माण के लिए आवश्यक है। इसे शिक्षा की आलोचनात्मक क्षमता कहा जाता है क्योंकि इससे छात्रों को धरती पर जीवन की जटिलताओं को समझने व उनमें काम करने का अवसर मिलता है। टिकाऊ विकास हेतु शिक्षा-ईएसडी को सीखने और शिक्षण से जोड़ने पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सहायता मिलती है जो अनेक टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के लिए महत्वपूर्ण है। इनमें गरीबी का दुष्चक्र तोड़ना, असमानतायें घटाना, जेंडर समानता प्राप्त करना तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाना शामिल हैं। यह अन्य प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए भी जरूरी है जिनमें बरबादी करने वाला उपभोग, जैवविविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, स्वच्छ जल, स्वास्थ्य, सफाई व कचरा प्रबंधन शामिल हैं। ईएसडी एक अंतर-विषयी क्षेत्र है जिसमें अनेक विषयों की अवधारणायें समाहित की जाती हैं ताकि प्राकृतिक व मानव-निर्मित प्रक्रियाओं के परस्पर व्यवहार को समझने पर जोर दिया जाता है जिनका अंतत: प्रभाव ग्रह के अनेक बायोमास पर पड़ता है। इसका लक्ष्य जीवन के ऐसे टिकाऊ तरीके खोजना तथा प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन है जिससे महत्वपूर्ण परिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा हो सके तथा मानव समृद्धि के दीर्घकालीन लक्ष्य पूरे हो सकें। व्यवहार बदलने तथा वर्तमान व भावी पीढ़ियों को टिकाऊ भविष्य के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशलों से लैस करने के लिए शिक्षा में व्यापक सहभागी विधियों का प्रयोग होता है, जैसे समस्या आधारित तथा परियोजना आधारित शिक्षण। इन क्रियाविधियों से समस्या-समाधान तथा अंतर-विषयी व व्यवस्थित विचार कौशल प्राप्त होता है। इससे टिकाऊपन के संदर्भ में 'क्या सोचें' के बजाय 'कैसे सोचें' सीखने में सहायता मिलती है।

हमारे टिकाऊ भविष्य के लिए ऐसे समाजों व देशों की आवश्यकता है जो एकसाथ काम करें। इसलिए शिक्षा के स्तरों पर हमें सहभागी शिक्षण की पैरवी करनी चाहिए। सहभागी शिक्षण में छात्र छोटे समूहों में एकसाथ काम कर समझ व समाधान के साझा लक्ष्य तय करते हैं। इससे शिक्षा के प्राथमिक उद्देश्य पूरे होते हैं जिसमें जटिल परिस्थितिकीय, सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर एकसाथ काम करने में सक्षम जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना प्रमुख है। इस प्रकार शुरुआती स्तर पर सीखने की सहयोगी परियोजनायें आत्मविश्वास व आलोचनात्मक सोच, सकारात्मक परस्पर निर्भरता, विविधतापूर्ण समझदारी तथा अन्य सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायक हो सकती हैं। इन कौशलों में नेतृत्व के गुण, निर्णय लेना, संवाद, विश्वास बनाना, टकराव प्रबंधन तथा स्वामित्व की भावना शामिल हैं। शिक्षा संस्थानों को विभिन्न पक्षों से साझेदारी करने की जरूरत है जिनमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, आदि शामिल हैं, ताकि वे परस्पर एक दूसरे से सीख सकें। इससे छात्रों को असली जीवन के मुद्दों से संपर्क करने में सहायता मिलेगी और वे दीर्घकालीन टिकाऊ समाधान तैयार करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान व कौशल विकसित कर सकेंगे।

परंपरागत रूप से ईएसडी को शिक्षा व्यवस्थाओं में अलग आयाम समझा जाता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में इसे सभी स्तरों पर मुख्यधारा के साथ समाहित करने का तर्क दिया जा रहा है जिनमें अनौपचारिक व औपचारिक शिक्षा शामिल हैं। इसके लिए विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञानों, मानविकी, आदि की पाठ्यपुस्तकों में सभी प्रकार के व्यवस्थित परिवर्तन जरूरी हैं। इसके लिए शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार भी जरूरी है जिसमें पाठ्यचर्या मजबूत करना, संज्ञानात्मक व गैर-संज्ञानात्मक तत्व, सीखने के परिवेश में परिवर्तन, विविध साझेदारियों की स्थापना, शिक्षक प्रशिक्षण, सीखने के स्थानीय अवसर तथा खोजी शिक्षाविधियां शामिल हैं। ईएसडी शिक्षण के लिए अनेक विषयों का ज्ञान जरूरी है जो आमतौर से शिक्षकों की विशेषज्ञता के बाहर हैं। इसलिए शिक्षक शिक्षण का पुनर्गठन अध्ययन परिवेश के पुनर्गठन हेतु आवश्यक है। इसमें शिक्षाशास्त्र के विकास व शोध हेतु सर्वोत्तम व्यवहारों की पहचान शामिल है। हालांकि, बिना प्रभावी नीतियों, आपरेशनल ढांचे, राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय सहायता व सभी पक्षों के सहयोग के इतने व्यापक सुधार संभव नहीं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इक्कीसवीं शताब्दी की पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य एसडीजी के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को बदलना तथा शिक्षा को समग्र, समावेश, बहुविषयी, छात्र-केन्द्रित, खोज-संचालित व प्रायोगिक बनाना है ताकि भारत को एक जीवन्त ज्ञान-आधारित समाज व वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित किया जा सके। 'एजेंडा 2030' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता बदलने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि मानव जीवन की गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। सरकारों, शिक्षकों, शिक्षा संस्थानों व सभी पक्षों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी जिनमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता शामिल हैं। हम आज ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां दो सड़कें अलग-अलग होती हैं। लेकिन अब तक हम जिस सड़क पर चले हैं वह भ्रामक रूप से सहज है, जबकि दूसरी सड़क अक्सर कठिन है और उस पर बहुत कम लोग चले हैं। लेकिन धरती को बनाए रखने के लिए यह निश्चित रूप से एक लक्ष्य पर पहुंचती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की पांच प्रतिज्ञायें

**प्रदीप वाजपेयी**
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नौवें स्वतंत्रता दिवस के भाषण में देश के लिए जो पांच वादों की घोषणा की है, उनमें से दो वादे अपनी सापेक्ष नवीनता के लिए खास तौर पर विशिष्ट थे। बाकी उनका भाषण अपेक्षित तर्ज पर था – यानी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी, भाई-भतीजावाद, वंशवाद की पारंपरिक तौर पर निंदा तथा विकास, आत्मनिर्भरता, एकता और सहयोग, तथा जातीय, क्षेत्रीय सभी के प्रति समानता, धार्मिक विविधताएं और अपनी विरासत पर गर्व करना। हमेशा की तरह, सूक्ष्म बारीकियां थीं जो भावी चीजों की ओर इशारा करती थीं। लेकिन उससे पहले दो खास बातें कहीं ।

सबसे पहले, उन्होंने सैकड़ों वर्षों की दासता और निर्भरता, गुलामी की ओर इशारा किया, जिसने हमारी मानसिकता को विकृत कर दिया है और इस बात पर जोर दिया कि इसके अंतिम अवशेषों को हमारे दिमाग के अंतराल से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत को अब दुनिया से सत्यापन-प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। यह एक साहसिक, अलंकृत बयान था, जिसे किसी अन्य पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री ने व्यक्त नहीं किया था, विशेष रूप से ऐसे अवसर और स्थल पर। ऐसा लग रहा था कि लंबे समय से दबे हुए राष्ट्र की आत्मा मोदी के सम्मोहक वक्तृत्व में नेहरू के मधुर वाक्यांश को उधार लेने के लिए उच्चारण ढूंढ रही थी। पृष्ठभूमि में लाल किले की खाली, उदास प्राचीर और देश के विस्मरणीय, मार्मिक मध्ययुगीन अतीत के साथ, जो कि अधिकांश भारतीयों में उद्घाटित होता है, वह क्षण ऐतिहासिक विडंबना में रचा-बसा था।

यह भारत के नए आत्मविश्वास और नरेंद्र मोदी सरकार की विदेशी व घरेलू दोनों तरह की गैलरी में नहीं खेलने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण था। यह भारत के राष्ट्रीय हित की एकतरफा खोज है, जो अंतरराष्ट्रीय गुलदस्ते या आंतरिक ईंट-पत्थरों से बेखबर है, जिसने उसे अनुच्छेद 370 को रद्द करने में सक्षम बनाया है, साथ ही जो यूक्रेन-रूस संघर्ष के प्रति हमारा संतुलित, निष्पक्ष दृष्टिकोण भी है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है जैसा कि उसने जुलाई 1972 में किया था जब उसने



कश्मीर विवाद को सुलझाए बिना शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, वो भी तब, जब हमारी सेना ने पाकिस्तान को अपने घुटनों पर ला दिया था और उसके 93,000 युद्धबंदियों को अपनी छावनियों में बंद किया गया था।

दूसरा, पीएम ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्रियों, यहां तक कि खुद प्रधानमंत्री सहित, सभी को नागरिकता के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उनका जोर राजनेताओं पर था, यह उनकी बात को स्पष्ट करने के लिए 'सीएम और पीएम' का उल्लेख करने से पैदा होता है। इसका भारतीय राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार, यह राजनेता को ईमानदार और कानून का पालन करने के लिए- अल्पकालिक चुनावी लाभ की खोज में राष्ट्रीय हितों से समझौता करने के बजाय उन्हें सर्वोपरि रखने, रेवड़ी या मुफ्तखोरी वाली संस्कृति से बचने , जिसके बारे में उन्होंने हाल ही में बात की थी और जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रतिकूल टिप्पणी की थी – सार्वजनिक जीवन में औचित्य, सत्यनिष्ठा और नैतिकता की अनाप-शनाप अवहेलना करने वाले अभिमान पर लगाम लगाने के प्रति सावधान करता है। यह वित्तीय घोटालों, माफिया लिंक, आपराधिक पृष्ठभूमि, जातिवादी लोकतंत्र, जातिवादी हेर-फेर, भाई-भतीजावाद और वंशवाद के अधिकार के लिए ज्यादा कुख्यात अपराधी के लिए एक राजनेता की चेतावनी थी। इस बात ने निराश व पस्त, आम आदमी को अंदर से छुआ होगा, क्योंकि वही राजनीतिक बौनों के षडयंत्रों के पीड़ितों में से है।

इन दो प्रतिज्ञाओं के अलावा, उन्होंने राज्यों को स्वस्थ, सहकारी व प्रतिस्पर्धी संघवाद की ओर प्रेरित किया, कुछ नेताओं द्वारा परस्पर-खिलाफ की जानी वाली कार्रवाई से बहुत दूर। भाई-भतीजावाद के खिलाफ उनके आह्वान में राजनीति के अलावा अन्य क्षेत्र शामिल थे – उदाहरण के लिए खेल, शिक्षा और नौकरियों में जाति आधारित आरक्षण से लंबे समय से त्रस्त देश में योग्यता पर उनका जोर नयी बात था। उन्होंने अन्य बातों के साथ-साथ, पार्टी और वैचारिक हदबंदियों से ऊपर उठकर, नेहरू, जेपी और लोहिया जैसी स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी मशालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बार-बार 'मेरे 130 करोड़ देशवासियों', 'एकता और एकीकरण', 'सामूहिक अंतरात्मा', 'कोई मेरा नहीं, कोई दूसरा नहीं' की बात की और भारत की विविधता इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है। जाहिर है, मोदी की 2047 की भारत योजना में कोई भी समूह छूटा नहीं है। एक ऐसे नेता के लिए, जिसे हाल ही में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में 'इंडियाज डिवाइडर-इन-चीफ' के रूप में ब्रांडेड किया गया था, उनका एकजुटतावादी व्यक्तित्व और भाषण दर्शकों को असल विपरीत वास्तविकता की याद दिला रहा था।

पिछले वर्षों की तरह, पीएम सभी क्षेत्रों के बच्चों के साथ सहजतापूर्वक खुशी से घुलमिल गए, जिन्होंने एक टीवी कमेंटेटर के मुताबिक 'उनके चेहरे पर पवित्र खुशी' के साथ अनायास प्रतिक्रिया दी। विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्यों को उत्साह से उनको शामिल किया, जब मोदी भीड़ के बीच से उनके पास पहुंचे। श्रीनगर के लाल चौक पर विभिन्न जातीय और धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक तिरंगा फहराना एक स्वागत योग्य आश्चर्य था। यह मोदी का पसंदीदा नारा था – सबका साथ, सब का विश्वास या सबका समर्थन, सबका विश्वास- जो कि टीवी स्क्रीन पर बड़े पैमाने पर प्रसारित हो रहा था। ऐसा लग रहा था कि भारत सचमुच अपने रास्ते पर है।

## आप की बात

### मोदी का संबोधन

**लालकिले** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन निसन्देह राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु जन-जन की भागीदारी हेतु प्रेरणा देता है, साथ ही उनका परिवारवाद को भ्रष्टाचार से जोड़ना भी गलत नही है। कारण स्पष्ट है कि राजनीति को कमाई का साधन मानने वालों ने इसे पारिवारिक व्यवसायिक संस्थान बनाकर रख दिया, जहां विरासत अपने परिवार तक ही सीमित रखने की परंपरा चलाई गई। सवाल यह है कि भ्रष्टाचार को केवल कुछ विशिष्ट परिवारों अथवा विपक्षी दलों के ही सर मढ़ना कितना औचित्यपूर्ण है ? क्या सत्ता पक्ष के परिवार भ्रष्टाचार के मामले में दूध से धुले हुए हैं? वैसे भ्रष्टाचार के समूल विनाश के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कठोर कार्रवाई की जानी अपेक्षित है। प्रधानमंत्री ने संस्थानों में भी परिवारवाद के विस्तार की बात कही है। विस्तार से देखना होगा कि इससे उनका क्या अर्थ है। आजादी के बाद से अनेक वैज्ञानिक व तकनीकी संगठनों तथा सार्वजनिक उद्यमों ने परिवारों के अनेक लोगों ने उल्लेखनीय योगदान भी दिया है। यह उस समय के अनुकूल था जब पढ़े-लिखे लोग विदेश जाना ज्यादा पसंद करते थे। क्या इस पर भी गौर किया जाएगा।

–**सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### मानसिक रोगी

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आधुनिक जीवन शैली, भाग-दौड़ भरी जिंदगी, रातों रात शिखर पर पहुंचने की आंकाक्षा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण पुरे विश्व में 45 करोड़ लोग तनाव, मानसिक अवसाद और असुरक्षा की भावना (फोबिया)जैसी मानसिक बिमारियों से ग्रस्त हैं। इनकी संख्या बढ़ रही है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने व राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को गति देने की आवश्यकता है। ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में मानसिक रोगियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण हेय ही है। परिवारजनों को पीड़ित के साथ संवाद बनाये रखना व उसे समझना चाहिए क्योंकि परिवार से उसे मानसिक संबल मिलता है। इसके अलावा बेसहारा, बेहाल भटकते हुए मानसिक रोगी को एक समस्या मानकर मानसिक अस्पताल पहुंचाने का कार्य करने के लिए उत्सुक व्यक्तियों व स्वेच्छिक संस्थाओं व शासन को आगे आना होगा। पीड़ित रोगियों के लिए मानसिक चिकित्सा कक्ष का भी पृथक से निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोग पीड़ित को नजदीकी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा सकें।

–**संजय वर्मा**, मनावर

### रूश्दी पर हमला

**घाटी** में आतंक की घटनाएं अक्सर घटित होती रहती हैं। एक् बार फिर से कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्या के प्रयास में सफल रहे आतंकी। उन्होंने इस बार दो भाइयों को निशाना बनाया, जिनमें से एक् काल के गाल में समा गया। जो कोई भी राष्ट्रवाद की बात करता है कश्मीर में उसे ही ये आतंकी अपना शिकार बनाते हैं। लगातार होती घटनाओं के कारण ही असुरक्षा का भाव वहां के जन-साधारण में है। सुरक्षा बलों के लगातार प्रयास के बाद भी आतंक का बीज अपनी जड़ें जमाये है घाटी में, सरकार एक् ओर तो पाक अधिकृत कश्मीर की बात करती है मगर दूसरी ओर भारत के हिस्से के राष्ट्रवादी अभी तक पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। कश्मीर के राष्ट्रवादियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की अहम् जिम्मेदारी है। वैसे कश्मीर की नकारात्मक घटनाओं को वहां हुए विकास तथा सकारात्मक घटनाओं पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए। जब हमारा पड़ोसी देश व जिहादी कश्मीर में अव्यवस्था पैदा करने के सारे प्रयास कर रहे हों तो स्थिति स्वाभाविक रूप से गंभीर होगी।

–**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** भ्रष्टाचार और परिवारवाद की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। परिवारवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** आज इन चीजों-भ्रष्टाचार व परिवारवाद पर चर्चा नहीं करना चाहता हूं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





**रुश्दी** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार्वभौम अधिकार के पक्ष में खड़े हैं।

– **टोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव

## चार आईएएस सहित 6 पीसीएस का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने बुधवार को प्रशासनिक फेरबदल किया है। बुधवार को शासन ने चार आईएएस और 6 पीसीएस का तबादला किया है। माना जा रहा है कि अभी कुछ और अफसरों के तबादले होंगे। दरअसल सीएम योगी विभागों की खुद ही समीक्षा कर रहे हैं और अफसरों के कार्यों पर नजर रख रहे हैं। खुर्जा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष निशा को प्रतीक्षारत में डाल दिया गया है। उनकी जगह पर डीएम चंद्रप्रकाश सिंह को वीसी बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त चार्ज मिला है। सरोज कुमार को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया है। ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा 6 पीसीएस अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। विपिन कुमार मिश्रा को एडीएम प्रशासन लखनऊ, हिमांशु कुमार गुप्ता को एडीएम वित्त एवं राजस्व लखनऊ, राकेश सिंह को एडीएम ट्रांस गोमती लखनऊ, राकेश कुमार पटेल को मुख्य राजस्व अधिकारी प्रतापगढ़, विवेक चतुर्वेदी को एडीएम नगर अलीगढ़, अनिरुद्ध प्रताप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर के पद पर तैनात किया गया है।

## महेश वाल्मीकि फिर बने आप के एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह ने बसपा के पूर्व विधायक महेश वाल्मीकि को आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश के एससी-एसटी प्रकोष्ठ का पुनः प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इसी क्रम में सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से कासगंज से संजय राजपूत, मुरादाबाद से डॉ. नसरुद्दीन मलिक, रायबरेली से दुर्गा प्रसाद को ज़िला अध्यक्ष घोषित किया गया है। संजय सिंह की अगुवाई में चल रहे इस संगठन विस्तार के क्रम में आप यूथ विंग के अध्यक्ष पंकज अवाना ने यूथ विंग की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए बस्ती जिला से कुंवर पुष्कर आदित्य सिंह, आजमगढ़ से सुनील यादव और आगरा से अरुणकांत कठेरिया को शामिल किया है। नामों की घोषणा प्रक्रिया के बाद सभी नए सदस्यों ने लगन और निष्ठा के साथ पार्टी में अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रण लिया। प्रदेश प्रभारी संजय सिंह और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और भरोसा जताया कि ये सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। सांसद संजय सिंह ने कहा की जनता को आम आदमी पार्टी और पार्टी के सकारात्मक कार्यों पर विश्वास है आम आदमी पार्टी प्रदेश और जिलों में संगठन के विस्तार कर रही है। लगातार विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जिसका उद्देश्य केजरीवाल की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना और जनता के मुद्दों पर सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना है।

## नोएडा पावर कंपनी में प्रशासक नियुक्त करने की मांग

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नोएडा पावर कंपनी पर तत्काल विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 20 उपधारा 1डी के तहत प्रशासक नियुक्त करने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद ने अपनी याचिका में यह मुद्दा इसलिए आयोग के सामने उठाया है क्योंकि प्रदेश सरकार की तरफ से नोएडा पावर कंपनी को टेकओवर करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ऐसे में एनपीसीएल अंतर्गत सभी रेगुलेटरी असेट व वित्तीय लेनदेन जिसके साथ कोई छेडखानी न कर पाए के लिए जरूरी हो गया है की विद्युत नियामक आयोग तत्काल एनपीसीएल पर एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त करें जिससे प्रशासक वहां की वित्तीय गतिविधियों सहित सभी रेगुलेटरी असेट की देखभाल कर पाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व जनहित याचिका दायर करते हुए उक्त मांग की है। उपभोक्ता परिषद ने अपने प्रत्यावेदन में गंभीर मुद्दा उठाते हुए यह आरोप लगाया गया है कि जिस प्रकार से एनपीसीएल ने फिजूलखर्ची करते हुए अपने प्रबंध निदेशक को 6.5 करोड प्रतिवर्ष वेतन यानी कि 55 लाख रुपया प्रति माह भुगतान किया है।

# पर्यटकों के लिए विकसित की जाएंगी सुविधाएंः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा ईको-पर्यटन विकास बोर्ड का गठन और विनियम को मंजूरी दे दी गई है। बोर्ड द्वारा वन क्षेत्र में बफर जोन के बाहर पर्यटकों के लिए तमाम सुविधाएं विकसित की जाएगी, ताकि प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने हर जनपदों में फुटफाल को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सरकारी दफ्तरों, स्कूल और कॉलेज में प्रिकॉशन डोज लगाने के अभियान में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से सर्किल रेट में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसे रिव्यू करने की जरूरत है। इससे पूर्व, सहारनपुर मंडलायुक्त ने एटीएफ (एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी) सेंटर के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे के गांव स्मैक प्रभावित हैं, जहां किशोर और नौजवान स्मैक से नशे की गिरफ्त में हैं। इसी कारण से एटीएफ सेंटर स्थापित किया गया है। एटीएफ सेंटर में एक चिकित्साधिकारी, एक डाटा मैनेजर, एक काउंसलर और एक उपचारिका की तैनाती की गई है। सेंटर में नशे की गिरफ्त में आए लोगों का गुणवत्तापूर्ण उपचार किया जा रहा है। अब तक 28 लोग पूरी तरह से स्वास्थ हो चुके हैं। यमुना एवं बेतवा नदी के संगम पर स्थित बुंदेलखंड के प्रवेश द्वारा हमीरपुर नगर में तटबंधों के निर्माण के बारे में डीएम हमीरपुर ने प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि हमीरपुर में 6 तटबंधों का सुंदरीकरण कार्य कराया जा चुका है। तटबंधों पर इंटरलॉकिंग तथा तटबंधों के किनारे स्थित लोगों के घरों के पास वृक्षारोपण का कार्य कराया गया है। इसके साथ ही सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। वहीं तटबंध पर फास्ट फूड काउन्टर्स खोलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है।

## मैन्यूअल में हुए बदलाव सभी जेलों में होंगे लागूः धर्मवीर प्रजापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कारागार** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने निर्देश दिए हैं कि जेल मैन्यूअल में किए गए बदलावों को सभी जेल अधीक्षक व जेलर अपनी-अपनी जेलों में लागू करें एवं रक्षाबंधन व अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन को और बेहतर तरीके से सम्पन्न कराएं। प्रजापति बुधवार को कारागार मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जेल अधीक्षकों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एवं आजादी का अमृत महोत्सव भव्य तरीके से सभी जेलों में मनाया गया, इसके लिए सभी को बधाई देता हूँ। रक्षाबंधन पर 70 हजार से अधिक बहनों ने राखी बांधी। यह प्रशंसनीय है। प्रजापति ने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देश दिए कि कृष्ण जन्माष्टमी को बेहतर तरीके से एवं शान्तिपूर्वक ढंग से मनाएं। जेल में ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था इसलिए यह त्योहार जेल विभाग के लिए बहुत खास है। जेलों में निरूद्ध कैदियों जिनकी जमानत हो चुकी है परन्तु अर्थदण्ड न भर पाने के कारण जेलों में रहने को बाध्य हैं, इसके लिए एनजीओ के माध्यम से उनको मदद करने का प्रयास करें।

## होमगार्ड राज्यमंत्री ने आश्रित को प्रदान किया बीमा पालिसी का चेक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के होमगार्ड्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बुधवार को होमगार्ड्स मुख्यालय में स्व. सुरेन्द्र प्रकाश मिश्र होमगार्ड्स स्वयं सेवक की आश्रित उनकी माता शोभा मिश्रा को एचडीएफडी बैंक की पालिसीनुसार 30 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के द्वारा कोटक महिन्द्रा एवं ऐक्सिस बैंक में स्वेच्छा से खाते खोल गए हैं। जिनका खाता चालू होते ही बैंक पालिसी के अंतर्गत 30 लाख की धनराशि से होमगार्ड्स स्वयंसेवक के आश्रित बीमित-आच्छादित हो जाते हैं।

## जारी बजट न खर्च कर पाने पर कृषि मंत्री ने जताई नाराजगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गयी। कृषि भवन के सभाकक्ष में समीक्षा के दौरान कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी कृषि निदेशक एवं समस्त योजनाधिकारी उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने विभाग की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने पर उपलब्ध धनराशि के अभी तक 53 प्रतिशत व्यय होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। शासन द्वारा 2500 करोड़ रुपए की जारी स्वीकृति के सापेक्ष विभाग द्वारा मात्र 1350 करोड़ रुपए ही व्यय किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने धनराशि व्यय में आड़े आ रही समस्याओं के क्रम में बताया कि अब केन्द्रीय योजनाओं में व्यय पीएफएमएस के माध्यम से होना है। जो नई व्यवस्था है। साथ ही डीबीटी पोर्टल में भी कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण व्यय की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। पीएफएमएस पोर्टल संचालन की गति बढाते हुए तथा डीबीटी पोर्टल की समस्याओं को दूर करते हुए व्यय प्रगति में तेजी लायी जायेगी। कृषि मंत्री द्वारा कहा गया कि वर्ष 2023 मिलेट वर्ष है, इसलिए कदन्न फसलों को बढावा देने के लिए हमें अभी से ही रणनीति बनाकर कार्यवाही करनी होगी।

## एक्सप्रेसवे के किनारे उद्यमियों को अफोर्डेबल रेट पर दी जाएगी भूमिः नन्दी

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने पर्यटन भवन में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे बाराबंकी, जौनपुर, गाजीपुर में, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे बांदा और जालौन में व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गोरखपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलप किए जाने योजना है। तीनों एक्सप्रेसवे के किनारे करीब 450 हेक्टेयर भूमि है जहां इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलप किया जाएगा। आधी भूमि पर वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक डेवलप किया जायेगा तो आधी जमीन पर इंडस्ट्री को जगह दी जाएगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को डेवलप करने और निवेशकों को इंडस्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## छोटी सी छोटी घटना पर लें त्वरित रिस्पांसः डीजीपी

● जन्माष्टमी पर विशेष सतर्कता बरतने के पुलिस को निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जन्माष्टमी** के मौके पर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खासतौर से मथुरा में बड़े पैमाने पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। डीजीपी डीएस चौहान ने सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज व पुलिस कप्तानों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। डीजीपी ने सादे वस्त्रों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की संयुक्त टीमों को लगाने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि समस्त पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर दिए गए निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाए तथा सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे. फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खंडन किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पिकेट, मोबाइल पेट्रोलिंग व पैदल गश्त की प्रभावी व्यवस्था की जाए।

समस्त आयोजनों, कार्यक्रमों में योजनाबद्ध रूप से सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्ध किया जाए तथा सादे वस्त्रों में भी पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। डीजीपी ने कहा है कि छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए समुचित एवं त्वरित रिस्पांस किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी पुलिस प्रबन्ध के साथ सर्तक दृष्टि रखी जाए तथा इन क्षेत्रों में एंटी सेबोटाज चेक, एक्सेस कन्ट्रोल तथा क्यूआरटी का व्यवस्थापन किया जाए।



राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से बुधवार को कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके शिष्टाचार भेंट करते हुए

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वतंत्रता** की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन बुधवार को अटल बिहारी बाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर केजीएमयू में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों द्वारा की गई प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गतिविधियां बच्चों के विकास के लिये अत्यधिक प्रभावी हैं तथा नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चे अगले 25 साल बाद जब भारत वर्ष की आजादी के 100 वर्ष हो जायेंगे तो नये भारत का नव निर्माण करेंगे। हमारा दायित्व है कि एक-एक बच्चे से आत्मीय लगाव रखें, स्कूल में नियमित रूप से एक्ट्रा एक्टीविटीज हों तथा नवीन शिक्षा पद्धतियों को अपनाते हुये बच्चों का सम्पूर्ण विकास किया जाये। उन्होंने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बच्चों के इमोशन, आचरण, व्यवहार को हम जिधर मोड़ेंगे, बच्चे उसी तरह का आचरण अपनायेंगे और यही बच्चे आने वाले कल में अधिकारी/विभिन्न उच्च पदों पर जायेंगे और देश की सेवा करेंगे।

## भाजपा राज में पूंजीपति मालामाल, जनता कंगाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि महंगाई है। इसका ग्राफहर वर्ष ऊंचा ही होता रहा है। भाजपा की कुनीतियों के चलते भाजपा के पूंजीपति मित्र तो मालामाल होते जा रहे हैं जबकि जनता कंगाल होती जा रही है। भाजपा समाज के हर वर्ग का उत्पीड़न करने से ही नहीं रूकी, उसने तय कर लिया है कि अब वह बच्चों को भी नहीं छोड़ेगी।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, रसोई गैस आदि के दाम आसमान छू रहे हैं। आटा, दाल, चावल, सब्जी, तेल, दूध, दही पर भी जीएसटी लगा दी जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। चावल में 10 से लेकर 20 रूपये, अरहर दाल में 15 रूपए, जीरा में 25 रूपये और लाल मिर्च में 40 रूपए तक की बढ़ोत्तरी हो गई है। पराग, अमूल, मदर डेयरी समेत सभी दूध कम्पनियों ने दूध के दामों में वृद्धि कर दी है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की क्रूर नीतियों की हद तो यह है कि बच्चों के मुंह से दूध छीनने के अलावा अब एक साल के बच्चे पर फुल रेल टिकट लगाने जा रही है। अभी तक रेलवे पांच से ग्यारह वर्ष तक के बच्चों से पूरा किराया लेने पर कन्फर्म टिकट देता था। अब रेलवे ने एक वर्ष के बच्चे के लिए भी किराये के भुगतान की शर्त कन्फर्म टिकट पर लगा दी है। भाजपा के कुशासन में महंगाई, भ्रष्टाचार खूब फलफूल रहा हैं। जनसामान्य की कहीं सुनवाई नहीं। हर तरफ लूट मची हुई है। लोगों में निराशा के साथ आक्रोश भी पनप रहा है। जनता अब भाजपा का फुल टिकट काटने का मन बना चुकी है।

### कांस्य पदक विजेता विजय कुमार ने की मुलाकात

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को बर्मिंघम में हुए 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक विजेता विजय कुमार यादव ने भेंट की। यादव को यह पदक जूडो के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है। उनके साथ उनके कोच शैलेश यादव भी थे। अखिलेश यादव ने विजय कुमार यादव और उनके कोच शैलेश यादव को उनकी जीत पर बधाई दी और सम्मानित किया।

## गन्ना मंत्री ने किया चीनी के रिटेल काउन्टर का शुभारम्भ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चीनी** उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को लगभग 1.8 करोड़ मूल्य का गन्ना भुगतान किया गया है। प्रदेश में 3 निगम व 24 सहकारी कुल 27 चीनी मिलें हैं। जिनमें 66 हजार टन गन्ना पेराई की जाती है। सहकारी चीनी मिल में चीनी की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहले से थोक में और अब रिटेल में भी उपलब्ध करायी जा रही है।

चीनी एवं गन्ना मंत्री चौधरी ने यह बात बुधवार को गन्ना संस्थान परिसर में चीनी के रिटेल काउन्टर की स्थापना के उदधाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम तथा उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ की 27 चीनी मिलों में उत्तम गुणवत्ता की सल्फरलेस चीनी तथा सफेद प्लांटेशन शुगर का उत्पादन किया जाता है। इन मिलों में प्रति वर्ष लगभग 95 लाख कुं. चीनी का उत्पादन होता है। चौधरी ने कहा कि गन्ना विभाग ने उन्नतशील बीजों की शोध करके पैदावार बढ़ाने का काम किया, इसके साथ ही गन्ने में रोग न लगे इस पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उत्तर प्रदेश में किसान पारंपरिक खेती करते हैं जिसमें गन्ने की खेती लाभप्रद है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बंद शुगर मिलों को चलाने का काम किया है और उनकी क्षमता भी बढ़ाई है। नई फैक्ट्री के रूप में निजामाबाद गजरौला और छाता में बंद चीनी मिल को चलाने के लिए कार्य प्रगति पर है इसके साथ ही अलीगढ़ के साथ फैक्ट्री की मरम्मत करके अच्छी पेराई पर ले जाने का काम भी किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव संजय आरण् भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि सहकारी चीनी मिलों में उत्पादित चीनी की विशिष्ट पहचान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से यूपी सहकारी शर्करा के नाम से ट्रेडमार्क रजिस्टर्ड कराया गया है। गन्ना संस्थान परिसर स्थित यह रिटेल काउन्टर प्रतिदिन जनसामान्य के लिए समय सुबह 11 बजे से सॉय 7:30 बजे तक खुला रहेगा । पाँच किलो की प्लान्टेशन शुगर एम30 का दाम 200 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार पाँच किलो की सल्फरलेस चीनी की पैकिंग का दाम 210 रुपए 5 ग्राम के 50 सैशे पैक का दाम 30 रुपए निर्धारित किया गया है। 50 किग्रा की प्लान्टेशन शुगर एम 30 का दाम 1850 रुपए एवं 50 किग्रा पैकिंग में सल्फरलेस शुगर बैग का दाम 1950 रुपए रखा गया है। इस की व्यवस्था गन्ना संस्थान, न्यू बेरी रोड़, डालीबाग स्थित रिटेल काउन्टर पर करायी गई है। प्रबन्ध निदेशक रमाकान्त पाण्डेय ने बताया कि निगम की पिपराइच एवं मुण्डेरवा चीनी मिलों में उत्पादित सल्फरलेस शुगर की बाजार में अत्यधिक माँग है। अभी तक इन मिलों द्वारा उत्पादित चीनी केवल 50 किलो की पैकिंग में उपलब्ध थी।

## ग्रामीण पर्यटन को लोकप्रिय बनाने के लिए गांव में बुनियादी सुविधाएं होंगी उपलब्धः जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि अगले वर्ष 2023 में जारी होने वाली पर्यटन नीति में वर्ष 2018 में घोषित पर्यटन नीति की व्यवहारिक खामियों को दूर करते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से और आकर्षक बनाया जायेगा। इसके साथ ही होटल एवं सेवा सेक्टर, इन्डस्ट्री की लाइसेन्सिंग प्रक्रिया के संबंध में आ रही दिक्कतों को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेन्ट, ट्रेवल तथा सेवाक्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा दिये गये सुझावों को शामिल करते हुए नई पर्यटन नीति के माध्यम से प्रदेश को अगले 5 वर्षों में पर्यटन की दृष्टि से सबसे मनपसंद स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यटन मंत्री सिंह ने यह बात बुधवार को एक होटल में पीएचडीसीसीआई यूपी चैप्टर द्वारा यूपी के विकास में पर्यटन एवं सेव, उद्योग की भूमिका विषय पर आयोजित एक दिवसीय कान्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कही।

कान्क्लेव में होटल एवं हास्पिटलिटी, इण्डस्ट्री तथा ट्रेवल के क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधिगण शामिल थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से संबंधित अपार संभावनायें हैं। इनका दोहन करने के लिए यूपी सरकार पर्यटन के क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग का जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान है। इसको दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इसे अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कान्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। विभिन्न देशों के राजदूतों से भी संपर्क करके प्रदेश में पर्यटकों को आने के लिए संपर्क किया जा रहा है। अभी हाल में ही मैक्सिको के छात्रों के एक दल ने अयोध्या का भ्रमण किया था। उन्होंने कहा कि पर्यटन नीति 2023 के विभिन्न प्राविधानों पर विस्तार से चर्चा करके इसे पर्यटन परक बनाया जायेगा।

## एटीएस जैश के तीनों आतंकियों से रिमांड पर करेगी पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े आतंकी मोहम्मद नदीम व उसके साथी हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला की गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने कार्रवाई तेज कर दी है। सहारनपुर से गिरफ्तार मोहम्मद नदीम, कानपुर से गिरफ्तार हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्लाह और आजमगढ़ से गिरफ्तार सबाउद्दीन उर्फ सबाउद्दीन आजमी उर्फ सबाऊ उर्फ दिलावर उर्फ बैरम खां उर्फ आज़ार को बुधवार को एटीएस ने रिमांड पर ले लिया है। इन तीनों से एटीएस महाराष्ट्र, झारखंड, कश्मीर के लोगों से संबंधों पर पूछताछ करेगी। इन राज्यों में दोनों आरोपियों की निशानदेही पर यूपी एटीएस छापेमारी भी कर सकती है। पूछताछ के लिए एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने बीते मंगलवार एटीएस की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई करते हुए कस्टडी रिमांड स्वीकृति की थी। संदिग्ध आतंकी नदीम और हबीबुल उर्फ सैफुल्ला को 12 दिन और सबाउद्दीन को 10 दिन की कस्टडी रिमांड बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हुई। स्वतंत्रता दिवस से पहले उत्तर प्रदेश को दहलाने की साजिश को आतंकवाद निरोधक दस्ता ने नाकाम करते हुए तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। 12 अगस्त को नदीम को सहारनपुर से 14 अगस्त को सैफुल्ला को फतेहपुर से गिरफ्तार किया था। वहीं 9 अगस्त को आजमगढ़ से सबाउद्दीन की गिरफ्तारी हुई थी।

सूत्रों की माने तो यूपी एटीएस की जांच में यह पता चला था कि नदीम और हबीबुल दोनों पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी हैंडलरों के सम्पर्क में थे। दोनों बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सबाउद्दीन आंतकी संगठन आईएसआईएस के से सीधे सम्पर्क में था। बताया जा रहा है कि संदिग्ध आतंकी नदीम के पास से एटीएस को कुछ पीडीएफ फाइल मिली है, जिसमें आत्मघाती हमले के लिए जैकेट बनाने का तरीका किस तरीके से आत्मघाती हमला करना।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन...

# 18 हजार 596 प्री-लिटिगेशन वादों का हुआ निस्तारण

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में प्रभारी अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश अजय कृष्ण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राहुल प्रकाश अपर जिला जज कोर्ट संख्या-07 स्पेशल गैंगेस्टर एक्ट तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने बताया कि सीतापुर के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा कुल-20 हजार 156 मुकदमें निस्तारित किये गये। विभिन्न बैंकों द्वारा प्री-लिटिगेशन बैंक रिकवरी के कुल-1270 मामलों को निस्तारित कर 11 करोड़ 06 लाख 63 हजार रूपये समझौता राशि वसूली गयी। कुल-264 प्री लिटिगेशन ई-चालान का निस्तारण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिलाधिकारी सीतापुर के अधीनस्थ जनपद के समस्त विभागों समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कृषि विभाग, प्रभागीय वन विभाग तथा जिला पूर्ति अधिकारी इत्यादि विभागों द्वारा कुल-18 हजार 596 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार प्रभारी जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय सीतापुर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-44 हजार 604 वादों का निस्तारण सफ्लता पूर्वक किया गया।

## आज खुला रहेगा एआरटीओ कार्यालय

● श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश शासन स्तर से अब शुक्रवार को हुआ घोषित

**सीतापुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पूर्व निर्धारित अवकाश निरस्त होने के बाद गुरूवार को एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश शासन स्तर से अब शुक्रवार को घोषित किया गया है। अत: शुक्रवार के लाइसेंस एवं फ्टिनेस के स्लाट का कार्य शनिवार को सम्पादित किए जाएंगे। उन्होने बताया कि शुक्रवार का निर्धारित कार्य आवेदक शनिवार को करा सकते है।

# आरएमपी महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। सीतापुर

● छात्र छात्राओं के देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबके मन को उल्लास और उत्साह से भर दिया

**आरएमपी महाविद्यालय** में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया । स्वाधीनता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अंतर्गत अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों के क्रम में छात्र छात्राओं के देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबके मन को उल्लास और उत्साह से भर दिया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ छात्र छात्राओं ने सामूहिक प्रस्तुतियां दीं। महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने कहा भारत देश से ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा अपनी प्रतिभा से हम देश को आगे बढ़ाने का कार्य करे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीकांत श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को आव्हान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य सुंदर बना सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि गौरव कटियार (डिप्टी डायरेक्टर, आर्थिक व सांख्यिकी विभाग, पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार) उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का उठाएं लाभ: एआरटीओ

**लखीमपुर खीरी।** एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा / वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 25 ई-रिक्शों को निरूद्ध किया और इसी प्रकार ऐसे वाहनों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही की जाती रहेगी। जनपद खीरी में लगभग 1500 ई-रिक्शा पंजीकृत है जिनमें अधिकांश की फिटनेस वैधता समाप्त हो चुकी हैं एवं कर बकाया चल रहा है। उन्होंने उक्त के दृष्टिगत ऐसे वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि शासन द्वारा जारी अधिसूचना जो एक मुश्त शास्ति समाधान योजना 01 अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में है जिसकी अंतिम तिथि 26 अगस्त है। योजना के तहत बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त करने हेतु ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहनों के प्रति कर बकाया है, वे अविलम्ब एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के अन्तर्गत 26 अगस्त तक स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन करते हुए टैक्स जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद बकाया कर जमा करने पर कार्यालय द्वारा कर मय शास्ति जमा कराया जायेगा।

### मेधावी छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत

**संडीला(हरदोई)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था प्रादेशिक जनहित जागरण समिति ने विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। संस्था के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने भगवानबुद्ध इंटर कॉलेज के कक्षा 12 आयुष पाण्डेय, सिद्धार्थ यादव, प्रशांत सिंह तथा आशीष कुमार एवं हाई स्कूल के वैभव सोनी, कृष्णा गुप्ता तथा सचिन कुमार। रजकीय बालिका इंटर कॉलेज संडीला की कक्षा 12 में शालिनि यादव, हिमांशी गुप्ता, इकरा बिस्मी तथा कक्षा 10 की यशी सिंह, जहन्वी कन्नौजिया तथा सानिया बानो, आईआर इंटर कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र अली अहमद, उत्कर्ष त्रिपाठी, शिवम्, इंटर विज्ञान वर्ग के मो0 आरिफ्, आकाश गौतम, रोहित कुमार, कलावर्ग के अनुषका यादव, रितिका सैनी, पारस गुप्ता, वाणिज्य वर्ग के आकाश कुमार, स्नेहा तिवारी, तथा कौशल, व्यवसाइक वर्ग के अरिल इदरीसी, सत्यवान तथा शाहरुख अहमद। पारवती देवी इंटर कॉलेज के कक्षा 12 की मेधावी छात्र रुबी वर्मा, पूजा यादव, यश विश्वकर्मा, कक्षा 10 की गायित्री, मुस्कान तथा स्मृति श्रीवास्तव। मीराबाई सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 10 की छात्रा दीक्षा गुप्ता, अंशिका मौर्य, मुसकान मौर्य, अभिनय कुमार तथा तनमय सिंह। सुघरदीन उ0मा0 विद्यालय की छात्रा गरिमा तिवारी, शीबा, ममता, मानसी, छोटी, अनन्या, साक्षी, शालिनि, खुशी गुप्ता, अर्चना, उपासना तथा छात्र मो. शदाब, करन कुमार तथा मेराज अली को सम्मानित किया।

### गायत्री इंटर कॉलेज ने निकाली तिरंगा यात्रा

**निघासन खीरी।** निघासन स्थित द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज से विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक रैली में शामिल हुए। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगाठ देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत करने के लिए घर-घर में तिरंगा लगवाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत निघासन में भी विभिन्न जगहों पर तिरंगा बनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को निघासन स्थित द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने निकाली विशाल तिरगा रैली में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक रैली में शामिल हुए। द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों से अपने अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। सभी उत्साह और उमंग के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। जो नगर के सिंगाही रोड होते हुए ब्लाक परिसर से होते हुए तहसील पहुंची। वहीं शास्त्री नगर होते हुए रैली द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिंह, व्यस्थापक यज्ञभूषण सिंह, अंकुर पाण्डे, मोहसिन शेख, अमित वर्मा, आलोक वर्मा, संजय शर्मा, निर्मल कौर व ज्योति सिंह आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर भाजपा** नगर दो के कार्यकर्ताओ ने सुशासन के जन नेता ओजस्वी वक्ता, कवि हृदय और महान व्यक्तित्व के धनी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम मिश्रा, जिला मंत्री जया सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन पांडे, प्रकोष्ठ संयोजक आकाश राय, पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री अशोक राठौर नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह, नगर महामंत्री अनीत मिश्र, रामबाबू श्रीवास्तव, लक्ष्मी पांडे, ललित श्रीवास्तव चंचल, पंकज अवस्थी, संतोष शुक्ला, संदीप अवस्थी, रमेश चंद्र त्रिवेदी, ऋषभ त्रिवेदी, ममता डूडेजा, संगीता राजवंशी, नीलम सिंह, पुत्ती लाल, राम कुमार जयसवाल, राकेश गुप्ता पिंकू, सत्यम त्रिवेदी, मयंक राठौर, आशुतोष दीक्षित, राजन गुप्ता आदि मौजूद थे।

# कटान पीड़ितों का दुख दर्द जानने पहुंची नर्मदा बचाओ आंदोलन की अगुवाकार मेधा पाटकर

संवाददाता। सीतापुर

**नर्मदा बचाओ** आंदोलन की अगुवाकार मेधा पाटकर कटान पीड़ितों का दुख दर्द जानने और समस्या के निराकरण को लेकर तंबौर क्षेत्र के गांजरी इलाके में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भ्रमण के लिए निकली है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने एचएमएच डिग्री कॉलेज में शॉल व बुके देकर प्रतिनिधिमंडल व मेधा पाटकर का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक सलाहुद्दीन ने स्मृति चिन्ह व बुके भेंट किया। मेधा पाटकर ने बताया गांजरी क्षेत्र की सबसे मुख्य समस्या कटान है। जिससे हजारों लोग बेघर हो जाते हैं और बाढ़ आ जाने के कारण पूरी की पूरी फ्सलें नष्ट हो जाती हैं। कटान पीड़ितों से मिलने का मुख्य उद्देश्य उनकी समस्या का निराकरण कराना ही है। प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ अंरूधती ध्रुव, रिचा सिंह, आराध्य शुक्ला समेत दो दर्जन लोग शामिल थे।

## आवारा पशुओं से परेशान होकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**बेहजम खीरी।** बेहजम ब्लॉक क्षेत्र में छुट्टा आवारा पशुओं की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। गांव में खेती किसानी करने वाले किसान जहां खेतों में ख?ी फसलों की सुरक्षा में दिन-रात जी जान लगाकर पशुओं की निगरानी में जुटे हैं। वहीं स?क पर राहगीरों की मुसीबत बन कर ख? हैं यह आवारा पशु। जिनसे दर्जनों लोग अपने वाहनों की चपेट में आने पर टक्कर से गिर कर घायल भी हो रहे हैं। इस विकट समस्या का हल निकलता न देख ग्रामपंचायत किशुनपुर के गांव लखनियापुर में किसानों ने अनशन पर बैठकर अधिकारियों के कानों में अपनी आवाज पहुंचायी। ब्लॉक बेहजम के किशुनपुर ग्राम पंचायत के दर्जनों किसान आवारा पशुओं से अपनी निजात दिलाने के लिए मंगलवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया। इस मामले की खबर जिले के आला अधिकारियों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में खंड विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह को किसानों को समझाने के लिए भेजा पर किसानों ने उनकी बात न मानते हुए अनशन जारी रखा। बुधवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन अवध के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला उर्फ श्यामू शुक्ला लखीमपुर खीरी के दिशानिर्देश पर भेजे क्षेत्रीय किसान नेता रवि तिवारी के साथ दर्जनों किसानों ने उनके समर्थन में पहुंच गए।

जिलाधकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस..

# कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कीट रोगों से फसल को बचाने हेतु दी किसानों को सलाह

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक डॉ. एसके सिंह द्वारा गत किसान दिवस बैठक में प्राप्त समस्याओं के निस्तरण की स्थिति से अवगत कराया गया। तत्पश्चात केवीके के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मौसम की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत समसामायिक जानकारी प्रदान करते हुये अपनी भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा बनाये रखने तथा कीट रोगों से फ्सल को बचाने हेतु रासायनिक उपाय के स्थान पर अन्य वैकल्पिक माध्यमों का उपयोग करने की सलाह किसानों को दी गई। जिला गन्ना अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसान दिवस में अधिकांश किसानों ने बेसहारा पशुओं की समस्या प्रमुखता से उठाई।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग से कार्य किया जा रहा है किन्तु आम जनमानस से आपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जनपद के सभी बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने हेतु 31 दिसम्बर, 2022 का लक्ष्य निर्धारित करते हुये कार्यक्रम का रोड-मैप तैयार कर लिया गया है। दो अति वृहद गौ-संरक्षण केन्द्रों हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात कुमार सिंह, किसान तथा विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# यूपी 112, पीआरवी की रैली



संवाददाता। बरेली

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव के क्रम में आज बरेली पुलिस लाइन से यू.पी.112 के चार पहिया व दो पहिया पीआरवी वाहनों का मार्च पास्ट रिजर्व पुलिस लाइन बरेली से एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ये मार्च पास्ट शहर के चौपला चौराहा, सिटी रेलवे स्टेशन, मिनी बाईपास आदि स्थानों पर होते हुए पुलिस लाइन बरेली में ही सम्पन्न होगा, एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के सप्ताह का आखिरी दिन है, आज 112 की गाड़ियों को अमृत महोत्सव के क्रम में तिरंगा लेकर शहर में मार्च करने के लिए भेजा है, लोग आजादी के बलिदानों को याद कर सकें, उनकी कुर्बानियों को समझ सकें, और अपने आप को मिली हुई आजादी पर गौरवान्वित महसूस कर सकें, और उसके मूल्यों को बचाये रख सकें।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेलों में अनिवार्य रूप से लगे टीबी का स्टाल

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● टीबी मरीजों को गोद लेने वालों का निक्षय पोर्टल पर होगा पंजीकरण

● ओपीडी में कुल आने वाले मरीजों में से 5 प्रतिशत की होगी टीबी जांच

**देश को वर्ष** 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए हरसम्भव कोशिश लगातार जारी है। इसी क्रम में अब हर रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में भी निश्चित रूप से अलग से टीबी के स्टाल लगाये जायेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि इसके माध्यम से मेले में आने वालों को टीबी के लक्षण जैसे- दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आना व बुखार बना रहना, खांसी के साथ बलगम में खून आना, रात में पसीना आना, वजन गिरना, भूख न लगना आदि के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा मुफ्त जाँच और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। जाँच में जिन लोगों में टीबी की पुष्टि होगी, उनका इलाज तत्काल शुरू किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इसी माह से अब यह व्यवस्था भी की गयी है कि टीबी मरीजों को गोद लेने वालों (डोनर) को चिन्हित कर निक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाएगा। इनको अब निक्षय मित्र के रूप में जाना जायेगा। इसके साथ ही क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन बढाने के लिए अब सरकारी अस्पतालों (स्वास्थ्य इकाइयों) की ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों में से माहवार पांच फीसद मिलते-जुलते लक्षण वाले मरीजों को टीबी की जांच के लिए रेफर किया जाएगा। इसके अलावा कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को टीबी की स्क्रीनिंग और उपचार सेवाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निक्षय पोर्टल संचालित करने के लिए सीएचओ को हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत क्षय रोगियों को इलाज के दौरान हर महीने मिलने वाले 500 रुपये का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए।



**शहर के अस्पताल में ही होता है टीबी का इलाज**

**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ओयल स्थित नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में भले ही जिला अस्पताल को शिफ्ट कर दिया गया हो, लेकिन क्षय रोग का इलाज अभी भी जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में ही किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों को टीबी रोग के लक्षण मालूम हो, वह जिला मुख्यालय स्थित टीबी अस्पताल में आकर अपनी जांच व इलाज करा सकते हैं। उन्हें जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर ओयल में शिफ्ट किए गए जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**संडीला( हरदोई )।** स्व0 लाला गंगा प्रसाद मानव कल्याण समिति द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ0 सत्यप्रकाश आर्य की अध्यक्षता में संपन्न होने वाले इस शिविर का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राजू रंजन प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस शिविर में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों डॉ0 प्रशांत सिंह, डॉ0 शिखा दीक्षित, डॉ0 नेहा सिंह, डॉ0 साहिबा, डॉ0 आयुषी, डॉ0 राकेश तथा डॉ0 राजकरन की टीम ने रोगियों का परीक्षण किया तथा 48 मरीजों का चयन मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु किया गया। अन्य नेत्र रोगियों को आवश्यक दवाएं और चश्मे आदि का वितरण किया गया। शिविर में आलोक अस्थाना, शिवनारायन गुप्ता, विशुन दयाल शुक्ला, श्रीकांत एडवोकेट, राकेश मोहन, बृजेन्द्र किशोर शर्मा, चमन विश्वकर्मा, उपासना, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**बरेली ।** पति की मौत के बाद ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान होकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारी पुर निवासी स्वर्गीय सचिन की 35 वर्षीय पत्नी विक्की को आज सुबह बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विक्की के परिजनों ने बताया कि विक्की के पति सचिन का लगभग 3 माह पूर्व निधन हो गया था पति के निधन के बाद से विक्की को उसके ससुराल वाले घर से बाहर निकालना चाहते हैं और उसे अक्सर प्रताड़ित करते है इसी उत्पीड़न से परेशान होकर आज विक्की ने घर में ही रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।

# पेज एक का शेष

## भाजपा ने...

से भी उनकी छुट्टी हो गई है। मोदी, शाह, नड्डा और राजनाथ सिंह संसदीय बोर्ड के सदस्य होने के कारण स्वत: ही सीईसी के भी सदस्य बन गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री जुआल ओरम, शाहनवाज हुसैन और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष विजया राहतकर को भी सीईसी से हटा दिया गया है। नए बदलाव के बाद सीईसी में कुल 15 नेता हैं। सीईसी में राजस्थान से ओम माथुर, तमिलनाडु से श्रीनिवासन (भाजपा महिला विंग की मुखिया), फडणवीस और भूपेंद्र यादव नए सदस्य हैं। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी संगठन में और भी बदलाव हो सकते हैं, जिसमें नए चेहरों को जगह दी जा सकती है।

## रोहिंग्या मुसलमानों...

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा एक ट्वीट करने के कुछ घंटे बाद आया, जिसमें कहा गया था कि भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जिन्होंने देश में शरण मांगी है। बुधवार सुबह साढ़े सात बजे किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में पुरी ने यह भी घोषणा की थी कि सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में स्थानांतरित किया जाएगा। यही नहीं, पुरी ने यह भी कहा कि रोहिंग्या को मूलभूत सुविधाएं, यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) की ओर से जारी परिचय पत्र और दिल्ली पुलिस की चौबीसों घंटे सुरक्षा मुहैया की जाएगी। पुरी ने अपने पोस्ट में एक समाचार एजेंसी की खबर को टैग किया था और उन लोगों की आलोचना भी की थी जिन्होंने देश की शरणार्थी नीति पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग इस कदम से निराश होंगे। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी संधि 1951 का सम्मान करता है और उसका पालन करता है और सभी को उनकी जाति, धर्म या पंथ की परवाह किए बिना शरण देता है। पुरी के इस बयान से हर तरफ हलचल मच गई और विश्व हिंदू परिषद एवं कई अन्य दक्षिणपंथी संगठनों ने इस नीति पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से फैसला बदलने व रोहिंग्या को वापस उनके देश भेजने की मांग की। हर तरफ से घिरे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दोपहर बाद तीन बजे बयान देकर स्थिति स्पष्ट की। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अवैध विदेशी रोहिंग्याओं के संबंध में मीडिया के कुछ वर्गों में आए समाचार के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि गृह मंत्रालय ने बक्करवाला में रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट प्रदान करने का कोई निर्देश नहीं दिया है। गृह मंत्रालय के एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में करीब 40,000 रोहिंग्या रहते हैं। रोहिंग्या मुसलमानों को एक नए स्थान पर स्थानांतरित करने के प्रस्तावित कदम का उल्लेख करते हुए गृह मंत्रालय ने कहा कि उसने दिल्ली सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ये अवैध विदेशी अपने वर्तमान स्थान पर ही रहें। गृह मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध विदेशियों को उनके देश वापस भेजने का मामला वह विदेश मंत्रालय के माध्यम से संबंधित देश के साथ पहले ही उठाया जा चुका है।

## नागरिकों के...

के लिए थाईलैंड पहुंचे हैं। दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर रिश्तों को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने रूस से तेल खरीदने के निर्णय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद से अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी होने के साथ ही भारत के पारंपरिक तेल आपूर्तिकर्ता कम हुए हैं।

## मनी लांड्रिंग...

कुर्क की थी तथा 15 लाख रुपए की नकदी जब्त की थी। ईडी ने तब एक बयान में कहा था, सुकेश चंद्रशेखर ने जबरन वसूली समेत आपराधिक गतिविधियों से मिली रकम से जैकलीन फर्नांडीज को 5.71 करोड़ रुपए के विभिन्न उपहार दिए थे। चंद्रशेखर ने लंबे समय तक अपनी साथी रही और इस मामले में सह-आरोपी पिंकी ईरानी के जरिए ए तोहफे अभिनेत्री को दिए थे। उसने बताया था कि इन उपहारों के अलावा चंद्रशेखर ने अपराध के जरिए हासिल की गई रकम से सह-आरोपी अवतार सिंह कोचर के जरिए फर्नांडीज के करीबी परिजनों को।,72,913 अमेरिकी डॉलर (करीब 1.3 करोड़ रुपए) और 26,740 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 14 लाख रुपए) की रकम भी दी थी। कोचर को अंतराष्ट्रीय हवाला ऑपरेटर के तौर पर जाना जाता है। ईडी ने आरोप लगाया कि चंद्रशेखर ने फर्नांडीज के लिए उपहार खरीदने के वास्ते अवैध धन का इस्तेमाल किया, जो उसने फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह समेत हाई-प्रोफाइल लोगों से धोखाधड़ी करके जुटाया था। फर्नांडीज ने पिछले साल अगस्त और अक्टूबर में दर्ज कराए अपने बयान में ईडी को बताया था कि उन्हें चंद्रशेखर से गुची, शनैल के तीन डिजाइनर बैग, गुची के दो जोड़ी जिम सूट, लुइस वीटॉन का एक जोड़ी जूता, हीरे के दो जोड़ी झुमके और कई रंगों के नगों वाला एक ब्रेसलेट और हर्मीज के दो ब्रेसलेट जैसे तोहफे मिले थे। अभिनेत्री ने बताया था कि उन्होंने चंद्रशेखर से मिली एक मिनी कूपर कार लौटा दी थी। एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि चंद्रशेखर पिछले साल फरवरी से लेकर सात अगस्त तक दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने तक फर्नांडीज के साथ नियमित संपर्क में था। ईडी ने इस मामले में अभी तक चंद्रशेखर, उसकी पत्नी लीना मारिया पॉल तथा पिंकी ईरानी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है तथा दिल्ली की एक अदालत में दो आरोपपत्र भी दाखिल किए हैं।

## आईएएस अफसर...

की गई जांच के आधार पर की है, जहां उदित प्रकाश ने डीएएमबी में एक कार्यकारी अभियंता पीएस मीणा को भ्रष्टाचार के दो मामलों में उनके खिलाफ सजा को कम कर अनुचित फायदा पहुंचाने के लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत ली थी। इस संबंध में 10 फरवरी, 2020 को गृह मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## नीतीश कुमार...

कार्तिक सिंह को हत्या की नीयत से अपहरण के एक मामले में 16 अगस्त को आत्मसमर्पण करना था, उन्हें उसी दिन कानून मंत्री बनाकर नीतीश कुमार ने बिहार में दहशत वाले लालू (प्रसाद यादव) राज की वापसी पक्की कर दी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मोदी ने दावा किया कि कार्तिक सिंह मोकामा के बाहुबली नेता अनंत सिंह के कारोबारी साझेदार हैं और पटना उच्च न्यायालय द्वारा कार्तिक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने कानून की नजर में अभियुक्त व्यक्ति को ही कानून मंत्री बनाकर संविधान और कानून का गला घोंटने की कोशिश की है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि जब बाहुबलियों को मंत्री बना दिया गया है तब बिहार में उद्योग लगाने कौन आएगा। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार को कानून-व्यवस्था और विकास के जिन दो मुद्दों पर जनता का समर्थन मिला था, उन दोनों मुद्दों पर उन्होंने 12 करोड़ लोगों से विश्वासघात किया। वे अब एक कमजोर, जनाधारहीन और नाम के मुख्यमंत्री हैं। राज्यसभा सदस्य मोदी ने दावा किया कि जब कार्तिक सिंह के विरुद्ध दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जा चुका है और उच्च न्यायालय ने अभियुक्त को किसी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया है तब कोई निचली अदालत उन्हें गिरफ्तारी से छूट जैसी राहत कैसे दे सकती है। कार्तिक सिंह राष्ट्रीय जनता दल के विधायक हैं और उन्हें पार्टी के कोटे से बिहार की महागठबंधन सरकार में मंत्री बनाया गया है। कार्तिक वर्ष 2014 में अपहरण से जुड़े एक मामले में आरोपित हैं। दानापुर (पटना) की अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई करते हुए एक सितंबर तक के लिए राहत दी है। खबरों के मुताबिक कार्तिक सिंह को अपहरण के एक मामले में 16 अगस्त को दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण करना था, लेकिन इसके बजाय वह पटना राजभवन में बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में नए मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आए। हालांकि, भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए राजद नेताओं ने बुधवार को कहा कि कार्तिक सिंह को अदालत ने एक सितंबर तक अंतरिम राहत प्रदान की है।

## नित नए...

की संख्या भी बढ़ेगी। नोएडा के सेक्टर-51 में एक्वालाइन और सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन डीएमआरसी के है। इन दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए बीच में एफओबी का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 20 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। एफओबी बनने के बाद दोनों स्टेशन जुड़ जाएंगे। जिससे नोएडा से दिल्ली और दिल्ली व नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने वाले मुसाफि रों को स्टेशन के बाहर नहीं आना होगा। वहीं सेक्टर.51 से नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो विस्तार के लिए भी जल्द केंद्र सरकार से मंजूरी मिल जाएगी। इसकी डीपीआर को प्रदेश सरकार की ओर से मंजूरी मिल चुकी है। इसके विस्तार से करीब 5 लाख से ज्यादा की आबादी को राहत मिलेगी।

# हिमाचल के दो कांग्रेस विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

**भाषा।** नई दिल्ली

**हिमाचल प्रदेश** से कांग्रेस के विधायक पवन कुमार काजल और लखविंदर सिंह राणा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। काजल कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, वहीं राणा नालागढ़ से विधायक हैं।काजल कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष थे। कांग्रेस ने उन्हें मंगलवार देर रात कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया था। राणा प्रदेश इकाई में उपाध्यक्ष थे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और राज्यसभा सदस्य व पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ठाकुर ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी। ठाकुर ने बाद में काजल और राणा के साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। भाजपा से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले काजल ने 2012 के विधानसभा चुनाव में टिकट ना मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा और वह जीत गए। चुनाव जीतने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए।उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। बाद में कांग्रेस ने उन्हें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस ने मंगलवार रात उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया और नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चंद्र कुमार की नियुक्ति की मंजूरी दी। हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में अभी तक मुख्य मुकाबला पारंपरिक रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच होता रहा है।



नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के विधायक पवन कुमार काजल और लखविंदर सिंह राणा भाजपा में शामिल के दौरान जेपी नडडा से मिलते हुए साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

## गुजरात में कांग्रेस के दो पूर्व नेता भाजपा में शामिल

**गांधीनगर।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के करीब दो सप्ताह बाद गुजरात के पूर्व मंत्री नरेश रावल और राज्यसभा के पूर्व सदस्य राजू परमार बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। दोनों नेता दशकों तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। वे कुछ महीनों बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र और टोपियां देकर पार्टी में उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। परमार 1988 से 2006 के बीच तीन बार गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। दलित समुदाय के प्रतिष्ठित नेता परमार अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय समिति के सदस्य भी रहे। रावल मेहसाणा में वीजापुर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वह गुजरात में कांग्रेस की सरकार के दौरान गृह और उद्योग मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने 1985, 1990 और 1998 में विधानसभा चुनाव जीता था।

## फड़णवीस महाराष्ट्र विधान परिषद में सदन के नेता नियुक्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को राज्य विधान परिषद में सदन का नेता नियुक्त किया गया है।राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन बुधवार को उच्च सदन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट में शामिल किए गए नए सदस्यों का परिचय कराते हुए उक्त घोषणा की।बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फड़णवीस ने विधान परिषद में नव निर्वाचित सदस्यों का परिचय कराया। फड़णवीस नागपुर से विधानसभा सदस्य हैं। आम तौर पर मुख्यमंत्री विधानसभा में सदन के नेता होते हैं जबकि मुख्यमंत्री विधान परिषद में सदन के नेता होते हैं। उच्च सदन ने द्रौपदी मुर्मू और जगदीप धनखड़ को क्रमश: राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुने जाने पर एक प्रस्ताव पारित कर बधाई दी।



## एनएसए डोभाल के आवास पर सुरक्षा चूक को लेकर सीआईएसएफ के तीन कमांडो बर्खास्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के आवास पर इस साल की शुरुआत में एक सुरक्षा चूक होने को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जबकि सीआईएसएफ की वीआईपी सुरक्षा इकाई के दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

डोभाल को केंद्रीय अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) सुरक्षा सूची के तहत जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। उन्हें सीआईएसएफ की विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) इकाई द्वारा सुरक्षा कवर मुहैया कराया गया है।

सुरक्षा चूक की यह घटना 16 फरवरी को हुई थी। सीआईएसएफ द्वारा की गई जांच में विभिन्न आरोपों में पांच अधिकारियों को दोषी पाए जाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश किए जाने के बाद यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एसएसजी के तीन कमांडो को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया, जबकि इस सुरक्षा इकाई का नेतृत्व कर रहे उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और उनके पद के ठीक नीचे के कमांडेंट रैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी का तबादला कर दिया गया है।

जिन तीन कमांडो को बर्खास्त किया गया है वे सुरक्षा प्रदान करने के लिए उस दिन एनएसए के आवास पर मौजूद थे। गौरतलब है कि सुरक्षा में सेंध लगाने वाले व्यक्ति को एनएसए के आवास के बाहर पकड़ लिया गया और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया था।

## पार्थ चटर्जी से पूछताछ के लिए ईडी अधिकारी कोलकाता जेल गए

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से पूछताछ करने के लिए बुधवार को कोलकाता के दक्षिणी भाग में प्रेसीडेंसी कनेक्शनल होम (अलीपुर जेल) गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पूछताछ के इस नए दौर में चटर्जी से उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी से मिली जानकारी के आधार पर सवाल-जवाब किया जाएगा, जिसे ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार भी किया था। उन्होंने कहा, हमने अर्पिता से मंगलवार को पूछताछ की थी और उसने हमें कई सुराग दिए हैं जिसके आधार पर हम बुधवार को पार्थ चटर्जी से पूछताछ करेंगे। स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई शिक्षकों की भर्ती में हुई अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में ईडी ने पिछले महीने तृणमूल कांग्रेस के नेता चटर्जी और मुखर्जी को गिरफ्तार किया था।

## केरल में यौन उत्पीड़न के मामले में जमानत आदेश में अदालत की टिप्पणी को लेकर विवाद

**भाषा।** कोझीकोड (केरल)

**केरल में** जिला सत्र अदालत ने एक मामले में कहा कि जब एक महिला ने यौन भावनाएं भड़काने वाली ड्रेस पहन रखी थी तो इससे प्रथम दृष्टया यौन उत्पीड़न का मामला नहीं बनता। उसकी इस टिप्पणी को लेकर विवाद पैदा हो गया है और राज्य महिला आयोग ने इसकी कड़ी निंदा की है।

अदालत ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में पिछले हफ्ते 74 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक सिविक चंद्रन को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की थी। कोझीकोड सत्र अदालत ने 12 अगस्त के अपने आदेश में कहा था कि जमानत अर्जी के साथ आरोपी द्वारा पेश की गई शिकायतकर्ता की तस्वीर यह स्पष्ट कर रही थी कि वह खुद ऐसी पोशाक पहने हुए है जो कुछ यौन भावनाएं भड़काने वाली है। साथ ही, अदालत ने कहा कि यह विश्वास करना असंभव है कि 74 वर्षीय एवं दिव्यांग व्यक्ति ने शिकायकर्ता को जबरन अपनी गोद में बिठाया तथा उसका यौन उत्पीड़न किया। अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) लगाने के लिए शारीरिक संपर्क, यौन संबंध की मांग या आग्रह और अश्लील टिप्पणी होनी चाहिए। अदालत ने कहा, आरोपी द्वारा जमानत अर्जी के साथ पेश की गई तस्वीर यह खुलासा कर रही थी कि शिकायतकर्ता ने खुद ऐसी पोशाक पहन रखी थी जो कुछ यौन भावनाएं उकसाती हैं। इसलिए आरोपी के खिलाफ धारा 354ए लगाने का प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है। अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि इस मामले में उसे जमानत दी जा सकती है। अदालत की टिप्पणी पर चिंता जाहिर करते हुए केरल महिला आयोग की अध्यक्ष पी सतीदेवी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने और मुकदमा चलने से पहले ही इस तरह की टिप्पणी कर अदालत ने शिकायतकर्ता के आरोपों को खारिज कर दिया है।उन्होंने कहा, यह बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में एक बहुत गलत संदेश देता है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के दूसरे मामले में जमानत देते हुए यह टिप्पणी की थी। चंद्रन यौन उत्पीड़न के दो मामलों में आरोपी है। एक मामला, अनुसूचित जनजाति समुदाय से आने वाली एक लेखिका ने अप्रैल में एक पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान कथित यौन उत्पीड़न किए जाने को लेकर दर्ज कराया था। वहीं, दूसरा मामला एक युवा लेखिका ने फरवरी 2020 में शहर में एक पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान कथित यौन उत्पीड़न किए जाने को लेकर दर्ज कराया था।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने शोपियां में कश्मीरी हिन्दू की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान की

**श्रीनगर,भाषा।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि शोपियां में कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट्ट की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। सिंह ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हमने उसकी (भट्ट की) हत्या करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान की है। आगे की कार्वाई की जा रही है,हम उस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनील कुमार की हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाइ की जाएगी। गौरतलब है कि शोपियां जिले में मंगलवार को सेब के बाग में आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी थी,हमले में उनका भाई घायल हो गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दो आतंकवादी सुबह बाग में आए और उनमे से एक ने दोनो भाइयो पर अपनी एके-47 राइफल से गोलीबारी शुरू कर दी। वही दूसरे ने अपने मोबाइल फोन से इस घटना को रिकार्ड किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में सुनील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और उनके भाई को यहां के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुनील कुमार के परिवार मे पत्नी और चार बेटियां है।

### मवेशी तस्करी घोटाले में टीएमसी नेता मंडल के लेखाकार से पूछताछ

**बोलपुर (प.बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित मवेशी तस्करी घोटाले की जांच के सिलसिले में यहां अपने अस्थाई कार्यालय में तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल के लेखाकार से बुधवार सुबह पूछताछ की। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के एक दल ने मंडल के लेखाकार मनीष कोठारी तथा उस बैंक के दो अधिकारियो से दो घंटे तक पूछताछ की, जहां टीएमसी नेता के कई खाते थे। मंडल को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।उन्होने बताया कि सीबीआई की एक महिला अधिकारी समेत चार सदस्ईय दल जांच के लिए यहां मंडल के निचुपत्ती आवास पर भी गया था। ऐसा माना जा रहा था कि सीबीआई अधिकारी मंडल की बेटी सुकन्या से पूछताछ करेंगे, जो एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है लेकिन वे करीब 10 मिनट बाद ही वहां से चले गए।बहरहाल, अभी यह पता नही चला है कि उन्होंने सुकन्या मंडल से पूछताछ की है या नही। सीबीआई ने अभी तक इसकी पुष्टि नही की है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी को संदेह है कि इस घोटाले मे वित्तीय लेनदेन के लिए मंडल की बेटी के कई बैंक खातो का इस्तेमाल किया गया।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय ने झारखंड के गिरफ्तार तीन विधायकों को अंतरिम जमानत दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा जिले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के तीन विधायकों को बुधवार को अंतरिम जमानत प्रदान की। विधायकों की कार से करीब 49 लाख रुपए नकद जब्त किए गए थे। कांग्रेस के तीन विधायकों- इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी - की कार को 30 जुलाई को हावड़ा जिले के पंचला मे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर रोका गया था और वाहन से लगभग 49 लाख रुपए नकद जब्त किए जाने के बाद पुलिस ने तीनो को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति अनन्या बंदोपाध्याय की खंडपीठ ने तीनों विधायकों को तीन महीने के लिए अंतरिम जमानत दी और उन्हे इस अवधि के दौरान कोलकाता नगरपालिका क्षेत्र नही छोड़ने का निर्देश दिया। अदालत ने तीनो विधायकों को मामले मे जांच अधिकारी के सामने सप्ताह मे एक बार पेश होने और अपने पासपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच राज्य सीआईडी को सौंप दी है। विधायकों ने दावा किया कि यह राशि झारखंड मे एक आदिवासी त्योहार के लिए साड़ियां खरीदने के लिए उपयोग की जानी थी।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में नारायण चंदेल होंगे नए नेता प्रतिपक्ष

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक दल ने जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नारायण चंदेल को अपना नया नेता चुना है। पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने बताया कि चंदेल, धरमलाल कौशिक का स्थान लेंगे। इसी के साथ विपक्ष में भाजपा सबसे बड़ा दल होने के नाते उसके नेता चंदेल विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष भी होंगे। भाजपा नेताओं ने बुधवार को बताया कि पार्टी के मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर मे आज दोपहर बाद भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमे नए नेता का चुनाव किया गया। राज्य मे वर्ष 2018 मे हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद पार्टी ने तब अपने 15 विधायकों में से पिछड़े वर्ग के नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को नेता चुना था।

## बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल के 72 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार में** नए मंत्रिमंडल में शामिल 72 फीसदी मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भी मामले दर्ज हैं। हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री कुमार ने मंगलवार को 31 मंत्रियों को शामिल करते हुए मंत्रिमंडल का विस्तार किया था।बिहार मंत्री परिषद के विस्तार के बाद एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच ने मुख्यमंत्री समेत 33 में से 32 मंत्रियों द्वारा 2020 विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल हलफनामे का विश्लेषण किया है।एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता एवं कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी को अपना हलफनामा जमा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह विधान परिषद के मनोनीत सदस्य हैं, इसलिए आपराधिक, वित्तीय और अन्य विवरणों संबंधी उनकी जानकारी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक, 23 मंत्रियों (72 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं जबकि 17 मंत्रियों (53 फीसदी) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं, 32 मंत्रियों में से 27 (84 फीसदी) करोड़पति हैं।इसके मुताबिक, सर्वाधिक संपत्ति वाले मंत्री समीर कुमार महासेठ हैं जो मधुबनी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। समीर की संपत्ति 24.45 करोड़ रुपए की है। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम हैं, जिनकी संपत्ति 17.66 लाख रुपए की है। एडीआर के मुताबिक, आठ मंत्रियों (25 प्रतिशत) ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 12वीं कक्षा के बीच जबकि 24 मंत्रियों (75 प्रतिशत) ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है।

### महाराष्ट्र में करीब ढाई करोड़ रुपए का हाथी दांत जब्त, तस्करी के आरोप में दो पकड़े गए

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले मे पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपए मूल्य का हाथीदांत जब्त किया है। वही, हाथीदांत की तस्करी के आरोप मे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि ठाणे पुलिस की क्राइम यूनिट-छ ने मंगलवार को कलवा इलाके से करीब 1.4 किलोग्राम हाथीदांत जब्त किया। अधिकारी ने बताया, खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ लोग हाथीदांत बेचने के लिए कलवा के शिवाजी पार्क आ रहे है।

## महिलाओं, दलितों के खिलाफ अपराध में नए रिकार्ड बना रही है राजस्थान की कांग्रेस सरकार: शेखावत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान में उसकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध, दलितों के खिलाफ अत्याचार और धार्मिक हिंसा के नए रिकार्ड बना रही है जबकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इन मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, बलात्कार के मामले में आज राजस्थान नंबर एक है और नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त के मामले में वह दूसरे स्थान पर है। राजस्थान से सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रियंका वाद्रा जैसी कांग्रेस की शीर्ष नेता राजस्थान में छुट्टियां मनाने आती हैं लेकिन यहां के बिगड़ी कानून-व्यवस्था पर एक शब्द नहीं बोलती हैं।शेखावत ने कहा, 15 अगस्त को जब देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था तब राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले और सब्जियां बेचकर अपना व परिवार का गुजारा करने वाले चिरंजीलाल नाम के एक युवा की अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।



उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले तीन सालों में राजस्थान ने भीड़ द्वारा की गई हत्याओं, महिलाओं के खिलाफ अपराध और एक धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ अपराध के मामले में नया रिकार्ड बना दिया है। उन्होंने सवाल किया कि राजस्थान में इतनी बड़ी घटनाएं हो रही हैं और सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मानवाधिकार के पैरोकार कहां है? शेखावत ने कहा कि हाथरस और उन्नाव की घटनाओं को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को राजस्थान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से कुछ दिन राजस्थान में गुजारने की अपील भी की।



बंगलुरु में जन्माष्टमी के मौके पर श्रीकृष्ण भगवान की मूर्ति को अंतिम रूप देती कलाकार

## अन्नाद्रमुक के नेतृत्व मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**भाषा।** चेन्नई

**मद्रास उच्च** न्यायालय ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की 11 जुलाई को हुई आम परिषद की बैठक से संबंधित मामले में 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का बुधवार को आदेश दिया और इस तरह उस बैठक को अवैध करार दिया था, जिसमें एडप्पाडी के. पलानीस्वामी को इसका प्रमुख चुना गया था।

अदालत के आदेश को तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी के लिए एक झटका माना जा रहा है, लेकिन उनके समर्थकों ने इस बात से इनकार किया और कहा कि विस्तृत आदेश पढ़ने के बाद ही तय किया जाएगा कि आगे क्या करना है। 11 जुलाई की बैठक में पार्टी से निष्कासित किए गए ओ पनीरसेल्वम ने कहा कि इस फैसले ने दिखा दिया है कि कोई भी किसी राजनीतिक दल पर कब्जा नहीं कर सकता और न्यायपालिका एवं भगवान इसकी अनुमति नहीं देंगे। तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आम परिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में ओ पनीरसेल्वम एवं उनके कुछ सहयोगियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था और पलानीस्वामी को अंतरिम महासचिव बनाया गया था। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने बुधवार को 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और इस तरह आम परिषद की 11 जुलाई की बैठक को अवैध घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जयचंद्रन ने कहा कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक अकेले ही आम परिषद की बैठक बुलाएंगे। उन्होंने बैठक आयोजित करने के लिए एक पर्यवेक्षक के नामांकन का भी सुझाव दिया।अदालत ने ओ पनीरसेल्वम और आम परिषद के सदस्य वैरामुथु द्वारा दायर दीवानी मुकदमों पर बुधवार को आदेश पारित किया।बाद में पनीरसेल्वम के वकील ने कहा कि अदालत ने कहा है कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक के पद समाप्त नहीं हुए हैं। पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी पहले क्रमश: समन्वयक और संयुक्त समन्वयक थे। पूर्व में दोनों नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से बुलाई गई 23 जून की आम परिषद की बैठक में घोषणा की गई थी कि परिषद के सदस्यों की एकमात्र मांग पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व व्यवस्था पेश करना है। इसके बाद 11 जुलाई की आम परिषद की बैठक में पलानीस्वामी को इसका अंतरिम महासचिव चुना गया और पनीरसेल्वम एवं उनके कुछ सहयोगियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पनीरसेल्वम ने अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने धर्म, न्यायपालिका, पार्टी कार्यकर्ताओं और उन लोगों पर भरोसा किया, जिन्हें विश्वास है कि सत्य और धर्म उनके साथ हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, यह फैसला साबित करता है कि न्याय, धर्म, पार्टी कार्यकर्ता, लोग और विशेष रूप से सर्वशक्तिमान प्रभु यह स्वीकार नहीं करेंगे कि किसी राजनीतिक दल को बलपूर्वक हड़प लिया जाए। पनीरसेल्वम ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन द्वारा बनाए गए पार्टी कानूनों का सम्मान नहीं किया, वे हार जाएंगे। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक अपनी एकता के बल पर अब लोहे का ऐसा किला बनेगी, जिसे तोड़ा नहीं जा सकेगा।उन्होंने कहा, मैं अब उन 1.5 करोड़ पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जाऊंगा, जो मानते हैं कि अम्मा (दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता) स्थाई महासचिव हैं। इस बीच, पलानीस्वामी के धड़े ने इस बात पर जोर दिया कि यह आदेश पूर्व मुख्यमंत्री के लिए झटका नहीं है। वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री के पी मुंसुसामी ने कहा कि पार्टी आलाकमान आज के आदेश की प्रति पढ़ने के बाद विस्तार से जवाब देगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि 23 जून और 11 जुलाई को आम परिषद की बैठकें उसी प्रकार की गई थीं, जिस प्रकार दिवंगत रामचंद्रन और जयललिता के समय में ए आयोजित की जाती थीं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त 2022



# भारत की पड़ोस में सुरक्षा मुद्दों से संबंधित घटनाक्रम पर नजर : जयशंकर

**बैंकॉक।** एक चीनी अनुसंधान पोत के श्रीलंका में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह पर लंगर डालने के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत अपने पड़ोस में किसी भी ऐसे घटनाक्रम की निगरानी करता है, जिसका उसकी सुरक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने मंगलवार को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर मिसाइल एवं उपग्रह ट्रैकिंग पोत युआन वांग 5 के लंगर डालने के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। जयशंकर भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की 9वीं बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे।

संयुक्त आयोग की बैठक के बाद थाईलैंड के अपने समकक्ष डोन प्रमुदविनई के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर जयशंकर ने कहा, हमारे पड़ोस में जो कुछ भी होता है, कोई भी घटनाक्रम, जिसका हमारे सुरक्षा मुद्दों पर प्रभाव पड़ता है, उस पर हमारी नजर रहती है। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि कुछ समय पहले एक प्रवक्ता ने कहा था, हम स्पष्ट रूप से किसी भी घटनाक्रम की बहुत सावधानी से निगरानी करते हैं, जिसका हमारे हितों पर असर पड़ता है। श्रीलंकाई अधिकारियों ने कहा है कि चीनी पोत 22 अगस्त तक दक्षिणी श्रीलंकाई बंदरगाह पर रहेगा। पोत मूल रूप से



11 अगस्त को चीनी संचालित बंदरगाह पर पहुंचने वाला था, लेकिन श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा अनुमति के अभाव में इसमें देरी हुई।

भारत की चिंताओं के बीच श्रीलंका ने चीन से पोत की यात्रा टालने को कहा था। शनिवार को, कोलंबो ने 16 से 22 अगस्त तक पोत को बंदरगाह तक पहुंच इस शर्त के साथ प्रदान की कि वह केवल श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) को चालू रखेगा और कोई वैज्ञानिक अनुसंधान नहीं किया जाएगा। चीन का कहना है कि पोत का इस्तेमाल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए किया जाता है, लेकिन अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि पोत चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की कमान के अंतर्गत है और उपग्रहों और मिसाइल प्रक्षेपणों को ट्रैक करने में सक्षम है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पोत अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान कर रहा है।

### भारत-थाइलैंड की समकालीन साझेदारी इतिहास और संस्कृति पर आधारितः विदेश मंत्री

**बैंकॉक।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने थाईलैंड के सबसे पवित्र बौद्ध मंदिर माने जाने वाले एमराल्ड बुद्ध मंदिर की यात्रा की। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच समकालीन साझेदारी इतिहास और संस्कृति पर आधारित है। जयशंकर 9वीं भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्होंने एक विशाल भित्ति चित्र को देखते हुए अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, बैंकाक में एमराल्ड बुद्ध के मंदिर में शानदार रामायण भित्ति चित्र को देखा। उन्होंने कहा, थाईलैंड के साथ हमारी समकालीन साझेदारी काफी कुछ इतिहास और संस्कृति पर आधारित है। थाईलैंड में बौद्ध धर्म सबसे बड़ा धर्म है, जिसका पालन 93% आबादी करती है। थाई संविधान में थाईलैंड एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।

# अमेरिका में पाकिस्तानी डॉक्टर ने आतंकवाद का आरोप स्वीकार किया

**भाषा।** सेंट पॉल (अमेरिका)

**पाकिस्तान** के एक डॉक्टर और मायो क्लिनिक के पूर्व कर्मचारी ने मंगलवार को आतंकवाद संबंधी एक आरोप स्वीकार कर लिया। उसने दो साल से अधिक समय पहले संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के मुखबिरों को यह बताया था कि वह इस्लामिक स्टेट समूह के प्रति निष्ठा रखता है और अमेरिका में अकेले हमलों को अंजाम देना चाहता है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

अदालत के ऑनलाइन उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार, मोहम्मद मसूद ने एक विदेशी आतंकवादी संगठन को साजो सामान संबंधी सहयोग मुहैया कराने के प्रयास का एक आरोप स्वीकार कर लिया। अभी यह नहीं बताया गया है कि सजा किस दिन सुनाई जाएगी। अभियोजकों ने बताया कि मसूद कार्य वीजा पर अमेरिका आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मसूद ने एफबीआई के मुखबिरों को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सदस्य समझकर जनवरी 2020 से कई जानकारियां दीं। उसने बताया कि वह इस समूह तथा इसके नेता के प्रति निष्ठा रखता है। अभियोजकों ने बताया कि मसूद ने आईएस के लिए लड़ने के वास्ते सीरिया जाने तथा अमेरिका में अकेले हमलों को अंजाम देने का इरादा जताया था। मायो क्लिनिक ने पहले पुष्टि की थी कि मसूद मिनेसोटा में रोचेस्टर के एक चिकित्सा केंद्र में उसका पूर्व कर्मचारी था लेकिन वह गिरफ्तारी के वक्त क्लिनिक में काम नहीं करता था।

## थाइलैंड के अशांत दक्षिणी प्रांत में आगजनी और बम धमाके

**हात याई (थाईलैंड)।** थाइलैंड के सबसे दक्षिणी प्रांत हात याई में रातभर आगजनी और बम से हमलों का सिलसिला जारी रहा। यह प्रांत करीब दो दशक से सक्रिय मुस्लिम अलगाववादी उग्रवाद का सामना कर रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सैन्य प्रवक्ता प्रमोटे प्रोमिन ने कहा कि मंगलवार रात पट्टानी, नरथीवट और याला प्रांतों में कम से कम 17 हमले हुए, जिनमें से ज्यादातर हमले किराना स्टोर और गैस स्टेशनों पर हुए।

**सार्वजनिक सूचना**

नोटिस एतद् द्वारा दिया जाता है कि शेयर सर्टिफिकेट न. (1) 253 हेतु 100 शेयर (1) जिसके डिस्टिंक्टिव न० (1) 2418871-2418970 एलोफिक इंडस्टीज लिमिटेड जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय 14 /4, मथुरा रोड, फरीदाबाद, हरयाणा - 121003, के नाम से रेजिस्टर्ड है अशोक गुप्ता के क्रमानुसार फोलियो न० 253 के अंतर्गत गुम हो गए है |

मै अशोक गुप्ता ने अघ उपरोक्त के बदले डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (1) के निर्गमन के लिए कंपनी को आवेदन किया है | कोई व्यक्ति जिसे मूल शेयर सर्टिफिकेट (1) के निर्गमन के बारे कोई आपत्ति है और पूर्वाक्त ने उनकी उपरोक्त कंपनी पते पर इस सम्बन्ध में पुरुष / महिला / वे आपत्ति 14 /4, मथुरा रोड, फरीदाबाद, हरयाणा - 121003 के पास प्रकाशन कि तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में दर्ज करवाने का अनुरोध है

**अशोक गुप्ता**
**ए - 15, गुरु नानक रोड, केवल पार्क एक्सटेंशन आज़ादपुर, नार्थ वेस्ट दिल्ली - दिल्ली - 110033**
**स्थान - दिल्ली**
**दिनांक - 18 -08 -2022**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Kawaljeet Singh and Mrs. Preet Pal Kaur are the owners of Built up Property bearing No. 32-D, known as 32-D/1/B, area measuring 114 Sq. Yds., out of area measuring 82 Sq. Yds., and Property No. 32-D, area measuring 70 Sq.Yds. total area measuring 152 Sq., Yds., out of Khasra No. 256, 258, 259, Situated in the area of Village Ghondli, in the abadi of East Azad Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi. vide two separate GPA, ATS and Will each dated 23.10.1998. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Raj Kumar Sanwaria is owner of Third floor, with roof rights, LHS, said floor part of Property bearing No. 282, area measuring 100 Sq., Yds., Situated in the area of Village Garhi Jharia maria, Now Commonly known as Amrit Puri B, New Delhi (the said property), by virtue of Sale deed dated 27.07.2019, registration No. 4061, executed by Mr. Om Prakash, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said floor to Mr. Anil Kumar who is taking Loan from Fullerton India Home Finance Company for purchase the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property/floor, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# भारत की सफलता ने दुनिया के सभी स्वतंत्रता प्रेमियों के लिए बेहतर स्थान बनायाः मुरलीधरन

**न्यूयॉर्क।** विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि भारत के लोगों ने समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ देश की लोकतांत्रिक राजनीति को पोषित और प्रदर्शित किया है और भारत की सफलता ने दुनिया को सभी स्वतंत्रता-प्रेमियों के लिए एक बेहतर स्थान बनाया है। सोमवार को यहां कार्नेगी हॉल में सरोद वादक अमजद अली खान के एक संगीत कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी और प्रवासी समुदाय के सदस्यों को एक वीडियो संबोधन में, मुरलीधरन ने कहा कि भारत इस यात्रा में वैश्विक समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला है और वैश्विक शांति और भलाई में अपना सहयोग दे रहा है।

जब हमें आज़ादी मिली, तो आंसू भी थे और खुशी भी थी, लेकिन आगे एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास भी था। हम अपने लोकतंत्र का निर्माण करने और अपनी एकता को बनाए रखने के लिए मजबूत बने। मुरलीधरन ने कहा, बाहर के लोगों के लिए यह मुश्किल कार्य प्रतीत होता है, लेकिन समर्पण और दृढ़ संकल्प, उद्देश्य और दृढ़ता के साथ, हमारे लोगों ने हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को पोषित और प्रदर्शित किया है। इसने भारत के सामाजिक ताने-बाने में गहरी जड़ें जमा लीं और विविधता, बहुलवाद और सदियों पुराने लोकाचार को अपनाया। असल में, भारत की सफलता ने दुनिया को सभी स्वतंत्रता-प्रेमियों के लिए एक बेहतर स्थान बनाया है। यही कारण है कि आज हम अपनी खुशी साझा करने के लिए दुनिया भर में लाखों लोगों से जुड़े हुए हैं। भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (आईएएसी) के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव - स्वतंत्रता का उत्सव का आयोजन किया।

# बाइडन ने व्यापक जलवायु एवं स्वास्थ्य देखभाल कानून पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के ऐतिहासिक जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया। इस कानून को वह अपने घरेलू एजेंडे का हिस्सा बताते हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और चुनाव से तीन महीने से कम समय पहले वह अपने इस कदम के जरिए यह दिखाना चाहते हैं कि उनकी पार्टी मतदाताओं के साथ खड़ी है। कानून में जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए अब तक के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण संघीय निवेश शामिल है। यह अनुमानित 1.3 करोड़ अमेरिकियों को कोरोना वायरस महामारी के दौरान प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का विस्तार करके स्वास्थ्य देखभाल बीमा के लिए भुगतान करने में भी मदद करेगा। इस कदम के लिए भुगतान बड़ी कंपनियों पर नए कर लगाकर और आर्थिक रूप से सम्पन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं के आईआरएस प्रवर्तन को बढ़ाकर किया जाना है। अतिरिक्त धन से संघीय घाटे को कम किया जाएगा।

व्हाइट हाउस में हस्ताक्षर कार्यक्रम में बाइडन ने कानून को इस बात के प्रमाण के रूप में इंगित किया कि लोकतंत्र चाहे कितनी भी लंबी या जटिल प्रक्रिया हो, इसे अब भी अमेरिका में मतदाताओं के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बाइडन ने बार-बार अपनी पार्टी और विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी की तुलना करते हुए कहा, इस ऐतिहासिक क्षण में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी लोगों का पक्ष लिया और कांग्रेस में हर एक रिपब्लिकन ने इस वोट में विशेष हितों के साथ पक्षपात किया।

व्हाइट हाउस में समारोह के दौरान सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर (डी-एनवाई) ने कहा, सामान्य समय में इन विधेयकों को पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि होगी। बाइडन ने व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम में एक छोटे से समारोह के दौरान विधेयक पर हस्ताक्षर किए और इस तरह यह एक कानून बन गया।

यह कदम पर्यावरण और सामाजिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए अधिक महत्वाकांक्षी योजना का एक छोटा हिस्सा है जिसके बारे में बाइडन और उनकी पार्टी ने पिछले साल की शुरुआत में बताया था। नए जलवायु और स्वास्थ्य देखभाल कानून को कैसे लागू किया जाए, इस पर चर्चा करने के लिए बाइडन ने एक कैबिनेट बैठक आयोजित करने की भी योजना बनाई है।

रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं का कहना है कि कानून के नए व्यापार कर से कीमतों में वृद्धि होगी और 1981 के बाद से उच्चतम मुद्रास्फीति से निपटने की देश की स्थिति और खराब हो जाएगी। हालांकि गैर-पक्षपाती विश्लेषकों का कहना है कि कीमतों पर इसका बमुश्किल प्रभाव होगा।

## चीन में सूखे के चलते घरों व कारखानों में की जा रही है बिजली कटौती

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में सूखे की स्थिति की वजह से जलाशयों में पानी की कमी हो गई है जिससे पनबिजली का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके बाद बिजली की कटौती की जा रही है। बुधवार को प्रकाशित खबरों के मुताबिक, सिचुआन प्रांत में सौर पैनल निर्माताओं के साथ ही सीमेंट और यूरिया उत्पादन करने वाली कंपनियों को बंद कर दिया गया है उत्पादन कम कर दिया गया है। उन्हें पांच दिन तक बिजली की बचत करने का निर्देश दिया गया है। तापमान के बढ़ने के बीच एयर कंडीशन के लिए बिजली की बढ़ती मांग और जलाशयों में पानी की कमी के बाद प्रशासन ने उक्त आदेश दिया है। प्रांतीय सरकार ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि बिजली आम लोगों के लिए छोड़ दी जाए। सिचुआन के आर्थिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मुताबिक, प्रांत की आबादी 9.4 करोड़ है और पनबिजली जलाशयों का स्तर इस महीने में करीब आधा रह गया है।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on "AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS" for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SATISH KUMAR,CS (Comm) No. 24-20 | Vehicle No. - DL8CAV0818, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD GRAND I10 MAGNA 1.1, Manu Year- 2018 |
| ICICI BANK LTD VS JASNEET SINGH, CS (COMM) NO. 1743/2021 | Vehicle No. - DL9CAP5024, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD GRAND I10 MAGNA 1.2, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS JUGAL KISHORE GUPTA, CS (Comm) No. 620/2022 | Vehicle No.- UP14CU9550, Make and Model - MARUTI UDYOG LTD WAGON R LXI, Manu Year - 2016 |
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD, CS (COMM) No. 798/2019 | Vehicle No.- UP14ET9537, Make and Model-General Motors SAIL, Manu Year-2015 |
| ICICI BANK LTD VS SOKIN KHAN, CS(COMM) 1019/19 | Vehicle No. UP16ET6562, Make and Model- HONDA SIEL CARS INDIA LTD MOBILIO SMT-P, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS PASHMEEN KAUR, Suit (COMM) No. 09/18 | Vehicle No. DL1LX7564, Make and Model- FORCE MOTORS LTD, DELIVERY VAN LONG Manu Year- 2017 |

**Auction Date:** August 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec -17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS NAUSHAD & Anr., CS (COMM) No. 2894/2019 | Vehicle No. - UP14HT8453, Make and Model- TATA 1512, Manu Year - 2019 |

**Auction Date:** August 25, 2022, From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., Survey No. 506 and 508, Village Ataria, Subdivision Manawa, Tehsil Sidhauli, Dist. Sitapur, Uttar Pradesh 261203
**Contact Person –** Avinash Kumar (8953652366)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS BABAR, CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No. UP14JT1939, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD, AL GURU 1010 GURU 1010, Manu Year-2019 |

**Auction Date:** August 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SANJEET, CS (COMM) No. 1270 OF 2021 | Vehicle No. HR38Y5915, Make and Model- EICHER MOTOR LTD, EICHER PRO 1110XP, Manu Year- 2018 |

**Auction Date:** August 25, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., Pio Maniyaari road, Opposite Kanya Gurukul school, Narela, New Delhi- 110040
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself/ themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085
For details and inspection of the said hypothecated vehicles

## क्विक न्यूज

### विदेशी निवेशकों की घरेलू शेयरों में हिस्सेदारी जून तिमाही में घटकर 523 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान घरेलू शेयरों में पूंजी के लिहाज से हिस्सेदारी 14 प्रतिशत घटकर 523 अरब डॉलर रह गई है। मॉर्निंगस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह लगातार तीसरी तिमाही है, जब एफपीआई की भारतीय शेयरों में हिस्सेदारी घटी है। विदेशी निवेशक साल की शुरुआत से ही सतर्क रुख अपना रहे थे और वैश्विक और घरेलू दोनो बाजारों में चिंताजनक घटनाओं के बाद उनकी चिंता और बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि जून तिमाही के दौरान विदेशी निवेशकों की स्थानीय बाजार में मूल्य के लिहाज से हिस्सेदारी 14 प्रतिशत घटकर 523 अरब डॉलर रह गई। इससे पिछली तिमाही में यह 612 अरब डॉलर थी। वही, पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई निवेश का मूल्य 592 अरब डॉलर था। घरेलू शेयर बाजारों में बाजार पूंजीकरण के लिहाज से भी एफपीआई की हिस्सेदारी समीक्षाधीन तिमाही के दौरान गिरकर 16.9 प्रतिशत हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 17.8 प्रतिशत थी। जून, 2022 को समाप्त तिमाही के दौरान एफपीआई ने शुद्ध रूप से 13.85 अरब डॉलर की संपत्तियां बेची। हालांकि, यह मार्च तिमाही के 14.59 अरब डॉलर के आंकड़े से कम है। अमेरिकी के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा लगातार आक्रामक नीतिगत रुख अपनाने की वजह से तिमाही की शुरुआत से ही विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर बॉन्ड प्राप्तियां भी बढ़ी है जिससे एफपीआई का निवेश प्रभावित हुआ। अमेरिकी केंद्रीय बैंक 2022 में अबतक ब्याज दरों में 1.5 प्रतिशत अंक की वृद्धि की चुका है।

### खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.57 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत का गेहूं उत्पादन 2021-22 के फसल वर्ष में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 10 करोड़ 68.4 लाख टन रहने का अनुमान है। वहीं कुल खाद्यान्न उत्पादन के 31 करोड़ 57.2 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। लू के कारण गेहूं के उत्पादन में गिरावट का अनुमान है, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब और हरियाणा जैसे उत्तरी राज्यों में अनाज खराब हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2021-22 के लिए चौथा अग्रिम अनुमान जारी करते हुए बुधवार को कहा कि चावल, मक्का, चना, दलहन, रैपसीड एवं सरसो, तिलहन और गन्ने का भी रिकॉर्ड उत्पादन होने का अनुमान है। फसल वर्ष 2021-22 जुलाई, 2021 से जून, 2022 तक था। मंत्रालय के अनुसार, जून, 2022 में समाप्त फसल वर्ष में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31 करोड़ 57.2 लाख टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि इतनी फसलो का रिकॉर्ड उत्पादन सरकार की किसान हितैषी नीतियों के साथ-साथ कृषकों और वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का नतीजा है। फसल वर्ष 2020-21 में देश का खाद्यान्न उत्पादन जिसमें (गेहूं, चावल, दाले और मोटे अनाज) रिकॉर्ड 31 करोड़ 7.4 लाख टन रहा था। फसल वर्ष 2021-22 में गेहूं का उत्पादन कम यानी 10 करोड़ 68.4 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 10 करोड़ 95.9 लाख टन था। समीक्षाधीन फसल वर्ष में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 13 करोड़ 2.9 लाख टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 12 करोड़ 43.7 लाख टन रहा था।

### एनएसडीसी, वर्तना ने कौशल पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को वित्तीय सहायता देने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वर्तना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य कौशल ऋण पहल को बढ़ावा देना और कम आय वाली आबादी के लिए शिक्षा पर आने वाले खर्च की खाई को कम करना है ताकि छात्र अपनी पसंद का पाठ्यक्रम चुन सकें। एनएसडीसी के मुख्य परिचालन अधिकारी वेद मणि तिवारी ने कहा, हमने लाखों वंचित छात्रों को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वर्तना के साथ भागीदारी की है। वही, वर्तना के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्टीव हार्डग्रेव ने कहा, हमें उम्मीद है कि छात्रों को प्रशिक्षण से अपने करियर और आजीविका में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### भोजन, ऊर्जा की बढ़ती लागत से ब्रिटेन की मुद्रास्फीति बढ़ी

**लंदन।** खाद्य पदार्थों और ऊर्जा कीमतो में बढ़ोतरी के चलते ब्रिटेन की मुद्रास्फीति दर जुलाई में बढ़कर 40 साल के नए उच्चतम 10.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने बुधवार को कहा कि उपभोक्ता मूल्यों पर आधारित मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई है, जो जून में 9.4 प्रतिशत से अधिक थी। यह आंकड़ा विश्लेषकों के 9.8 प्रतिशत के पूर्वानुमान से अधिक है। बयान के मुताबिक यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, ऊर्जा, टॉयलेट पेपर और टूथब्रश समेत रोजमर्रा की वस्तओं की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के चलते हुई। अधिकांश अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले समय में महंगाई और बढ़ सकती है।

# इंडियन ऑयल का राज्य भर में झंडा संग्रह अभियान

**संवाददाता।** लखनऊ

**हर घर तिरंगा अभियान** के तहत सरकार ने देशवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की थी। हर घर तिरंगा अभियान में पूरे देश भर के लोगों ने राष्ट्रीय वीरों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अभियान के अंतर्गत आयोजित समारोहों के बाद सबसे बड़ी समस्या जिसका सामना कई लोगों को करना पड़ सकता है, वह होगा कि राष्ट्रीय ध्वज का क्या करें? इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि इन्हें कैसे एकत्र किया जाएगा या फटे या क्षतिग्रस्त झंडों के लिए कोई संग्रह अभियान चलाया जाएगा या नहीं। यह संभावना है कि उनमें से कई ध्वज सड़कों पर बिखरे मिलेंगे या नगरपालिका के कचरे में मिल जाएंगे, जो बिलकुल ठीक नहीं होगा। इस आशंका को दूर करने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने पहल की है और इसी क्रम में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन




द्वारा 16 से 19 अगस्त तक झंडा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। इस नेक पहल पर बोलते हुए संजीव कक्कड़, कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख, इंडियनऑयल (उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1) एवं राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग), उत्तर प्रदेश ने कहा कि उत्सव के बाद भी राष्ट्रीय ध्वज का उतना ही सम्मान व रखरखाव आवश्यक है जितना कि इसे फहराना। तिरंगे के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ऑयल आगे आया है। आप अपना झंडा अथवा आपको अगर कोई झंडा कहीं गिरा मिलता है तो उसे राज्य भर के चुनिंदा इंडियनऑयल पेट्रोल पंपों पर जमा कर सकते हैं। भारतीय ध्वज संहिता, 2002, यह अनिवार्य करती है कि क्षतिग्रस्त झंडों को फेंका नहीं अपितु निजी तौर पर एकांत स्थान पर दफना या जला दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अच्छे झंडे का संरक्षण करेंगे और भारत सरकार के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षतिग्रस्त झंडे का निस्तारण करेंगे। इंडियनऑयल के राज्य प्रमुख ने कहा कि बीपीसीएल और एचपीसीएल भी इस नेक काम में पूरा सहयोग देंगे। संजीव ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1 के सभी फील्ड ऑफिसरों को भी यह निर्देश देंगे कि उन्हें फील्ड में रहने के दौरान जहां भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मानजनक स्थिति में न दिखे उसे वे अपने पास संग्रहीत कर लें और निर्धारित स्थान पर सम्मानपूर्वक जमा करवा दें।

ध्वज संहिता की धारा 2.2 (3) और धारा 3.25 में कहा गया है कि जब ध्वज क्षतिग्रस्त या गंदा हो जाता है, तो इसे व्यक्तिगत रूप से नष्ट कर दिया जाएगा, विशेष रूप जलाकर या ध्वज की गरिमा के अनुरूप किसी भी तरीके से ध्वज संहिता के अनुसार किसी भी स्थिति में क्षतिग्रस्त या फटे हुए झंडे के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती है और इसे फेंकना या इसका अनादरपूर्वक निपटान नहीं किया जाना चाहिए।

# सेंसेक्स में 418 अंक का उछाल, चार महीने बाद फिर 60,000 अंक के पार

**भाषा।** मुंबई

**बीएसई सेंसेक्स** में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और लगभग चार महीने बाद यह एक बार फिर 60,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। विदेशी निवेशकों की बाजारों में लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से शेयर बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, रुपए और एशियाई बाजारों में मजबूती से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 417.92 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 60,260.13 अंक पर बंद हुआ।

इस साल पांच अप्रैल के बाद पहली बाद सेंसेक्स ने पहली बार 60,000 अंक का मनोवैज्ञानिक आंकड़ा पार किया गया है। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 119 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 17,944.25 अंक पर बंद हुआ। इसमें लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई है। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 लाभ में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 5.74 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, एचयूएल और विप्रो के शेयर भी लाभ में रहे।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, टाटा स्टील, कोटक बैंक, पावर ग्रिड और टाइटन शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में तेजी का प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली है। पश्चिमी बाजारों के मुद्रास्फीति से प्रभावित होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारत को लेकर रुख बदला है। उन्होंने कहा, जिंसों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप 0.64 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की तथा हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा।

वहीं, यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार में सुस्ती का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.22 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/ (ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देवेंद्र सिंह/ डिंपल कुशवाह/ खाता नंबर- 19600044085, खाता नंबर- QZGRN00005009725 | हाउस नंबर 1447-सी/13, पहली मंजिल रियर एलएचएस, खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13 गोविंदपुरी कालकाजी, नई दिल्ली, 12-अगस्त-2022 | जून 03, 2021 ₹. 11,14,116/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अगस्त 18, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# बरसात बाद न दिखें सड़कों पर गड्ढे: पाठक

## आमजन तक पहुंचें सभी योजनाएं: डिप्टी सीएम



डीएम डा. उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर से वार्तालाप करते उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

संवाददाता। गोंडा

**जिले** के जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सक्रिय रुप से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का काम किया है। इसके सभी को बधाई के पात्र हैं। यह उदगार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के उपरान्त मीडिया से बातचीत के दौरान व्यक्त किया। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री पाठक को पुलिस लाइन ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर व सलामी दी गई।

उन्होंने मीडिया से आगे कहा कि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि बरसात के बाद सड़कों पर गड्ढे न दिखें। आमजन को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेए उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराने एवं खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने संबंधी निर्देश आधिकारियों को जारी किए गए हैं। वहीं सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों उपस्थित रहेए मरीजों को सुलभ रूप से इलाज और दवाएं मिले। इसके लिए भी जिम्मेदारों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री गरीब कल्याण योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देश अफसरों को जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जनपद विकास व कानून व्यवस्था स्थापित करने में नंबर एक होगा। दुकानों पर नशीली दवाओं के खुलेआम बिक्री के पत्रकारों के सवाल पर कहा कि प्रदेश में कानून का कहीं भी उल्लंघन होने नहीं दिया जाएगा। यदि कोई ऐसा अवैध कार्य कर रहा है तो निश्चित रूप से उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी। कहा कि अभी जनपद में बाढ़ जैसी कहीं कोई स्थिति नहीं है। यदि भविष्य में ऐसी स्थिति आती है तो सरकार उससे निपटने के लिए तैयार है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विगत दिनों दिवंगत हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय शेष नारायण मिश्रा के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया। इस मौके पर उनके साथ जिलाधिकारी डाण् उज्जवल कुमारए एसपी आकाश तोमरए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसलए भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यपए सांसद कीर्तिवर्धन सिंहए विधायक बावन सिंहए विधायक विनय कुमार द्विवेदीए प्रतीक भूषण सिंहए प्रेम नारायण पांडेयए प्रभात वर्मा अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# मां ने तीन बच्चों को पिलाया जहर, मौत

भाषा। गाजीपुर

**गाजीपुर** जिले के सुहवल थानाक्षेत्र के ढढ़नी गांव में एक महिला ने अपने पति से फोन पर बातचीत के दौरान हुए विवाद के बाद अपने तीन बच्चों को चाय में कथित तौर पर कुछ विषैली चीज मिलाकर पिला दी जिससे तीनों बच्चों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी।पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के अपुसार सुनीता यादव नाम की महिला का करीब एक सप्ताह पहले अपने पति से फोन पर बातचीत के दौरान विवाद हो गया था। पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि उस दौरान महिला की अपने देवर से भी कहासुनी हो गई थी जिसके बाद वह ढढ़नी गांव में अपने मायके आ गई थी। पुलिस ने बताया कि महिला का पति गुरुग्राम में नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि ढढ़नी गांव निवासी सुनीता यादव का विवाह साहितबांध गांव के बालेश्वर यादव से हुआ था। पुलिस ने बताया कि सोमवार को सुनीता ने कथित तौर पर चाय में कुछ विषैली चीज मिलाकर अपने बच्चों हिमांशु यादव (10), पीयूष यादव (8) और सुप्रिया यादव (5) को पिला दी जिससे तीनों बच्चों की मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे ने कहा सुनीता का सबसे छोटा बेटा बाहर खेल रहा था इसलिए वह बच गया। उन्होंने बताया कि आरोपी सुनीता यादव के देवर की तहरीर पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**मामूली विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक की मौत, 11 घायल**

भदोही। जिले के औराई थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। औराई के क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्र ने बताया कि इस घटना में जियाउल हक, हसन और सद्दाम तथा उनके पड़ोस में रहने वाले नियाज, बदरे आलम और मुश्ताक के बीच मारपीट हुई। मंगलवार शाम जियाउल हक पक्ष ने अपनी मोटरसाइकिल दूसरे पक्ष के दरवाजे के सामने खड़ी कर दी थी। उन्होंने बताया कि नियाज पक्ष ने मोटरसाइकिल हटाकर दूसरी जगह खड़ी कर दी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे जमकर चले, जिसमें दोनों तरफ से तीन महिलाएं नजमा, नाजिया और शबनम तथा नौ पुरुष समेत कुल 12 लोग घायल हुए। मिश्र ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जियाउल हक के मामा मोहम्मद कासिम (60) की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बेटे ने बीमार मां को ठेले पर पहुंचाया अस्पताल, रास्ते में महिला ने तोड़ा दम

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में एक बेटा अपनी बीमार मां को ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो गई। जलालाबाद कस्बे में रहने वाले दिनेश ने बताया कि बुधवार को उसकी मां बीना देवी (65) के पेट में अचानक दर्द उठा जिसके चलते वह बेहाल हो गईं, तब उसके पिता ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर फोन किया परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो दिनेश अपनी मां को हाथ के ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर सरकारी अस्पताल पहुंचा।दिनेश ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर डॉ अमित यादव ने उसकी मां को ठेले पर ही देखा लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो चुकी थी। उन्होंने मायूस लहजे में कहा कि अगर समय पर एंबुलेंस आ जाती तो शायद उसकी मां की जान बच जाती। जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अमित यादव ने बताया कि जलालाबाद कस्बे के रहने वाले दिनेश अपनी मां को हाथ वाले ठेले पर लेकर आए थे। सूचना मिलते ही वह स्वयं मरीज को देखने गए, लेकिन मरीज की रास्ते में ही मौत हो गई थी।शाहजहांपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के वर्मा ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है और वह इस मामले के बारे में पता लगा रहे हैं।

# महाविद्यालय की मान्यता रद होने के बाद हटाए गए अधिष्ठाता

**मिल्कीपुर** अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एव पशुपालन महाविद्यालय की मान्यता रद्द होने की फजीहतों के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह नींद से जाग गए हैं। उन्होंने कड़ा निर्णय लेते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के जोशी से अधिष्ठाता का प्रभार छीन लिया है। कुलपति ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता रद्द किए जाने संबंधी पत्र मिलने के बाद विश्वविद्यालय स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ पी एस परमानिक को सौंपे जाने का आदेश दे दिया है। बताते चलें कि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की ओर से बीते 11 अगस्त को कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय की मान्यता रद्द किए जाने की संस्तुति सहित रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रालय को भेजे जाने का आदेश दिया गया था। जिसका पत्र विश्वविद्यालय भी पहुंच गया था। मान्यता रद्द होने संबंधी पत्र मिलने के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अमले में हलचल तेज हो गई थी और मंगलवार को कुलपति ने पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय को वर्तमान विषम परिस्थितियों से उबारकर गौरवपूर्ण उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में विकसित किए जाने विषय पर विस्तार से चर्चा की गई जहां कुलपति ने महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के जोशी को तत्काल अधिष्ठाता पद से हटाए जाने के आदेश दे दिए। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण ए के सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पी एस परमानिक को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता का प्रभार सौंपे जाने का आदेश निर्गत कर दिया है।

### विश्वविद्यालय के कुलसचिव को मिला पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार

## मोर्छलासन में विराजमान हो दर्शन देंगे बालकृष्ण



## मथुरा में 19 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का परम पुनीत जन्ममहोत्सव शास्त्रीय मर्यादाओं और परंपराओं के अनुसार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 19 अगस्त शुक्रवार को मनाया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा.संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण के 5249वें जन्ममहोत्सव के अवसर पर जन्मस्थान की साज.सज्जा, ठाकुरजी की पोषाक श्रंगार नयनाभिराम होंगी। जन्मभूमि के अन्दर एवं परिसर के बाहर से श्रद्धालुगण जिस दिशा से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के दर्शन करेंगे, वहीं से उनको जन्मभूमि की अद्धुद छटा की अनुभूति होए ऐसा प्रयास चल रहा है।

भगवान श्रीकृष्ण की प्राकट्य भूमि एवं कारागार के रूप में प्रसिद्ध गर्भ.गृह एवं सम्पूर्ण श्रीकृष्ण चबूतरा की साज.सज्जा अद्भुत होगी। 19 अगस्त शुक्रवार को प्रातः दिव्य शहनाई एवं नगाड़ों के वादन के साथ भगवान की मंगला आरती के दर्शन प्रातः 5:30बजे से होंगे। तदोपरान्त प्रातः 8:00 बजे भगवान का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया जायेगा एवं भगवान के पवित्र स्त्रोतों का पाठ एवं पुष्पार्चन होगा। प्रातः 10:00 बजे भव्य पुष्पाॅजलि कार्यक्रम का आयोजन पवित्र लीलामंच पर किया जायेगा। ब्रज तीर्थ विकास परिशद के विशेष सहयोग से पुश्पाॅजलि कार्यक्रम के उपरान्त ब्रज एवं देष के प्रसिद्ध कलाकार अपनी भावाॅजलि श्रीकृशण.जन्मस्थान के पवित्र लीलामंच पर करेंगे। जन्म महाभिषेक का मुख्य एवं कार्यक्रम रात्रि 11बजे श्रीगणेश.नवग्रह आदि पूजन से शुरू होगा। तदोपरान्त 1008 कमल.पुष्प से ठाकुरजी का सहस्त्रार्चन करते हुऐ आव्हान किया जायेगा। रात्रि 12 बजे भगवान के प्राकट्य के साथ संपूर्ण मंदिर परिसर में बज उठेंगे ढोल.नगाड़ेए झाॅझ.मंजीरेए मृदंग साथ ही हरिबोल के साथ नाच उठेंगे असंख्य भक्तजन.संत एवं भगवान के जन्म की महाआरती शुरू होगी जो रात्रि 12:05 बजे तक चलेगी।

## छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने से आहत युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में छेड़छाड़ के आरोप लगने से कथित तौर पर क्षुब्ध एक युवक ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) सुनील दत्त ने बताया कि बरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में रामनिवास नामक युवक पर मंगलवार को घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया था और प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज होने से परेशान रामनिवास ने आज सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगा कर महिला ने रामनिवास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिससे वह काफी परेशान था। इसी के चलते उसने फांसी लगा ली। दत्त ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कैदी ने जेल अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में दहेज हत्या के मामले में जिला कारागार में बंद एक कैदी ने बुधवार को जेल के अंदर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेलर राजेश राय ने बुधवार को बताया कि जिले के ढाई गांव का निवासी शैलेश कुमार गुप्ता (32) दहेज हत्या के एक मामले में इसी वर्ष 21 अप्रैल से जिला जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि आज दोपहरउन्होंने बताया कि आज दोपहर गुप्ता ने बरामदे में निकली एक सरिया में अंगौछे से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य कैदियों ने बताया कि गुप्ता शौच करने की बात कहकर बैरक के बाहर गया था। राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई टली



भाषा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त, 2022 तक के लिए बुधवार को टाल दी। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी है। बुधवार को जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो प्रतिवादी पक्ष के वकील विजय शंकर रस्तोगी की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने अदालत से सुनवाई टालने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि रस्तोगी की तबीयत ठीक नहीं है। इस पर, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सुनवाई टालते हुए इस मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 30 अगस्त, 2022 तय की। उल्लेखनीय है कि मूल वाद वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर किया गया था जिसमें उस स्थान पर जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद मौजूद है, प्राचीन मंदिर को बहाल करने का अनुरोध किया गया है। इस वाद में दलील दी गई है कि कथित मस्जिद उस मंदिर का हिस्सा है। इससे पूर्व, आठ अप्रैल, 2021 को वाराणसी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को काशी विश्वनाथ मंदिर- ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या मस्जिद का निर्माण करने के लिए मंदिर को ध्वस्त किया गया था। इसके बाद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में नौ सितंबर, 2021 को वाराणसी की अदालत के आठ अप्रैल, 2021 के आदेश पर रोक लगा दी थी और इस मामले की आगे की सुनवाई पर भी रोक लगा दी थी।

## दीवानी विवादों को आपराधिक रंग नहीं दिया जा सकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि दीवानी विवादों को आपराधिक कृत्यों का रंग नहीं दिया जा सकता है। इस तरह से अदालत ने दीवानी विवाद में आपराधिक मुकदमे को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति समीर जैन ने फुर्खाबाद के राघवेंद्र सिंह और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ताओं ने फुर्खाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अपने खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 468, 471, 506 और 120बी के तहत चल रहे आपराधिक मुकदमे को चुनौती दी थी। इन आरोपों पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा, मैं पाता हूं कि प्रतिवादी ने एक विशुद्ध दीवानी विवाद को आपराधिक रंग दिया है। आरोपों के मुताबिक, फर्जी वसीयत के आधार पर दाखिल खारिज की प्रक्रिया आवेदकों के पक्ष में समाप्त हुई, लेकिन ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि 30 नवंबर, 2000 की तिथि की पंजीकृत वसीयत फर्जी है। अदालत ने कहा, इसलिए इस मामले को लेकर केवल सक्षम सिविल कोर्ट निर्णय कर सकती है कि विवादास्पद वसीयत फर्जी है या नहीं, लेकिन प्रतिवादी ने इस वसीयत को रद्द करने के लिए कोई वाद दायर नहीं किया। अदालत ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस व्यवस्था को हतोत्साहित किया है कि यदि विवाद की प्रकृति विशुद्ध रूप से दीवानी है और यह सक्षम अदालत द्वारा साक्ष्य के आधार पर तय की जा सकती है तो आपराधिक मुकदमे को जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने बृहस्पतिवार को आपराधिक मुकदमे को खारिज करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में प्रश्न यह है कि 30 नवंबर, 2000 की तिथि की वसीयत फर्जी है या नहीं, इसे सक्षम सिविल कोर्ट द्वारा साक्ष्य और दस्तावेजों के जरिए तय किया जा सकता है। लेकिन शिकायतकर्ता ने किसी सिविल कोर्ट के समक्ष इस वसीयत को चुनौती नहीं दी।

## सपा विधायक आजम खां के खिलाफ गवाह को धमकाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और रामपुर से पार्टी विधायक आजम खां पर अपने खिलाफ दर्ज एक मामले मे एक गवाह को धमकाने के आरोप में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आजम खां तथा पांच अन्य लोगों के खिलाफ एक मामले के गवाह को धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी रामपुर शहर के बोरिया इलाके के रहने वाले नन्हे नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज की गई है।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक नन्हे ने आरोप लगाया है कि पूर्वाह्न करीब साढ़े नौ बजे पांच अज्ञात लोग उसके घर पर पहुंचे और कहा कि उन्हें आजम खां ने भेजा है। उन लोगों ने कहा कि वह खां के खिलाफ अदालत मे बयान नही दे वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। नन्हे, आजम खां के खिलाफ एक जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मुकदमे का गवाह है,, जो वर्ष 2019 मे दर्ज किया गया था और जिले की एमपी एमएलए अदालत मे इसकी सुनवाई चल रही है। इस मामले की बुधवार को सुनवाई की गई और नन्हे ने अदालत मे उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गवाह की सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए है। इस बीच, आजम खान के बेटे और स्वार सीट से सपा विधायक अब्दुल्लाह आजम ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और अपने पिता के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर विरोध जताया। उन्होंने इस मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि राजनीतिक वैमनस्य की वजह से यह मुकदमा दर्ज किया गया है। अब्दुल्लाह ने आरोप लगाया कि प्रदेश मे कानून नाम की कोई चीज नही रह गई है।

# ठुमका लगाने पर दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद की पूरनपुर कोतवाली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह के बाद बीन की धुन पर कथित तौर पर ठुमके लगाने के वाले एक दरोगा और एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने मंगलवार देर शाम वर्दी पहनकर फिल्मी गाने पर नाचने के आरोपी दरोगा और सिपाही पर कार्वाई की। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोशल मीडियासमाचार चैनल के माध्यम से थाना पूरनपुर प्रांगण में उप निरीक्षक सौरभ कुमार और कांस्टेबल अनुज का फिल्मी गाने की धुन पर वर्दी में डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ है, जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने दोनों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है। बयान के मुताबिक इस सम्बन्ध में विभागीय जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी, पूरनपुर को दी गई है।

**तिरंगा यात्रा के वीडियो में आपत्तिजनक ऑडियो डालकर वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार**

बुलंदशहर। तिरंगा यात्रा के वीडियो का संपादन कर वीडियो में कथित आपत्तिजनक ऑडियो डालने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि जिले के अरनिया थाना अंतर्गत सरसौल गांव में तिरंगा रैली का एक आपत्तिजनक वीडियो हमारे संज्ञान में आया जिस पर कार्वाई करते हुए 21 वर्षीय जिहान खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिहान खान ने कथित तौर पर मूल वीडियो को संपादित किया था और इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास:**महाराजगंज। महाराजगंज की एक अदालत ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अधिवक्ता विनोद सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने शनिवार को विक्की कहर को जिले के कोल्हुई पुलिस थाना अंतर्गत एक गांव की आठ साल की लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया था। उन्होंने बताया कि कहर ने सात मई 2020 को लड़की का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में लड़की को कहर के चंगुल से मुक्त कराया गया। चिकित्सकीय जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

**श्रद्धांजलि सभा:** चित्रकूट। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग संघ चालक कुं भालेन्दु सिंह को शोक श्रद्धांजलि आनन्द रिसोर्ट में दी गई। इस मौके पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने स्व0 कुं भालेन्दु सिंह जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि श्री सिंह का सम्पर्ण जीवन राष्ट्र हित के कार्यो एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित रहा है।उनके आकस्मिक निधन से समूचे क्षेत्र को अपार क्षति हुई है।

## सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में बड़े धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस का महापर्व

**बसखारी,** अम्बेडकरनगर। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर विकास खण्ड बसखारी के आस पास के क्षेत्रो मे झंडा रोहण कर बडी धूम धाम के साथ मनाया गया इसी क्रम में दरगाह रसूलपुर मे स्थिति एकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चो ने रगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू लता एव मो अकरम ने झंडा रोहण किया इस अवसर पर शाबरीन रेहाना खातून मोहसिना खातून शबा जमाल सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे मदरसा दारूल उलूम अशरफिया रज्जाकिया दरगाह रसूलपुर मे विद्यालय के प्रेशिपल नफीश अहमद व मो शमीम ने झण्डा रोहण किया इस दौरान बच्चों ने विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर चार चांद लगा दिया इस अवसर पर विद्यालय के तबसुनबानो आरिफा फिरदोश नजिया फिरदोस सहित लोग मौजूद रहे शिक्षा क्षेत्र बसखारी के अंतर्गत बीबीपुर मे उच्च्य प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सलाउद्दीन ने झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर प्रधानाध्यापक आजाद दीपक मौर्य ने भी झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को देश भक्ति का संदेश दिया गया। इस तिरंगा यात्रा में डीजे पर बजने वाले देशभक्ति गीतों एवं लगने वाले गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति में सरोबोर नजर आया नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में युवा भाजपा नेता समाज सेवी ओमकार गुप्ता के द्वारा तिरंगा यात्रा को निकाले जाने की तैयारियां कई दिन पूर्व ही शुरू हो चुकी थी।

## सेन्ट्रल बैंक ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

**अयोध्या।** सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या एवं बैंक के अयोध्या क्षेत्र की सभी शाखाओं में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर्षोल्लास से ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख श्री एस के सिंह द्वारा सरकारी प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस दौरान बैंक के मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तवए वरिष्ठ प्रबंधकगण श्री मनीष सिंहए श्री सचिन कुमारए श्री विजय कुमारए श्री एस पी शुक्लाए सेवानिवृत्त अधिकारी श्री दिवाकर मिश्रा एवं श्री आर पी तिवारीए अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही बैंक के ग्राहकगण एवं सेवानिवृत्ति स्टाफसदस्य भी उपस्थित रहे। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख ी एस के सिंह ने अपने संबोधन में देश के इतिहासए संस्कृतिए स्वतंत्रता संघर्षए वर्तमान चुनोतियों एवं अवसरों पर प्रकाश डालते हुए एक नागरिक के रूप में हर एक भारतीय की भूमिका एवं कर्तव्यों के बारे में बताया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में सभी की दृष्टि केएल राहुल पर

**भाषा ।** हरारे

**जिम्बाब्वे के** खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय कप्तान के एल राहुल के फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजरें होंगी। टी20 प्रारूप में भारत के शीर्ष क्रम का अभिन्न अंग माने जाने वाले राहुल इस श्रृंखला में अपनी चिर परिचित लय हासिल करने की पूरी कोशिश में होंगे। खेल हर्निया के आपरेशन के कारण राहुल दो महीने बाद टीम में लौटे हैं। उनके सामने चुनौती टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका बरकरार रखने और पहली गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी की होगी।

कोच राहुल द्रविड़ और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की नजरें सिर्फ राहुल के रनों पर ही नहीं होगी बल्कि वे यह भी देखना चाहेंगे कि रन किस तरह से बने हैं। भारतीय टीम को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को पहला मैच खेलना है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर जिम्बाब्वे ने 300 और 290 रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को हराया है। ऐसे में राहुल, शिखर धवन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा और संजू सैमसन बड़ी पारियां खेलने की कोशिश में होंगे। भारत के पास मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज जबकि शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल जैसे हरफनमौला भी हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश को हराने के बाद जिम्बाब्वे की कोशिश भारत जैसी मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देने की होगी। मेजबान को सिकंदर रजा, रेजिस चकाबवा और इनोसेंट केइया से बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। एक जमाना था जब जिम्बाब्वे के पास फ्लावर बंधु (ग्रांट और एंडी), हीथ स्ट्रीक, नील जानसंस , मरे गुडविंस और हेनरी ओलोंगा जैसे खिलाड़ी थे। पिछले दो दशक में देश की तरह जिम्बाब्वे क्रिकेट की दशा भी बेहाल रही है और इसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। भारतीय टीम का जिम्बाब्वे दौरा आम तौर पर मेजबान बोर्ड की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में भारत का प्रयास माना जाता रहा है। इन तीन मैचों के टीवी और डिजिटल अधिकारों से जिम्बाब्वे क्रिकेट की खासी कमाई हो जाएगी। क्रिकेट की बात करें तो चयनकर्ताओं को बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मौका मिलेगा जो 2023 में 50 ओवरों का विश्व कप खेल सकते हैं। भारत के पास इस समय इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं कि तीनों प्रारूपों में भारत तीन अलग अलग टीमें उतार सकता है। छह महीने बाद टीम में लौटे दीपक चाहर और धीरे धीरे लय हासिल कर रहे कुलदीप पर चयनकर्ताओं की निगाहें होंगी। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राहुल त्रिपाठी के पास भी भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उस लय को दोहराने का मौका है।

**टीमें : भारत :** के एल राहुल (कप्तान), शिखर धवन , रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद।

**जिम्बाब्वे :** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो।

मैच का समय : दोपहर 12 . 45 से।

## दो महीने बाहर रहा पर टीम नहीं भूली कि मैंने दो साल तक क्या किया: राहुल

**भाषा ।** हरारे

**पिछले कुछ** समय में चोटों से परेशान रहे लोकेश राहुल एक और श्रृंखला में भारत का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं और इस दौरान वह टीम प्रबंधन का धन्यवाद करना नहीं भूले जिसने दो महीने उनके टीम से बाहर रहने के बावजूद पिछले दो साल के उनके योगदान को याद रखा।

जिंबाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय कप्तान ने कहा, आप दो महीने के लिए बाहर हो सकते हैं लेकिन वे यह नहीं भूले हैं कि आपने पिछले दो-तीन वर्षों में टीम और देश के लिए क्या किया है। खिलाड़ी वास्तव में ऐसे माहौल में कामयाब होते हैं। राहुल को लगता है कि भारतीय टीम प्रबंधन एक ऐसा माहौल बनाने में सक्षम रहा है जो एक अच्छे खिलाड़ी से महान खिलाड़ी के सफर के बीच की खाई को पाट सके। राहुल ने कहा, यह इस तरह का माहौल है जो एक खिलाड़ी को एक अच्छे खिलाड़ी से एक महान खिलाड़ी में बदलने में मदद कर सकता है, वह अपनी टीम के लिए अधिक मैच जीतने वाली काफी अधिक पारी खेल सकता है भारत के लिए 42 वनडे में पांच शतक की मदद से 46 से अधिक के औसत से रन बनाने वाले शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा, एक खिलाड़ी के लिए चयनकर्ताओं, कोच और कप्तान का समर्थन हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह आपको इतना आत्मविश्वास देता है कि आपकी मानसिकता स्पष्ट हो जाती है और आप आवश्यक चीजों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस खिलाड़ी को अपने करियर के दौरान कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है और वह अभी खेल हर्निया की सर्जरी से उबरे हैं। राहुल ने कहा, चोटें खेल का हिस्सा हैं और इसने मुझ पर दया नहीं दिखाई है लेकिन यह यात्रा का हिस्सा है। राहुल जून में स्वदेश में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की शुरुआत के पहले से टीम से बाहर हैं।



मौलिकता बहुत महत्वपूर्ण है और राहुल का मानना है कि नेतृत्वकर्ता के रूप में अपने छोटे से कार्यकाल में उन्होंने अपनी पहचान बनाए रखने का प्रयास किया और टीम के अन्य सदस्यों को उनकी व्यक्तिगत पहचान बनाए रखने दी। राहुल से जब यह पूछा गया कि क्या उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नक्शेकदम पर चलने का प्रयास किया है तो उन्होंने कहा, मैं वहां जाकर कुछ और नहीं बन सकता। तब मैं स्वयं के लिए, टीम के लिए या खेल के प्रति निष्पक्ष नहीं रहूंगा। मैं कोशिश करता हूं कि मैं वही रहूं जो मैं हूं और अन्य खिलाड़ियों को वैसा ही रहने दूं जैसा वे चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं इन लोगों (धोनी) के साथ अपनी तुलना भी नहीं कर सकता, उन्होंने देश के लिए जो किया है उसकी उपलब्धि कहीं अधिक है और मुझे नहीं लगता कि कोई नाम उनके समान लिया जा सकता है। चोट के बाद टीम में वापसी कर रहे खिलाड़ियों के बारे में राहुल ने कहा, मैं, कुलदीप और दीपक (चाहर), हम सभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे (रिहैबिलिटेशन के लिए) और सभी इस श्रृंखला की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे पता है कि उन्होंने अच्छी तैयारी की है और वे जानते हैं कि उन्हें क्या करने की आवश्यकता है। कुलदीप और चाहर वापसी कर रहे हैं लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मोहम्मद सिराज पिछले छह महीनों से एकदिवसीय ढांचे का हिस्सा हैं। राहुल ने कहा, आवेश, सिराज और प्रसिद्ध आईपीएल की शुरुआत से ही लगातार खेल रहे हैं। यह उनके शरीर के प्रबंधन और रणनीतियों से जुड़ा है इसलिए उनके साथ बैठकर बात करने की जरूरत है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच बने चंद्रकांत पंडित

**भाषा ।** नई दिल्ली

**भारत के** प्रतिष्ठित घरेलू कोच चंद्रकांत पंडित को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। पंडित ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेंगे जो अब इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच हैं। भारतीय घरेलू सर्किट में सबसे प्रतिष्ठित कोच में से एक पंडित के मार्गदर्शन में हाल में मध्य प्रदेश ने अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था। इससे पहले वह मुंबई और विदर्भ के साथ कई बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत चुके हैं। घरेलू टीमों के साथ शानदार काम करने के लिए पहचाने जाने वाले भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पंडित की यह शीर्ष स्तर पर पहली बड़ी जिम्मेदारी होगी। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि चंदू (चंद्रकांत पंडित) हमारी यात्रा के अगले चरण में हमारा नेतृत्व करने के लिए नाइट राइडर्स परिवार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, वह जो करते हैं उसके प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और घरेलू क्रिकेट में सफलता का उनका रिकॉर्ड सभी के सामने है। हम अपने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उनकी अच्छी साझेदारी की उम्मीद कर रहे हैं। नई चुनौती को स्वीकार करते हुए पंडित ने कहा, मैंने नाइट राइडर्स से जुड़े रहे खिलाड़ियों और अन्य लोगों से यहां की पारिवारिक संस्कृति और सफलता की परंपरा के बारे में सुना है। उन्होंने कहा, मैं सहयोगी कर्मचारियों और टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों के स्तर को लेकर उत्साहित हूं और मैं पूरी विनम्रता तथा सकारात्मक उम्मीदों के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। साठ साल के पंडित ने 80 के दशक के मध्य से लेकर 90 के दशक की शुरुआत तक भारत के लिए पांच टेस्ट और 36 एकदिवसीय मैच खेले। पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में पंडित ने कहा था कि आईपीएल के शुरुआती वर्षों में उनकी एक बार केकेआर के मालिकों में शामिल शाहरुख खान के साथ बैठक हुई थी लेकिन तब उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि वह सहायक कोच के रूप में सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं।

## ब्राजील-अर्जेंटीना विश्व कप क्वालीफायर रद्द करने पर राजी फीफा

**साओ पाउलो ( एपी ) ।** ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच विश्व कप का निलंबित क्वालीफाइंग मैच अब नहीं होगा। दोनों देशों के फुटबॉल संघ ने मैच रद्द करने का समझौता फीफा के साथ होने के बाद यह ऐलान किया। दोनों टीमें क्वालीफायर नहीं खेलने के लिए जुर्माना भरने पर राजी हो गई। सितंबर में यह मैच शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही रोकना पड़ा था जब ब्राजील के स्वास्थ्य अधिकारी यह कहकर मैदान में आ गए थे कि अर्जेंटीना के चार खिलाड़ियों ने कोरोना प्रोटोकॉल तोड़ा है। फीफा यह मैच अगले महीने कराना चाहता था लेकिन ब्राजील और अर्जेंटीना दोनों कतर में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं तो यह मैच औपचारिकता मात्र रह गया था।

## क्विक न्यूज

### मास्टरकार्ड ने की प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ की साझेदारी

**कानपुर।** मास्टरकार्ड ने आज लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, सात्विकसाईराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी को भारत में अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। प्रतिष्ठित थॉमस कप 2022 और बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के विजेता रह चुकेए यह नये एम?बेसेडर्स भारत में डिजिटल भुगतान की सुरक्षाए और सहूलियत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये मास?टरकार्ड के साथ साझेदारी करेंगे। बीते वर्षों में, भारत में खेलों के परिदृश्य में तेजी से विविधता आई है और मास?टरकार्ड ने भारत के खेल उद्योग के विकास के साथ.साथ बैडमिंटन के क्षेत्र में कदम रखा है। इसी साल की शुरुआत मेंए मास?टरकार्ड ने गोल?फर्स के अपने अग्रणी पैनल को बढ़ाने के लिये शिव कपूर को साइन किया थाए जिसमें अनिर्बन लाहिरी ब्राण्ड एम्बेसेडर के तौर पर शामिल हैं। मास्टरकार्ड ने दुनियाभर में टेनिस से लेकर क्रिकेट और फुटबॉल से लेकर ई.स्पोर्ट्स तक खेलों में काफी निवेश किया है और अब इस सूची में बैडमिंटन भी जुड़ गया है।

### पीएसएल और आईपीएल की तारीखों में 2025 में होगा टकराव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की चैंपियन्स ट्रॉफी के आयोजन के अलावा व्यस्त घरेलू सत्र के चलते 2025 में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तारीखों में टकराव की पूरी संभावना है। आईपीएल की ढाई महीने की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) मार्च से शुरू होकर जून की शुरुआत तक चलती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को हालांकि अपनी टी20 लीग के 10वें सत्र को जनवरी-फरवरी के नियमित समय के बाद मार्च और मई के बीच आयोजित करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है क्योंकि देश को फरवरी 2025 में चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करनी है। यह पहली बार होगा जब लुभावने आईपीएल के दौरान किसी टी20 लीग का आयोजन होगा।

### सिमोन एशिया पैसेफिक कप में भाग लेंगी दो भारतीय टीम

**जकार्ता।** पिछले महीने नीदरलैंड में शीर्ष तीन में रहने वाली वाणी कपूर सहित दीक्षा डागर, अमनदीप द्राल और गौरिका विश्नोई यहां 750,000 अमेरिकी डॉलर इनामी सिमोन एशिया पैसिफिक कप में भारत की अगुवाई करेंगी। अपनी तरह की यह विशिष्ट प्रतियोगिता तीन दिन तक पॉन्डोक इंडाह गोल्फ कोर्स में खेली जाएगी। इसी गोल्फ कोर्स में गगनजीत भुल्लर ने तीन सप्ताह पहले मैंडीरी इंडोनेशियाई ओपन जीतकर खिताब का लंबा इंतजार खत्म किया था। भारत सिमोन एशिया पैसिफिक कप में दो टीम उतारेगा। इनमें एक टीम दीक्षा और गौरिका की जबकि दूसरी टीम अमनदीप और वाणी की होगी। प्रतियोगिता में कुल 22 टीम भाग ले रही है। प्रत्एक टीम में दो-दो खिलाड़ी शामिल है। भारत उन देशों में शामिल है जिसे दो टीम उतारने की अनुमति दी गई है। भारत के अलावा जापान, कोरिया और थाईलैंड की भी दो टीमें भाग ले रही हैं जबकि मेजबान इंडोनेशिया को तीन टीम उतारने की अनुमति दी गई है।

### विश्व चैम्पियनशिप से पहले दहिया के रूस में अभ्यास को मंत्रालय की मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय अगले महीने सर्बिया में होने वाली विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया की रूस में तैयारी का खर्च उठाएगा। मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत दहिया की रूस के ब्लादिकावकाज में तैयारी को मंजूरी दी है।तोक्यो ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में रजत पदक विजेता दहिया आज रात रवाना होंगे। उनके साथ कोच अरूण कुमार, अभ्यास साझेदार साहिल और फिजियो मुनीश कुमार भी जाएंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उनकी यात्रा, वीजा, रहने का खर्च टॉप्स के तहत वहन किया जाएगा। यह शिविर 29 दिन चलेगा और उसके बाद दहिया सर्बिया के बेलग्रेड में विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। बर्मिंघम में हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भी दहिया ने बुल्गारिया में विशेष अभ्यास शिविर में भाग लिया था और बुल्गारिया, तुर्की और मंगोलिया में प्रतियोगिताओं में खेले थे।

### गल्फ जाइंट्स ने यूएई आईएलटी20 के लिए 14 सदस्ईय टीम घोषित की

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा) गल्फ जाइंट्स ने जनवरी और फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 (आईएलटी20) के लिए टीम की घोषणा की। पहले सत्र में छह टीम हिस्सा लेंगी जिसमें अडानी स्पोर्ट्स लाइन की फ्रेंचाइजी गल्फ जाइंट्स भी शामिल है। जाइंट्स की टीम में क्रिस जोर्डन, क्रिस लिन, डेविड वाइसी, टॉम बेंटन और शिमरोन हेटमायर जैसे टी20 क्रिकेट के कुछ बड़े नाम शामिल है। जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान और 2010 में आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के कोच एंडी फ्लावर को टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्लावर को कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह हाल में आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जाइंट्स के भी कोच थे।

### पाकिस्तान ने नीदरलैंड को पहले वनडे में 16 रन से हराया

**रोटरडम (एपी)।** पाकिस्तान ने धीमी शुरूआत से उबरते हुए पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को 16 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और चार ओवर में तीन ही रन बन सके। छह ओवर के बाद स्कोर एक विकेट पर 10 रन था जब विवियन किंग्मा ने इमामुल हक (दो) को पगबाधा आउट किया। सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 109 गेंद में 109 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। जमां और कप्तान बाबर आजम (85 गेंद में 74 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। शादाब खान ने 28 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसकी मदद से पाकिस्तान ने छह विकेट पर 314 रन जोड़े। नीदरलैंड के लिए तेज गेंदबाज बास डि लीड ने 10 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में नीदरलैंड ने आठ विकेट पर 298 रन बना लिए थे। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 60 गेंद में 71 रन बनाकर नाबाद रहे।

# नौ अक्टूबर से पहले होंगे हॉकी इंडिया के चुनाव

● **हॉकी विश्व कप को खतरा नहीं**

**भाषा ।** लुसाने

**अगले साल** होने वाले पुरूष विश्व कप की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता पर लगभग विराम लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और प्रशासकों की समिति ने हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर से पहले कराने तथा संशोधित संविधान का अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा करने पर सहमति जताई है। एफआईएच के प्रतिनिधिमंडल ने सीओए, खेल मंत्रालय और विश्व कप की मेजबान ओडिशा सरकार के आला अधिकारियों से मुलाकात को सार्थक बताया। एफआईएच दल में कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद और सीईओ थियरी वील शामिल थे। बैठक के बाद एफआईएच और सीओए ने संयुक्त बयान में कहा , बैठक में एफआईएच द्वारा रखे गए दो अहम मसलों पर सीओए ने जवाब दिया। पहला हॉकी इंडिया के संशोधित संविधान का पहला मसौदा आज एफआईएच को सौंपा गया। इसके साथ ही अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया , इसके साथ ही हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर 2022 से पहले कराने का फैसला आपसी सहमति से किया गया। हॉकी इंडिया के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर अहमद ने कहा , हम अदालत को तीसरा पक्ष नहीं मानते और हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं। हमारा मानना है कि अदालत का फैसला दखल नहीं है।

सीओए सदस्य अनिल दवे ने कहा , एफआईएच दल से बातचीत बेहद सकारात्मक और उत्साहवर्धक रही। खेल की भावना और खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर भारत में हॉकी के सुचारू संचालन के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने पर सहमति बनी। इससे पहले कल एफआईएच दल ने खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी से भी मुलाकात की थी। वहीं ओडिशा के खेल सचिव सह आयुक्त विनील कृष्णा ने एफआईएच दल को भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरूष हॉकी विश्व कप की तैयारियों से अवगत कराया। एफआईएच और सीओए दल सात सितंबर को भुवनेश्वर और राउरकेला का दौरा करेगा जिसके एक दिन बाद भुवनेश्वर में विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ निकाला जाएगा। विश्व कप 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच खेला जाएगा। एफआईएच ने पिछले महीने सीओए से संशोधित संविधान लागू करने और हॉकी इंडिया के ताजा चुनाव कराने संबंधी सिलसिलेवार ब्यौरा मांगा था। ऐसी आशंका थी कि हॉकी इंडिया अगर खेल कोड के अनुरूप संविधान तुरंत लागू नहीं करता है तो भारत को 13 से 29 जनवरी तक होने वाले विश्व कप की मेजबानी गंवानी पड़ सकती है।



उत्तरी-दक्षिणी ओपेन टेनिस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स का शॉट रोकतीं ब्रिटेन की इमा

# अगले चक्र में 38 टेस्ट, 42 वनडे और 61 टी20 खेलेगा भारत

● **पाकिस्तान से कोई श्रृंखला नहीं होगी**

**भाषा ।** नई दिल्ली

**भारतीय पुरुष** टीम आईसीसी के भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के तहत अगले पांच साल में यानी मई 2023 से अप्रैल 2027 के बीच 141 द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम पांच साल में 38 टेस्ट, 42 वनडे और 61 टी20 मैच खेलेगी। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली जाएगी। इस दौरान 12 सदस्य देश 777 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे जिनमें 173 टेस्ट, 281 वनडे और 323 टी20 मैच शामिल है। मौजूदा सत्र में टीमों ने 694 मैच खेले हैं। इस चक्र में आईसीसी की दो पुरूष टेस्ट चैम्पियनशिप, आईसीसी टूर्नामेंट और द्विपक्षीय और तीन देशों की श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी चार मैचों की बजाय पांच मैचों की हो गई है।

भारतीय टीम इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारत को जुलाई अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला जनवरी से मार्च 2024 के बीच होगी। आस्ट्रेलियाई टीम पूर्व चक्र के कार्यक्रम के तहत अगले साल की शुरूआत में भारत में चार टेस्ट खेलेगी। भारतीय टीम 2024 . 25 में आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट खेलेगी और 1991 के बाद यह पहली बार होगा। भारत सितंबर 2024 में दो टेस्ट के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। भारतीय टीम 2023 में 50 ओवरों के विश्व कप से पहले 27 वनडे खेलेगी।


### एलिसन रिस्के अमृतराज चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में एकल की अगुवाई करेंगी

**चेन्नई।** विश्व में 29वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी एलिसन रिस्के अमृतराज 12 से 18 सितंबर तक यहां होने वाले चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट में एकल सूची की अगुवाई करेंगी। रिस्के अमृतराज के अलावा जिन खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश दिया गया है उनमें बेल्जियम की एलिस मर्टेंस, फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया और जर्मनी की तातजाना मारिया शामिल हैं। रिस्के अमृतराज की शादी स्टीफन अमृतराज के साथ हो रखी है जो कि भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी आनंद अमृतराज के पुत्र हैं। मारिया दो बच्चों की मां है।

# न्यायालय ने एआईएफएफ मामले की सुनवाई टाली

● **केंद्र ने कहा- फीफा से बातचीत जारी**

**भाषा ।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक टाल दी है चूंकि केंद्र ने कहा है कि भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने को लेकर फीफा से बातचीत जारी है। न्यायालय ने केंद्र से विश्व कप भारत में कराने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने के लिए जरूरी उपाय करने के लिए भी कहा। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड, ए एस बोपन्ना और जे बी परीदवाला की पीठ को सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार और प्रशासकों की समिति ने फीफा के साथ दो बैठकें की है और भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने के प्रयास जारी हैं।

उन्होंने मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा ताकि एआईएफएफ के सक्रिय पक्षों के बीच सहमति बन सके। मेहता ने कहा कि न्यायालय के यह कहने से काफी मदद मिलेगी कि सभी पक्ष मामले का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि अंडर 17 बच्चों के लिए यह बड़ा टूर्नामेंट है और उसे इसी से सरोकार है कि टूर्नामेंट भारत में हो। पीठ ने कहा कि कोई बाहरी इसमें दखल देगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



जर्मनी में आयोजित महिला साइकिल प्रतियोगिता के बाद पदक दिखाते विजेता

## गोकुलम केरल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा

# खेल मंत्रालय को फोन किया, ताशकंद में रुकने की अनुमति मिली

**भाषा ।** नई दिल्ली

**भारत पर** फीफा के प्रतिबंध के बाद से आशा और निराशा के बीच झूल रहे गोकुलम केरल महिला टीम के अध्यक्ष वी सी प्रवीण अपने भावी कदम पर विचार कर रहे थे क्योंकि उनके खिलाड़ी किसी दूसरे देश की यात्रा पर थे। उन्होंने खेल मंत्रालय से बात करने, प्रधानमंत्री को पत्र लिखने, प्रशासकों की समिति (सीओए) को इसमें शामिल करने और एशियाई फुटबाल परिसंघ से बातचीत के लिए समय लेने पर विचार किया। वह नहीं चाहते थे कि उनके खिलाड़ी ताशकंद से बिना खेले वापस लौटे और इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार थे। उनकी टीम भारत का पहला क्लब है जो कि एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में भाग ले रहा है। काफी विचार विमर्श करने के बाद प्रवीण ने फैसला किया कि उनके केरल से नई दिल्ली फोन करने के बजाए टीम को उज्बेकिस्तान की राजधानी से खेल मंत्रालय को फोन करना चाहिए। टीम मैनेजर ने खिलाड़ियों की मौजूदगी में ताशकंद से खेल मंत्रालय के अधिकारियों से बात की और उनकी भावुक अपील का फायदा भी हुआ। मंत्रालय के अधिकारियों ने तुरंत ही इस मसले को एएफसी के सामने रखा जिसने टीम को ताशकंद में 48 घंटे और रुकने की अनुमति दे दी। इसलिए टीम वापस लौटने के बजाय उस देश में ठहरी हुई है जहां वह बड़ी उम्मीदों के साथ गई। प्रवीण ने बुधवार को पीटीआई से कहा, यह भावनाओं को व्यक्त करने से जुड़ा मसला है। हमारा उनको फोन करना सही है लेकिन टीम का फोन करना अंतर पैदा करता है। इसलिए हमें लगा कि खिलाड़ियों को भी फोन पर होने वाली इस बातचीत का हिस्सा बनना चाहिए। मंत्रालय ने तुरंत ही इस पर कार्वाई करके एएफसी से संपर्क साधा। टीम मैनेजर के मंत्रालय से बात करने के दौरान जहां उनकी खिलाड़ी उनके साथ में थी वहीं क्लब के अध्यक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने का फैसला किया। उन्होंने पीएम को भारत पर फीफा के प्रतिबंध के कारण अपने खिलाड़ियों की स्थिति के बारे में अवगत कराया।